खबरों के 67 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com

पत्र नहीं मित्र

संपर्क करें jabdesh1@yahoo.com



# देशबन्धु



जबलपुर, बुधवार 01 नवम्बर 2023 । वर्ष –67 । अंक –352 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.

करवाचौथ आज

ICC CRICKET WORLD CUP INDIA 2023

**आज के मैच**
न्यूजीलैंड विरूद्ध साउथ अफ्रीका
समय - 2.00 दोपहर



अमृत कलश यात्रा समापन समारोह मोदी बोले

## देश की मिट्टी में वो चेतना है जिसने राष्ट्र को अनादिकाल से बचा कर रखा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित मेरी माटी मेरा देश अभियान की अमृत कलश यात्रा के समापन कार्यक्रम को संबोधित किया। देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों और वीरांगनाओं को नमन करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, आज लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर कर्तव्य पथ एक ऐतिहासिक महायज्ञ का साक्षी बन रहा है। 12 मार्च 2021 को गांधी जी की प्रेरणा से साबरमती आश्रम से शुरू हुए आजादी के अमृत महोत्सव का अब 31 अक्टूबर 2023 यानी आज सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर समापन का पल है। प्रधानमंत्री ने कहा-देश की मिट्टी में वो चेतना है जिसने राष्ट्र को अनादिकाल से बचा कर रखा।

**सूचना**
सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर
epaper.deshbandhump.com
वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

# हैकिंग अलर्ट पर सियासी बवाल

## विपक्षी नेताओं की जासूसी करवा रही सरकार : राहुल

**नई दिल्ली,( एजेंसियां )।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को सरकार पर जासूसी कराने का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष के नेताओं के फोन की टेपिंग हो रही है और उनके कार्यालय में भी इसी तरह की गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है लेकिन वह डरने वाले नहीं है और सरकार की नीतियों के खिलाफ लगातार आवाज उठाते रहेंगे।

श्री गांधी ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विपक्ष के नेताओं की जासूसी हो रही है और उनका कार्यालय भी इसकी जद में है। विपक्ष के नेताओं को एप्पल का नोटिस आया है जिसमें लिखा है कि सरकार द्वारा आपके फोन को हैक करने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस नेता ने कहा ये मैसेज मेरे ऑफिस के लोगों के साथ ही विपक्ष के कई नेताओं को आया है। हमारे पास इसकी पूरी लिस्ट है। सरकार अब विपक्ष के नेताओं की जासूसी कर रही है। राहुल ने कहा-जितना टेपिंग करना चाहिए, जितना फोन रिकॉर्ड करना चाहिए करें, हम पर इसका कोई फर्क नहीं पड़ता और इससे हम पीछे हटने वाले भी नहीं हैं।'

### इन नेताओं ने शेयर किए स्क्रीनशॉट्स

तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा, शिवसेना (उद्धव) प्रियंका चतुर्वेदी, कांग्रेस नेता शशि थरूर, कांग्रेस नेता पवन खेड़ा, कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी के ऑफिस वर्कर्स, एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी, आप सांसद राघव चड्ढा, सपा नेता अखिलेश यादव।

### एपल ने भी दिया स्पष्टीकरण

एपल कंपनी ने कहा, 'ऐसे हमलों का पता लगाना खतरे के खुफिया संकेतों पर निर्भर करता है जो अक्सर अपूर्ण और अधूरे होते हैं। यह संभव है कि एपल के खतरे संबंधी कुछ सूचनाएं गलत चेतावनी हो सकती हैं या कुछ हमलों का पता नहीं चल पाता।'

### कुछ की आलोचना करना आदत हो गई : अश्विनी

केंद्रीय संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, इस देश में हमारे कुछ आलोचक हैं जिनकी आलोचना करने की आदत हो गई है। ये लोग देश की उन्नति को पचा नहीं सकते। एप्पल ने 150 देशों में ये सूचना जारी की है। एप्पल के पास कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने अनुमान के आधार पर ये सूचना भेजी है।

# दमोह की पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 3 की मौत, 10 गंभीर



**दमोह देशबन्धु।** दमोह जिले में भयावह विस्फोट में 3 लोगों की जहां मौत हो गई वहीं दस घायल हुए हैं। यहां शहर के बीचोबीच संचालित अवैध फटाखा में अचानक बड़ा विस्फोट हो गया। विस्फोट इतना जबरदस्त था की पूरा मकान ही जमीदोज हो गया। मृतकों में दो महिलाएं भी है।

**दोपहर में हुआ भयानक विस्फोट**-दमोह शहर का बढ़ापुल इलाका उस समय थर्रा उठा जब अचानक दोपहर को शहर के बीच में चल रही अवैध फटाखा फेक्ट्री में जबरदस्त विस्फोट हुआ। मंगलवार को एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। लोग जब तक संभल पाते फैक्ट्री का मकान धराशायी हो गया। जिस वक्त ब्लास्ट हुआ उस वक्त फैक्ट्री में कई मजदूर काम कर रहे थे। मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने मलबे से घायलों को बाहर निकाला। राहत कार्य में खुद कलेक्टर मयंक अग्रवाल और एसपी सुनील तिवारी ने मोर्चा संभाला और घायलों को निकाला। घायलों को दमोह के जिला अस्पताल भेजा गया है। मरने वालो में फैक्ट्री का मालिक अभय गुप्ता भी शामिल है। फिलहाल कलेक्टर ने मामले की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। दीवाली का त्योहार नजदीक होने के कारण यहां

### शहर के बीचोबीच चल रही अवैध फटाखा फेक्ट्री

बढ़ी मात्रा में पटाखा निर्माण किया जा रहा था।

गंभीर रूप से घायल दो लोगों को जबलपुर भेजा गया है। रेस्क्यू के दौरान बड़ी मात्रा में बारूद होने की संभावना को देखते हुए मलबे पर पहले पानी भी डाला गया उसके बाद राहत कार्य शुरू हुआ। सबसे पहले टीम को फैक्ट्री मालिक का क्षत-विक्षत शव मिला। एक घंटे की मशक्कत के बाद मलबे से दो महिलाओं को निकला गया, जिनकी मौत हो चुकी थी।

### 40 साल पहले भी हुआ था विस्फोट

स्थानीय निवासियों ने बताया की वंदना ट्रेडर्स के मालिक छुट्टन उर्फ अभय गुप्ता के मूल निवास स्थान जो की घटना स्थल के कुछ ही दूर पर स्थित है, में 1981 में भी विस्फोट हुआ था। तब भी दो-तीन लोगों की जान गई थी। स्थानीय लोगों का कहना है की शहर के बीचों बीच चल रहे बारूद के कारोबार की कई बार शिकायत की गई थी लेकिन प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया। यदि प्रशासन पहले से ही मुस्तैद होता तो आज तीन लोगों की जान नही जाती।

सुप्रीम कोर्ट में चुनावी चंदा पर हुई सुनवाई

# चुनावी बॉन्ड से हो रही घूसखोरी



**नई दिल्ली, ( एजेंसियां )।** राजनीतिक दलों को चंदा देने की चुनावी बॉन्ड व्यवस्था के खिलाफ याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के पहले दिन याचिकाकर्ता पक्ष ने जिरह की। याचिकाकर्ताओं की तरफ से प्रशांत भूषण और कपिल सिब्बल समेत दूसरे वकीलों ने इस व्यवस्था को अपारदर्शी बताया और इससे भ्रष्टाचार की आशंका जताई। बुधवार को इस पर सरकार जवाब देगी।

वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट के सामने कहा कि चुनावी बॉन्ड योजना दरअसल कॉर्पोरेट घरानों से रिश्वत लेने का एक तरीका है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के बारे में जानकारी के नागरिकों के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करती है।

शीर्ष अदालत के पिछले फैसलों का हवाला देते हुए भूषण ने कहा कि अगर नागरिकों को उम्मीदवारों के बारे में जानने का अधिकार है, तो उन्हें निश्चित रूप से यह भी जानने का अधिकार है कि राजनीतिक दल को कौन फंड कर रहा है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की एक संवैधानिक पीठ मामले की सुनवाई कर रही है।

### जनता के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन

उन्होंने बताया कि सरकार ने कंपनियों के लिए सालाना मुनाफे की 7.5 फीसदी की सीमा हटा दी है। इसका मतलब यह है कि घाटे में चल रही कंपनी या कोई व्यवसाय नहीं करने वाली कंपनी (शुद्ध शेल कंपनी) भी दान कर सकती है। उन्होंने अदालत में कहा, यह राजनीतिक दलों की फंडिंग के स्रोतों के बारे में जानकारी पाने के लोगों के अधिकार को खत्म करता है। यह अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत नागरिकों का मौलिक अधिकार है।

दिल्ली शराब घोटाला

# अब केजरीवाल से पूछताछ करेगी ईडी, नोटिस देकर 2 नवम्बर को बुलाया



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की भी मुश्किलें बढ़ गई हैं। ईडी ने उन्हें नोटिस भेजा है और 2 नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया है। ईडी ने दिल्ली की नई शराब नीति मामले में पूछताछ के लिए केजरीवाल को बुलाया है। इससे पहले केजरीवाल को सीबीआई ने अप्रैल महीने में पूछताछ के लिए बुलाया था।

ईडी आप नेता संजय सिंह पर भी शराब घोटाला मामले में कार्रवाई कर चुकी है। ईडी ने संजय सिंह को 4 अक्टूबर 2023 को दिल्ली शराब घोटाला मामले में अरेस्ट किया था। इससे पहले इस मामले में पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और आप नेता सतेंद्र जैन समेत और भी लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

### 'आप' को खत्म करने की साजिश : आप

वहीं, दूसरी ओर आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को इस बात की आशंका जतायी कि ईडी आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मामले में अरविंद केजरीवाल से पूछताछ करने के बाद दो नवंबर को उन्हें गिरफ्तार कर लेगा। पार्टी ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा, उसके शीर्ष नेताओं को जेल में डालकर पार्टी को खत्म करने की कोशिश कर रही है।

### खुद को खत्म कर रही 'आप' : भाजपा

भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने आबकारी नीति मामले पर कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की स्पष्ट सहमति के बिना इतना बड़ा घोटाला नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, आम आदमी पार्टी का आरोप है कि केंद्र सरकार उसे खत्म करने की कोशिश कर रही है जबकि असल में आप ही खुद को खत्म कर रही है।

# मणिपुर में फिर रक्तपात : पुलिस अधिकारी की गोली मारकर हत्या



**इंफाल।** मणिपुर में महीनों से जारी जातीय हिंसा के बीच मंगलवार को संदिग्ध उग्रवादियों की गोली लगने से एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई। यह घटना तब हुई जब मोरेह उप-विभागीय पुलिस अधिकारी चिंगथम आनंद सीमावर्ती शहर के पूर्वी मैदान में एक नवनिर्मित हेलीपैड का निरीक्षण कर रहे थे।

गोली लगने के बाद एसडीपीओ को मोरेह के एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तुरंत भर्ती कराया गया, जहां उमकी मौत हो गई। पुलिस ने उग्रवादियों को पकड़ने के लिए सर्च अभियान शुरू कर दिया है। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि वह आनंद की नृशंस हत्या से दुखी हैं। अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा।

### अब भी 50 हजार लोग विस्थापित

**अब तक 50 हजार से अधिक लोग हुए विस्थापित**-3 मई की हिंसा तेजी से पूरे राज्य में फैल गई। तब से राज्य में कम से कम 175 लोग मारे गए हैं और 50,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं।

चुनावी हलफनामे से हुआ खुलासा

## सारा अब्दुल्ला से तलाक ले चुके हैं सचिन पायलट



**जयपुर,( एजेंसियां )।** कांग्रेस नेता सचिन पायलट अपनी पत्नी सारा अबदुल्ला से तलाक ले चुके हैं। उनके चुनावी हलफनामे से यह खुलासा हुआ है। सारा अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कांफ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला की बेटी हैं। सचिन पायलट और सारा अबदुल्ला की शादी 2004 में हुई थी। 25 नवंबर को होने वाले राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया 30 अक्टूबर को शुरू हुई थी। मंगलवार को टोंक विधानसभा सीट से सचिन पायलट ने अपना नामांकन दाखिल किया तो उनके तलाकशुदा होने की बात सामने आई। चुनावी हलफनामे में जीवनसाथी के आगे तलाकशुदा लिखा है।

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो-** चुनावी नामांकन ने सचिन पायलट और सारा के तलाक का राजफाश कर दिया।

**चुहिया- हां प्रिये-** चुनाव हैं, कई दबे-छिपे राजों से पर्दा उठा देते हैं।

मराठा आरक्षण को लेकर आंदोलन हिंसक हुआ

# पुणे-मुंबई हाईवे जाम, धाराशिव में ट्रेन रोकी

**बीड, ( एजेंसियां )।** महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर शुरू हुआ आंदोलन हिंसक हो गया है। यह राज्य के मराठवाड़ा इलाके के 8 जिलों में फैल गया है। इनके अलावा पुणे, अहमदनगर में भी प्रदर्शन हो रहे हैं। मुंबई-पुणे एक्सप्रेस पर 6 किमी जाम लग गया। इन शहरों में आगजनी की घटनाएं सामने आई हैं।

बीड और माजलगांव के बाद मंगलवार को जालना के पंचायत बॉडी ऑफिस में आग लगा दी गई।

इसके पहले उमरगा कस्बे के नजदीक तुरोरी गांव में भी सोमवार देर रात आगजनी हुई। तुरोरी में प्रदर्शनकारियों ने कर्नाटक डिपो की एक बस में आग लगा दी थी। राज्य सरकार ने बुधवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है।

### सरकार ने आज सर्वदलीय बैठक बुलाई

उधर, इस आंदोलन से सबसे ज्यादा प्रभावित बीड शहर के बाद उस्मानाबाद में भी प्रशासन ने कर्फ्यू लगा दिया है। बीड में इंटरनेट बंद कर दिया गया है। वहीं, जालना शहर में भी पिछले 12 घंटों में तीन लोगों ने सुसाइड करने की कोशिश की। यहां भी पिछले 13 दिनों से प्रदर्शन जारी है। शिंदे सरकार विधानसभा का स्पेशल सेशन बुलाने पर विचार कर रही है। सके लिए कैबिनेट मीटिंग हो सकती है। इसमें मराठाओं को आरक्षण देने के लिए अध्यादेश लाया जा सकता है।

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर



A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

आबोहवा | वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, दिल्ली और 4 राज्यों को नोटिस

# घर से बाहर निकलना मुश्किल, आने वाली पीढ़ियों पर पड़ेगा असर



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** बिगड़ती वायु गुणवत्ता पर चिंता व्यक्त करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली और 4 पड़ोसी राज्यों से प्रदूषण रोकने के लिए उठाए गए कदमों पर रिपोर्ट देने को कहा है। वायु प्रदूषण से निपटने के लिए लागू किए गए उपायों का विस्तृत ब्यौरा देने के लिए दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान को एक सप्ताह का समय दिया गया है। न्यायमूर्ति एसके कौल की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ में न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति पीके मिश्रा शामिल हैं। अब इस मामले की सुनवाई 7 नवंबर को होगी।

कोर्ट ने कहा कि वायु प्रदूषण एक गंभीर मुद्दा है क्योंकि इसका आने वाली पीढ़ियों पर भारी असर पड़ेगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि दिल्ली में खराब वायु गुणवत्ता के कारण अब घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। पीठ ने कहा- कुछ दशक पहले दिल्ली में सर्दी का मौसम हुआ करता था। कोर्ट ने कहा कि दिल्ली में वायु प्रदूषण का एक मुख्य कारण फसल जलाना है। नासा के आंकड़ों से पता चलता है कि अपेक्षाकृत धुआं रहित अक्टूबर के बाद पंजाब में पराली जलाने में अचानक वृद्धि दर्ज की गई है। राज्य में रविवार को 1,068 खेतों में पराली जलाने की घटनाओं के साथ 740 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई - जो मौजूदा कटाई के मौसम में एक दिन में सबसे अधिक है।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन (सीएक्यूएम) को निर्देश दिया है कि समस्या कब शुरू हुई और वर्तमान जमीनी स्थिति पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करें। रिपोर्ट में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) जैसे पैरामीटर और खेतों में आग लगने की घटनाओं की संख्या शामिल हो। राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में वायु गुणवत्ता गिरकर गंभीर श्रेणी में आ गई है और कुछ और दिनों तक इसके बहुत खराब रहने की आशंका है।

पीठ ने कहा, "संबंधित राज्य यह बताते हुए एक हलफनामा दाखिल करें कि उन्होंने इस स्थिति को कम करने के लिए क्या कदम उठाए हैं। हम दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान को एक सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश देते हैं।" सीएक्यूएम ने दिल्ली में वायु गुणवत्ता बिगड़ने पर छह अक्टूबर को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सरकारी प्राधिकारियों से होटलों तथा रेस्त्रां में कोयले के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने और प्रदूषण फैला रहे उद्योगों तथा ताप विद्युत संयंत्रों के खिलाफ दंडात्मक कदम उठाने का निर्देश दिया था। सीएक्यूएम एक स्वायत्त निकाय है जिसे दिल्ली तथा आसपास के इलाकों में वायु गुणवत्ता में सुधार करने का काम दिया गया है।

# देश-विदेश

## चंद्रबाबू नायडू को मिली अंतरिम जमानत

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कौशल विकास मामले में राज्य के पूर्व सीएम और टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू को अंतरिम जमानत दे दी। हाई कोर्ट के वकील सुनकारा कृष्णमूर्ति ने कहा कि नायडू को चार सप्ताह के लिए उनके स्वास्थ्य जरूरतों की वजह से जमानत दी गई है। नायडू की ओर से पेश हुए वकीलों ने अदालत को सूचित किया कि उन्हें मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराना है। पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू कौशल विकास घोटाले में कथित संलिप्तता के लिए राजामहेंद्रवरम की केंद्रीय जेल में बंद थे। आरोप है कि इस कथित घोटाले की वजह से राजकोष को 300 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ था। नायडू को नौ सितंबर को गिरफ्तार किया गया था।

### गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी जानकारी

# अब तक 8,525 फिलिस्तीनी मारे गए

### मरने वालों में से 130 स्वास्थ्य कार्यकर्ता

**तेल अवीव, (एजेंसियां)।** गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि 7 अक्टूबर के हमास के हमलों के बाद से इजरायली सेना के हमलों में 8,525 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-कुद्रा ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि मरने वालों में से 130 स्वास्थ्य कार्यकर्ता थे। बयान में यह भी कहा गया कि 15 अस्पताल नष्ट हो गए।

बयान में कहा गया है कि कम से कम 32 स्वास्थ्य देखभाल केंद्र भी नष्ट हो गए और काम नहीं कर रहे हैं। गाजा के अल-शिफा अस्पताल ने कहा कि ईंधन की कमी के कारण, अस्पताल के जनरेटर बंद हो जाएंगे, जिससे एक बड़ी स्वास्थ्य आपदा होगी। शिफा अस्पताल के प्रवक्ता महदित अब्बास ने बताया कि 50,000 विस्थापित लोग शिफा अस्पताल में हैं। इजरायल का यह आरोप कि अस्पताल हमास लड़ाकों का ठिकाना है, पूरी तरह से झूठ और निराधार है। अब्बास ने आगे कहा, इजरायली सेना अस्पताल में छिपे लड़ाकों की एक भी तस्वीर जारी नहीं कर सकी। वे कल्पना और कृत्रिम बुद्धिमत्ता की दुनिया में गए, उसका समर्थन करने के लिए, जो उन्होंने अपनी कल्पना में खींची थी। अल-शिफा अस्पताल के प्रवक्ता ने दुनिया भर के पत्रकारों और अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस को भी अस्पताल का दौरा करने और खुद यह देखने के लिए आमंत्रित किया कि क्या अस्पताल पर लड़ाकों का कब्जा है। गौरतलब है कि इजरायल ने एक बयान जारी किया था कि गाजा पट्टी में अल-शिफा अस्पताल इजरायल को निशाना बनाकर हमास के आतंकी अभियानों के लिए प्रमुख ठिकानों में से एक था।

# एलओसी पर रहस्यमयी गोलीबारी से सेना परेशान

## सेना के लिए फिर बनने लगी न उगली जाए, न निगली जाए की स्थिति

### सीजफायर के 20 सालों में करीब 136 जवानों की मौत हुई

**सुरेश एस डुग्गर**

जम्मू, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। एलओसी पर जारी सीजफायर के बीच होने वाली रहस्यमयी गोलीबारी अर्थात स्नाइपर शाट की फिर से पाकिस्तान की ओर से शुरुआत होने से सेना परेशान हो उठी है। उसकी परेशानी इन घटनाओं में सीजफायर के 20 सालों में उसके 136 के करीब जवानों की हुई मौत है और उसकी हालत यह है कि वह इसके लिए किसी को दोषी ठहराने की स्थिति में इसलिए नहीं है क्योंकि अगर ऐसा करती है तो सीजफायर दांव पर लग जाता है।

पिछले हफ्ते दो सालों के अरसे के बाद कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में पाकिस्तानी स्नाइपरों द्वारा दागी गई गोली से सेना का एक जवान गंभीर रूप से जख्मी हो गया। यह कोई पहला मौका नहीं है जबकि एलओसी पर रहस्यमयी गोलीबारी से कोई जवान जख्मी हुआ हो या किसी जवान की मौत हुई हो। पिछले 20 सालों से जारी सीजफायर की अवधि में यह 137वीं घटना है और 136 जवान शहीद हो चुके हैं। जबकि वर्ष 2020 में तो जून के बाद 7 जवानों को सेना एलओसी पर खो चुकी है।

दरअसल इन रहस्यमयी गोलीबारी की घटनाओं के पीछे पाक सेना के वे निशानेबाज हैं जो स्नाईपर राइफलों से भारतीय जवानों को निशाना बना रहे हैं। कई बार फ्लैग मीटिंगों में भारतीय पक्ष द्वारा इस पर आपत्ति जताई जा चुकी है लेकिन हर बार पाक सेना ऐसी किसी गोलीबारी की घटना से इंकार कर चुकी है।

नतीजतन रहस्यमयी गोलीबारी, जिसके पीछे भारतीय पक्ष के मुताबिक पक्के तौर पर पाक सेना और उसके वे आतंकी पिट्ठू हैं जो सीमा के उस पार पाक सीमा चौकियों पर शरण लिए हुए हैं, से सेना परेशान हो उठी है। ऐसी दशा में सेना के पास ऐसी रहस्यमयी गोलीबारी की घटनाओं और घुसपैठ के बढ़ते दबाव से निपटने का एक ही रास्ता बचा है और वह यह है कि एलओसी पर जारी सीजफायर समाप्त हो जाए। एक सेनाधिकारी के बकौल:'सीजफायर ने पाक सेना को अपनी पोजिशनें मजबूत करने और घुसपैठ को कारगार ढंग से अंजाम देने का मौका दिया है।'

### गोलीबारी के पीछे पाक सेना के निशानेबाज

**2003 में हुआ था संघर्ष विराम समझौता** -वर्ष 2003 में जब दोनों मुल्कों के बीच संघर्ष विराम समझौता हुआ तो कुछ अरसे तक एलओसी तथा इंटरनेशनल बार्डर पर शांति बनी रही थी पर यह ज्यादा देर तक इसलिए नहीं टिक पाई क्योंकि पाकिस्तान की ओर से की जाने वाली रहस्यमयी गोलीबारी ने भारतीय जवानों की जानें लेनी आरंभ कर दी थी।

### ब्रिटेन में फिलिस्तीन का समर्थन करने वाले मंत्री हुए बर्खास्त

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन में इजराइल-गाजा युद्ध में युद्धविराम का आह्वान करने के बाद सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी के एक ब्रिटिश सांसद को मंत्री पद से बर्खास्त कर दिया गया है। विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी राज्य सचिव के सहयोगी पॉल ब्रिस्टो ने पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को एक पत्र लिखा था जिसमें उनसे इजराइल-हमास संघर्ष पर अपनी स्थिति बदलने का आग्रह किया गया था। ब्रिस्टो ने अपने पत्र में कहा कि पूर्ण युद्धविराम से जिंदगियां बच जाएंगी और मानवीय सहायता उन लोगों तक पहुंच सकेगी जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है।

### इस्राइल का गाजा पर दो तरफ से हमला

# हमास के चार कमांडरों समेत कई आतंकी ढेर, सुरंगें भी ध्वस्त



### हमास के कब्जे से बंधक महिला सैनिक को छुड़ाया

**तेल अवीव।** इस्राइली सेना ने उत्तरी गाजा पट्टी में जमीनी अभियान के साथ हवाई हमले भी बढ़ा दिए हैं। इस्राइली सैनिकों ने टैंक-बख्तरबंद गाड़ियों के साथ गाजा के मुख्य मार्गों व रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थानों पर मोर्चा संभाल लिया है।

उत्तरी-दक्षिणी गाजा पट्टी को जोड़ने वाले हाईवे पर भी टैंक तैनात हैं। गाजा पर दोतरफा हमले जारी हैं। वहीं, लेबनान में हिज्बुल्ला व सीरिया में ईरान समर्थित आतंकी समूह के ठिकानों पर भी बम बरसाए हैं।

इस्राइली सेना ने कहा, उसने गाजा के पूरब-पश्चिम से हमले किए हैं। लड़ाकू विमानों ने हमास के 600 से अधिक ठिकानों को निशाना बनाया है। इस्राइली सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने कहा, हम जमीन के रास्ते आगे बढ़ रहे हैं और सेना व आतंकियों में सीधी लड़ाई भी हो रही है। हमलों में चार शीर्ष कमांडर समेत दर्जनों आतंकी मारे गए हैं।

हमास के सेंट्रल कैंप में उसकी नौसेना का प्रमुख जमील बाबा, हमास की एंटी-टैंक इकाई का कमांडर मुहम्मद सफादी, इसी बटालियन का एक और कमांडर मुआमन हेगाजी और हमास के हथियार निर्माण मुख्यालय में वरिष्ठ कमांडर मुहम्मद अवदल्लाह शामिल है। हमास और इस्लामी जिहाद की वेस्ट बैंक के जेनिन में भी इस्राइली सेना से जंग जारी है। यहां 110 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं।

**सबसे बड़ी सहायता खेप पहुंची**- दीर अल-बलाह। इस्राइल-हमास युद्ध में अब तक सहायता की सबसे बड़ी खेप के साथ 3 दर्जन ट्रक गाजा में दाखिल हुए हैं। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने इस सहायता को अपर्याप्त बताया है। झड़प के चलते सामग्री नहीं बंट पा रही है।

**यह सीरिया को जवाब**-इस्राइल ने कहा कि सीरिया में ईरान समर्थित आतंकी समूह की तरफ से गोलन पहाड़ी पर रॉकेट दागे गए। जवाब में इस्राइली लड़ाकू विमानों ने दक्षिणी सीरिया में कई ठिकानों पर बम बरसाए। इसमें लॉन्चर समेत कई सैन्य बुनियादी ढांचे ध्वस्त हो गए। हमले में इराक की तरफ से पूर्वी सीरिया में प्रवेश कर रहे तीन ट्रक नष्ट हो गए। आतंकियों ने भी सीरिया में अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर रॉकेट दागे।

इस्राइली सेना ने गाजा में जमीनी सैन्य कार्रवाई के दौरान एक बंधक को छुड़ाने का दावा किया है। सेना ने कहा है कि हमास के कब्जे से जिस बंधक को मुक्त कराया गया है वह सैनिक है। 7 अक्तूबर को दक्षिणी इस्राइली कस्बों और शहरों पर हमले के दौरान हमास आतंकी 240 लोगों को बंधक बना ले गए थे, जिनमें कई सैनिक हैं।

### संयुक्त राष्ट्र ने जताई हवाई हमलों की आशंका

इधर, संयुक्त राष्ट्र और चिकित्सा कर्मचारियों ने अस्पतालों के करीब हवाई हमलों पर आशंका व्यक्त की, जहां हजारों फलस्तीनियों ने हजारों घायलों के साथ आश्रय मांगा है। राहत कर्मियों ने कहा कि गाजा पहुंचने वाला मानवीय सहायता का सबसे बड़ा काफिला अभी भी जरूरतों से काफी कम है।

गाजा में इंटरनेट, फोन सेवा धीरे-धीरे लौट रही है। तेल अवीव से विमान में सवार इजराइलियों की तलाश में भीड़ द्वारा दागेस्तान हवाईअड्डे पर धावा बोलने के बाद पुतिन ने बैठक बुलाई । हमास के हमले से आहत इज़रायली मीडिया , इज़रायल के संदेश का संचारक बन गया। बिडेन का कहना है कि युद्ध समाप्त होने के बाद मध्यपूर्व के नेताओं को दो-राज्य समाधान पर विचार करना चाहिए।

### मौसम विभाग ने दी जानकारी

# नवंबर भी थोड़ा गर्म रहने वाला है

### सामान्य से ऊपर रह सकता है न्यूनतम तापमान

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** अक्टूबर में ठंडक का एहसास होने लगा, लेकिन नवंबर का महीना कैसा बीतेगा? मौसम विभाग की मानें तो नवंबर में देश के ज्यादातर हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से ऊपर रह सकता है। इसका मतलब नवंबर थोड़ा गरम रह सकता है। मौसम विभाग ने कहा है कि उत्तर पश्चिम एवं पश्चिम मध्य भारत के कुछ इलाकों को छोड़कर देश के ज्यादातर हिस्सों में नवंबर में अधिकतम तापमान के सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने मंगलवार को कहा कि उत्तर पूर्वी मॉनूसन के तहत दक्षिण भारत के मुख्य क्षेत्र में 1901 के बाद छठी बार अक्टूबर में सबसे कम बारिश हुई है। मौसम विभाग ने यह भी कहा कि 1980 से 2022 के आंकड़ों से पता चलता है कि तमिलनाडु और आसपास के क्षेत्रों में उत्तर पूर्वी मॉनसून के तहत बारिश की शुरुआत में विलंब की प्रवृत्ति है।

### अक्टूबर में कम बारिश हुईं

आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उत्तर पूर्वी मॉनसून के तहत दक्षिण प्रायद्वीप के मुख्य क्षेत्र में 1901 के बाद अक्टूबर के महीने में छठी बार सबसे कम बारिश हुई है। दक्षिणी प्रायद्वीप में तटीय आंध्र प्रदेश के पांच उपमंडल, रायलसीमा, तमिलनाडु, पुडुचेरी, दक्षिणी कर्नाटक के अंदरुनी हिस्से और केरल शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जब-जब अल नीनो और हिंद महासागर डिपोल सक्रिय था तब-तब तमिलनाडु और उसके आसपास के इलाकों में अक्टूबर के महीने में कम बारिश दर्ज की गई है।

# पाकिस्तान के बलूचिस्तान में पुलिस स्टेशन पर अटैक, पुलिसकर्मियों समेत 5 की मौत

**बलूचिस्तान।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान क्षेत्र के नसीराबाद पुलिस स्टेशन हमला हुआ है। इस हमले में पुलिस कर्मियों समेत पांच लोंगो की मौत हो गई। पाकिस्तान की डॉन वेबसाइट के मुताबिक, केच जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) मोहम्मद बलूच ने कहा कि लगभग 20 उपद्रवियों ने बुधवार तड़के नसीराबाद पुलिस स्टेशन पर हमला किया।

डीपीओ बलूच ने कहा कि कांस्टेबल एस्सा और हसन ने हमलावरों को घेरने की कोशिश की, लेकिन गोलीबारी के दौरान एक कांस्टेबल मारा गया। उपद्रवियों ने पुलिस कर्मियों के हथियार भी छीन लिए। उन्होंने कहा कि भारी संख्या में पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद निरोधक दस्ता भी इस पूरे मामले की जांच कर रहा है। पुलिस अधिकारी ने खुलासा किया कि सुरक्षा कारणों से मजदूर पुलिस स्टेशन में रात गुजारते हैं।

इसी तरह का एक हमला 14 अक्टूबर को किया गया था, जिसमें अज्ञात बंदूकधारियों ने केच जिले में छह मजदूरों की गोली मारकर हत्या कर दी थी और कई घायल हो गए थे। तुरबत जिले का प्रशासनिक केंद्र है। यह हमला दिन के शुरुआती घंटों में हुआ था। उस वक्त हथियारबंद लोगों को एक गुट तुरबत के सैटेलाइट टाउन इलाके में एक आवास में घुस गया और मजदूरों पर अंधाधुंध गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। इस हमले के बाद अधिकारियों ने सुरक्षा के कारण मजदूरों को रात के दौरान पुलिस स्टेशनों में रहने का निर्देश दिया था।

बलूचिस्तान के कार्यवाहक मुख्यमंत्री अली मर्दन खान डोमकी ने मौतों पर अफसोस जताया और हमले निंदा की। उन्होंने कहा, दुनिया का कोई भी धर्म आतंकवाद की इजाजत नहीं देता। उन्होंने कहा कि मजदूरों की हत्या एक दुखद घटना है। इसमें शामिल तत्वों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा।


**न्यायालय तहसीलदार तहसील अनूपपुर, जिला अनूपपुर (मध्यप्रदेश)**
**रा.प्र.क्रं/..../अ-74/201**
**दिनांक 16/10/23**

नरेश कुमार गुप्ता पिता हीरालाल गुप्ता निवासी ग्राम अनूपपुर .......................आवेदक

बनाम

1. म.प्र. शासन
2. कविता केशरवानी पति नरेश कुमार गुप्ता निवासी अनूपपुर (म.प्र.) ............अनावेदक

(सार्वजनिक मियादी उद्घोषणा)

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय कलेक्टर जिला अनूपपुर (म.प्र.) के आदेश क्रमांक..../अ-21/2023 अनूपपुर दिनांक 21/9/23 एवं कार्या. अनुविभागीय अधिकारी अनूपपुर के पत्र क्र./री-1/एसडीओ/भू.वि./2012बी अनूपपुर दिनांक .... द्वारा अवेदक नरेश कुमार गुप्ता पिता हीरालाल निवासी अनूपपुर तहसील अनूपपुर जिला अनूपपुर (म.प्र.) द्वारा मौजा ग्राम अनूपपुर पटवारी हल्का अनूपपुर तहसील अनूपपुर जिला अनूपपुर (म.प्र.) के भूमि ख.नं. 431/3 रकवा 0.008 हे. भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में नरेश कुमार गुप्ता सा. देह के नाम अंकित भूमि दान विक्रय किये जाने के संबंध में अनुमति प्रदान किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदक द्वारा उक्त ग्राम की आवेदित भूमि वर्तमान में नरेश कुमार गुप्ता सा. देह के विधिक वारिसान या कोई भी दावेदार प्रकरण में नियत सुनवाई की तिथि 31/10/2023 को स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से तहसील अनूपपुर में समय 11.00 बजे उपस्थित होकर पक्ष समर्थन रखें। अन्यथा प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए गुण दोष के आधार पर कार्यवाही की जावेगी।

दिनांक 31/10/2023 **तहसीलदार अनूपपुर जिला अनूपपुर (म.प्र.)**

**कार्यालय संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

**भवन नामांतरण/हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सुभाष नगर महाराजपुर जबलपुर में भवन क्रमांक जूनियर एम.आई.जी.-08 श्री राजकुमार दुबे पिता श्री एच.पी. दुबे के नाम आवंटित है आवंटी श्री राजकुमार दुबे पिता श्री एच.पी. दुबे की मृत्यु दिनांक 21.08.2019 को हो गई है। आवंटी श्री राजकुमार दुबे पिता श्री एच.पी. दुबे द्वारा पत्नि श्रीमती रीता दुबे को मण्डल के साथ किये गये विक्रय विलेख में नामिनी नियुक्त किया गया था। उनकी पत्नि श्रीमती रीता दुबे पति स्व. श्री राजकुमार दुबे ने उक्त संपतित का नामांतरण स्वयं के नाम करने हेतु आवेदन संलग्न दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं उसके आधार पर संपत्ति के नामांतरण की कार्यवाही इस कार्यालय में प्रचलन में है यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त भवन/ भूखंड के हस्तांतरण/ नामांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि में किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर सुभाष नगर महाराजपुर जबलपुर स्थित भवन क्रमांक जूनियर एम.आई.जी.-08 श्रीमती रीता दुबे पति स्व. श्री राजकुमार दुबे के नाम हस्तांतरण/ नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/दावा मान्य नहीं होगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

र.नं. 1487

**नाम सुधार सूचना**

मैं सावित्री खैरवार पति कमलेश कुमार खैरवार उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम- चितरवई खुर्द, पोस्ट-खुटार, जिला सिंगरौली (म.प्र.) की निवासी हूं मेरी शपथ निम्नानुसार है:-

1. यह कि मैं शपथ पूर्वक कथन करती हूं कि मैं शपथकर्ती उपरोक्त पते की निवासी हूं।

2. यह कि मैं शपथ पूर्वक कथन करती हूं कि मेरा नाम आधार कार्ड में सावित्री खैरवार पति कमलेश कुमार खैरवार, पैन कार्ड में SAVITRI KHAIRWAR D/O BANSHMANI PRASAD, बैंक पासबुक में SAVITRI KHAIRWAR W/O KAMLESH KUMAR KHAIRWAR, NCL नोटिस में सावित्री कुमारी पुत्री बंशमणि प्र. खैरवार, खसरा में सावित्री कुमारी पिता बंशमणि खैरवार, दर्ज है उक्त सभी नाम एक ही महिला सावित्री खैरवार पति कमलेश कुमार खैरवार के ही नाम है।

सावित्री खैरवार
शपथकर्ती

**निविदा/नियुक्ति/जाहिरात**

**पश्चिम मध्य रेल**
**खुली निविदा, विद्युत (सामान्य शाखा)**
**निविदा क्रमांकः जबल/एल/टी क्र/17/2023R, दिनांकः 30.10.2023**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत सामान्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु आवेदन निर्धारित निविदा फार्म पर खुली निविदा आमंत्रित करता है। **निविदा सूचना क्रमांकः** जबल / एल/टी क्र/17/ 2023R दिनांकः 30.10.2023, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** जबलपुर मंडल - अमृत भारत स्टेशन योजना के संबंध में 15 स्टेशनों पर साइनेज का, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत रूपये में) : Rs.** 4,64,10,604.24, **निविदा फार्म की कीमत रूपयेः** 0.00/-, **कार्यालय का पता जहां टेन्डर फार्म खरीदा जा सकता हैः** वरि. मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य/जबलपुर, बयाना राशि रूपये : 3,82,100/-, **समापन अवधि (माह में):** 04 माह, **निविदा जमा करने का समय एवं तिथि (15.00 बजे तक):** 22.11.2023, **निविदा खुलने का समय एंव तिथि (15.30 बजे तक):** 22.11.2023, निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट "www.ireps. gov.in" उपलब्ध है। पूर्ण निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाइट से डाउन की जा सकती है।

**वरि. मंडल विद्युत अभियंता(सामान्य)/ पश्चिम मध्य रेलवे/जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ की मै, अपने पक्षकार जगदीश प्रसाद चौकसे पिता श्री बालगोविंद जी, निवास- धूमा, तहसील- लखनादौन जिला - सिवनी म.प्र. की ओर से उपरोक्त आम सूचना प्रेषित करता हूँ कि मेरे पक्षकार की पैत्रिक संपत्ति मौजा - मोहगांव, प.ह.नं. - 24, रा.नि.मं.- धूमा, तहसील-लखनादौन, जिला- सिवनी म.प्र. में डायवर्सन खसरा नं. 81/1, 82/1 जिसका रकवा 1.360 हेक्टेयर व 0.910 हेक्टेयर कुल- 2.270 हेक्टेयर, व्यावसायिक प्रयोजन के लिए जो कि, राजस्व रिकार्ड में दर्ज है । उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार द्वारा भारतीय स्टेट बैंक **SME** शाखा - सिविल लाईन, जबलपुर के पक्ष में उक्त संपत्ति ऋण/बंधक रखने का आवेदन किया था/हैं। यदि किसी किसी भी हितबद्व व्यक्ति, फर्म या वित्तीय संस्था, शासकीय या अर्द्वशासकीय संस्था को कोई आपत्ति हो अथवा उक्त संपत्ति से संबंधित किसी न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण की कोई जानकारी हो तो मय विधिमान्य दस्तावेजों के प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर, मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी, न ही बंधनकारी रहेगी।

**प्रवीण कुमार जैन (एड.)**
**मो.: 8103903564**

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ की मै, अपने पक्षकार अजय कुमार चौकसे पिता श्री जगदीश प्रसाद चौकसे, निवास- धूमा, तहसील- लखनादौन, जिला - सिवनी म.प्र. की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर उपरोक्त आम सूचना प्रेषित करता हूँ कि मेरे पक्षकार की पैत्रिक संपत्ति मौजा - मोहगांव, प.ह.नं. - 24, रा.नि.मं.- धूमा, तहसील-लखनादौन, जिला - सिवनी म.प्र. में जिसका डायवर्सन खसरा नं. 103/7 जिसका कुल रकवा 0.400 हेक्टेयर, व्यावसायिक प्रयोजन के लिए राजस्व रिकार्ड में दर्ज है, उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार द्वारा भारतीय स्टेट बैंक **SME** शाखा - सिविल लाईन, जबलपुर के पक्ष में उक्त संपत्ति ऋण/बंधक रखने का आवेदन किया था/हैं। यदि किसी किसी भी हितबद्व व्यक्ति, फर्म या वित्तीय संस्था, शासकीय या अर्द्वशासकीय संस्था को कोई आपत्ति हो अथवा उक्त संपत्ति से संबंधित किसी न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण की कोई जानकारी हो तो मय विधिमान्य दस्तावेजों के प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर, मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी, न ही बंधनकारी रहेगी।

**प्रवीण कुमार जैन (एड.)**
**मो.: 8103903564**

**म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड**
**कार्यालय का नाम : कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) दक्षिण संभाग कटनी** 1912
फोन नं.-07622-299992, ईमेल- eesouthkatni@gmail.com

**विद्युत प्रदाय बंद रहने की सूचना**

म.प्र. पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमि. द्वारा नवीन लाईन का कार्य किया जा रहा है जिस हेतु निम्नलिखित फीडर परमिट होने के कारण विद्युत प्रदाय बंद रहेगा।

| 33/11 के.व्ही. फीडर का नाम | दिनांक | समय | प्रभावित क्षेत्र | संबंधित अधिकारी का नाम | मोबाइल नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|
| बहोरीबंद द्वितीय फीडर | 02/11/2023 | सुबह 08 बजे से दोपहर 02 बजे तक | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र, बहोरीबंद, बाकल सिहुड़ी पाटन से निकलने वाले 11 के.व्ही. फीडर से विद्युत प्रदाय होने वाले समस्त निम्नदाब उपभोक्ता | श्री कृष्ण मोहन<br>श्री चंचल गुप्ता | 9425806213<br>7007648211 |
| माईकोलिफ्ट प्रथम फीडर | | | 33 के.व्ही. माईकोलिफ्ट प्रथम फीडर से विद्युत प्रदाय होने वाले उच्चदाब उपभोक्ता | | |
| माईकोलिफ्ट द्वितीय फीडर | | | 33 के.व्ही. माईकोलिफ्ट द्वितीय फीडर से विद्युत प्रदाय होने वाले उच्चदाब उपभोक्ता | | |
| पड़वार फीडर | | | 11 के.व्ही. पड़वार घरेलू एवं कृषि फीडर से विद्युत प्रदाय होने वाले समस्त निम्नदाब उपभोक्ता | | |

नोट :- विद्युत प्रदाय बंद रहने की समयावधि आवश्यकतानुसार बढ़ाई या घटाई जा सकती है।
विद्युत संबंधी सभी शिकायत के निराकरण हेतु 1912 नि:शुल्क नं. पर दर्ज करावें।

**(हस्ता. इंजी. व्ही.के. सिंह)**
**कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) दक्षिण संभाग**
**म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. कटनी**

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार दिशा नागदेव पति श्री नरेश नागदेव निवासी-15, गुजराती कालोनी, बल्देवबाग जबलपुर के द्वारा शशांक पाण्डेय पिता स्व. रामकिशोर पाण्डेय, निवासी 2582 ईस्ट घमापुर, लालमाटी जबलपुर का स्वअर्जित मकान जो कि मौजा लमती, नं.बं. 642, प.ह.नं. 17. दादा ठनठन पाल वार्ड नं. 72 तह. गोरखपुर व जिला जबलपुर वर्तमान खसरा नंबर 3 / 1 जो खसरा नंबर 5/6 मे शामिल का भाग प्लाट नंबर 1 कुल रकवा (15×50 = 750) वर्गफुट जिसमे निर्मित तल मंजिल 700 वर्गफुट एवं प्रथम मंजिल 700 वर्गफुट पर बना हुआ मकान है, शेष भूमि रिक्त है, को शशांक पाण्डेय से उक्त मकान क्रय करने का सौदा पक्का कर अनुबंध कर लिया है और निकट भविष्य में उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र निष्पादित होना है, यदि उक्त संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति, फर्म, बैक या संस्थान को कोई आपत्ति हो तो 10 दिवस के अंदर मय दस्तावेजों सहित मेरे कार्यालय में उपस्थित हो कर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। उक्त अवधि के पश्चात मेरा पक्षकार विक्रय पत्र निष्पादित करा लेगा, बाद मे कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

जबलपुर, दिनांक -26/10/2023

**जितेन्द्र तिवारी (अधिवक्ता)**
**म.प्र. हाईकोर्ट जबलपुर**
**आफिस/निवास- 177, संगम कालोनी, बल्देवबाग जबलपुर म.प्र.**
**मो.नं.-9425157624**

र.नं. 1489

**आम सूचना**

सर्वसाधारण / आम को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती निशा पटेल पति श्री अखिलेश कुमार पटेल निवासी प्लाट नं. 151, जे. एम. इन्क्लेव-।।। धनवंतरी नगर, महाराणा प्रताप वार्ड, जबलपुर म.प्र. आधार नं. 8653 6603 3459 ने संपत्ति /मकान भूमि मौजा पुरवा न.बं. 281/162, प.ह.नं. 28/33 नया 07 (पुराना गढ़ा वार्ड) नया महाराणा प्रताप वार्ड तहसील व जिला जबलपुर (म.प्र.) में स्थित डायवर्टेड भूमि खसरा नं. 28/3 एवं 28/4 का भाग पर स्वीकृत जे. एम. इन्क्लेव फेस-3 के ले आउट का प्लाट नं. 154 कुल प्लाट रकवा 814 वर्गफुट (75.62 वर्गमीटर) जिस पर निर्मित एरिया 700 वर्गफुट (65.03 वर्गमीटर) पर बना पक्का आर. सी. सी. स्लैब का मकान को क्रय करने का अनुबंध लवली राजपूत पिता राजेन्द्र प्रसाद पति श्री प्रदीप चौधरी राजपूत निवासी डी, 1004 आनंद इलिफ ट्गार्ड अण्डर ब्रिज वैष्णो देवी से जिंदल सर्किल के पीछे, दिवाली एलेजेंस एस.पी. रिंग रोड वैष्णो देवी सर्किल अहमदाबाद सिटी गुजरात 382470 आधार नं. 6853 3901 3918 तय किया है और निकट भविष्य में उक्त संपत्ति की रजिस्ट्री होना है अत: उक्त संव्यवहार में यदि किसी व्यक्ति /संस्थान को कोई भी आपत्ति हो तो प्रकाशित तिथि से 10 दिन की समयावधि में मेरे कार्यालय में आकर कार्यालयीन समय में अपनी आपत्ति दर्ज करावे समयावधि बीत जाने के बाद किसी भी प्रकार की आपत्ति ग्राहय नहीं होगी और मेरी पक्षकार संपत्ति की रजिस्ट्री अपने पक्ष में करा लेवेंगी।

जबलपुर, दिनांक -31/10/2023

**रामप्रवेश शर्मा (अधिवक्ता)**
**म.प्र. हाईकोर्ट जबलपुर**
**निवास- सुभाष नगर गोहलपुर, जबलपुर म.प्र.**
**मो.नं.-7692097807**

र.नं. 1490

**नाम परिवर्तन सूचना**

मै PINNAMANENI SHRIKANT RAO निवासी HOUSE NUMBER 1188, MODI BADA, NEAR DURGA TEMPLE SADAR, CANTONMENT, JABALPUR, M. P. 482001 कथन करता हूँ कि मेरे पासपोर्ट नं L9925486 में मेरा नाम PINNAMNENI SHRIKANT RAO पिता PINNAMNENI PRAKASH RAO लिखा है जिसे मैने बदलकर PINNAMANENI SHRIKANT RAO पिता PINNAMNENI PRAKASH RAO कर दिया है।

अत: मुझे PINNAMANENI SHRIKANT RAO पिता PINNAMNENI PRAKASH RAO नाम से जाना व लिखा जावे।

पूर्व नाम-PINNAMNENI SHRIKANT RAO पिता PINNAMNENI PRAKASH RAO

परिवर्तित नाम-PINNAMANENI SHRIKANT RAO पिता PINNAMNENI PRAKASH RAO

र.नं. 1484

**नाम सुधार सूचना**

मैं दशरथ दास बैरागी पिता श्री जी.डी. बैरागी निवासी एच.एन. 2034/ डी-12, आशीर्वाद होम्स बेदीनगर, मदनमहल जबलपुर म.प्र. निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मैं उपरोक्त पते पर स्थायी रूप से निवास कर रहा हूँ । मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम DASHARATH DAS BAIRAGI दर्शाया गया है। मेरे आधार कार्ड नंबर 238254186629 एवं पेन कार्ड नं.AILPB7930P में मेरा नाम DASHRATH DAS BAIRAGI दर्शाया गया है। यह कि DASHARATH DAS BAIRAGI एवं DASHRATH DAS BAIRAGI दोनों ही मेरे नाम है इनको एक ही माना समझा पढ़ा लिखा जाये एवं शासकीय अशासकीय दस्तावेजों भी लिखा पढ़ा जाये एवं दर्ज किया जाये। एवं DASHARATH DAS BAIRAGI के स्थान पर मेरा नाम DASHRATH DAS BAIRAGI दर्ज किया जाये।

# देश-प्रदेश

उवाच

## मोदी सरकार में नंबर एक की हैसियत में है अडानी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार में उद्योगपति अडानी नंबर एक की हैसियत में है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वही करते हैं जो अडानी कहते हैं। श्री गांधी ने कहा मोदी की आत्मा अडानी में है और उनकी ताकत अडानी के पास है। श्री मोदी वही करने को विवश होते है जो अडानी उनसे करवाना चाहते हैं। देश के सभी क्षेत्रों के उद्योगों पर अडानी का एकाधिकार है और वह आए दिन हर उद्योग पर कब्जा कर रहे है। कांग्रेस नेता ने कहा कि जैसे ही अडानी पर सवाल उठाए जाते हैं ईडी, सीबीडी सक्रिय हो जाती हैं लेकिन मोदी सरकार को समझ लेना चाहिए कि अब अडानी बच नहीं सकते। पूरे देश की और पूरे विपक्ष की निगाह अडानी पर है और सरकार का प्रयास लोगों को भटकाने का है।



मुख्यमंत्री ने चुनावी सभाओं में कांग्रेस नेताओं पर साधा निशाना, बोले-

## जय-वीरू लूट के माल के लिए झगड़ रहे



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पहले भी 2003 तक मिस्टर बंटाढार ने पूरे प्रदेश को लूटा और बर्बाद कर दिया और सवा साल में कमलनाथ ने भी प्रदेश को लूट का अड्डा बना दिया था। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस नेता अब पहचान भी छुपा रहें हैं।

श्री चौहान ने मंगलवार को जावद, गरोठ, जावरा, महिदपुर, सुसनेर, सांवेर और देपालपुर में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दिग्विजय-कमलनाथ को जय-वीरू जोड़ी कहा जा रहा हैं, लेकिन अभी जय-वीरू की जोड़ी में खटपट चल रही है। दोनों को दिल्ली बैठक में बुलाया गया है। दिग्विजय कह रहे थे कोई झगड़ा नहीं है। कांग्रेस के जय और वीरू आपस में झगड़ रहे हैं। जय और वीरू तो लूटते ही थे, उनका झगड़ा ही लूट के माल के लिए होता है। ये लोग कभी भी प्रदेश और जनता का भला नहीं कर सकते हैं। श्री चौहान ने कहा कि, कांग्रेस धन्य है, और सेठ कमलनाथ ने तो खूब चमत्कार किए, लेकिन उन्हें सेठ कहा तो वो चिढ़ गये।

### शिकारी आएगा, जाल बिछाएगा, लेकिन फंसना नहीं

श्री चौहान ने इन सभाओं में कहा कि, जंगल में शिकारी आता है, दाना डालता है, जाल बिछाता है और पक्षियों को पकड़कर ले जाता है। ऐसे ही कांग्रेसी आएगा, जाल बिछाएगा, लेकिन तुम जाल में मत फंसना। उन्होंने कहा कि, वैसे तो कांग्रेस की सरकार आएगी नहीं, लेकिन आ गई तो ना लाडली रहेगी और ना ही बहना रहेगी। उन्होंने कहा कि सवा साल में कमलनाथ ने गरीब बहनों के लड्डू तक छीन लिए थे। उन्होंने संबंल योजना, तीर्थ दर्शन योजना, बच्चों के लैपटॉप और साईकिलें भी छीन ली थी। इतना ही नहीं कमलनाथ ने तो कफन तक छीन लिया था। भाजपा सरकार गरीब परिवारों को अंतिम संस्कार के लिए 5 हजार रूपए देती थी। ये भी कमलनाथ ने बंद कर दिए। अब ये लोग फिर से नए-नए प्रलोभन दे रहें हैं, इनसे सावधान रहना।

कमलनाथ ने ट्वीट कर दिया जवाब-

## जय-वीरू ने ही किया था गब्बर के अत्याचार का हिसाब

**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया है। उन्होंने कहा कि शिवराज जी, जय और वीरु ने ही अत्याचारी गब्बर सिंह का हिसाब किया था। मध्य प्रदेश 18 साल से अत्याचार से त्रस्त है। अत्याचार के अंत का समय आ गया है। बाक़ी आप समझदार हैं।

### केंद्रीय नेतृत्व के दौरों को लेकर हुई दिल्ली में बैठक

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को सोमवार को पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा दिल्ली बुलाए जाने की खबरों को लेकर कमलनाथ ने कहा कि मध्य प्रदेश चुनाव के मद्देनजर पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के प्रदेश में दौरों को लेकर दिल्ली में बैठक हुई थी। कमलनाथ ने यहां संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के प्रदेश में दौरों को लेकर कल दिल्ली में बैठक हुई। बैठक में तीनों नेताओं के दौरे और सभाओं को लेकर विचार मंथन हुआ।

बागी नेताओं को कमलनाथ, दिग्विजय और सुरजेवाला कर रहे आश्वस्त

## संगठन में मिलेगी जगह, सरकार बनी तो निगम मंडलों में देंगे नियुक्तियां





**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने से नाराज नेताओं को मनाने के लिए कांग्रेस एक फार्मूले के तहत काम कर रही है। बागी नेताओं को आश्वस्त किया जा रहा है कि उन्हें फिलहाल संगठन में जगह दी जाएगी और सरकार बनने के बाद बागियों को मंडलों में नियुक्त किया जाएगा।

टिकट न मिलने से बागी करीब 30 से अधिक नेताओं ने निर्दलीय ताल ठोक दी है। इन्हें मनाने की जिम्मेदारी पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह व प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला को सौंपी है।

यह नेता अब तक धार से पूर्व सांसद गजेंद्र सिंह राजूखेड़ी के अलावा शुजालपुर से योगेन्द्र सिंह जौदार बंटी बना, निवाड़ी की रोशनी यादव, सोहागपुर से सतपाल पलिया और ग्वालियर ग्रामीण के केदार कंसाना को मनाने में सफल रहे हैं।

प्रदेश की जिन सीटों पर बागी कांग्रेस की परेशानी बढ़ा रहे हैं उनमें जोबट विधानसभा सीट से सुरपाल सिंह. सुरपाल सिंह ने निर्दलीय फार्म जमा किया है। इसी तरह बड़नगर से मोहन सिंह पलदूना, सुमावली से कुलदीप सिंह सिकरवार बसपा से चुनाव लड़ रहे हैं. भोपाल की उत्तर विधानसभा से नासिर इस्लाम व आमिर अकील, हुजूर से विनोद डागा, बैरसिया से जिला पंचायत सदस्य विनय मैहर ने भी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन जमा किया है।

कुल मिलाकर कांग्रेस की योजना है कि यदि नाराज नेता मान जाते हैं तो सरकार बनने पर निगम-मंडल और बोर्ड में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के करीब 90 पदों पर मंत्री दर्जा देकर उपकृत किया जाएगा। इसके अलावा आयोग, विकास प्राधिकरणों में भी ऐसे नेताओं को नियुक्ति दी जाएगी।

मुख्यमंत्री शिंदे ने किया बड़ा ऐलान

## मराठा को देंगे कुनबी जाति का दर्जा, जरांगे का अनशन खत्म



**मुंबई, एजेंसी।** मराठा आरक्षण आंदोलन के उग्र होते ही महाराष्ट्र सरकार का पूरा अमला हरकत में आ गया। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार सुबह आंदोलन के नेतृत्व कर रहे मनोज जरांगे पाटिल से फोन पर बातचीत की। उन्होंने आश्वासन दिया कि आरक्षण देने का वादा कानून की कसौटी पर खरा उतरेगा और सरकार कुनबी प्रमाणपत्र वितरण के संबंध में ठोस निर्णय लेगी। उन्होंने कहा कि मराठा समुदाय को कुनबी प्रमाण पत्र देने के संबंध में आज की कैबिनेट में ठोस निर्णय लिया जाएगा। सीएम एकनाथ शिंदे के आश्वासन के बाद मराठा आंदोलन के नेता मनोज जारांगे पाटिल ने सातवें दिन जल ग्रहण कर अनिश्तिकालीन अनशन को खत्म कर दिया। मनोज जरांगे अंतरवली सराती गांव में भूख हड़ताल पर बैठे थे। सोमवार को जरांगे की हालत बिगड़ गई थी, इसके बाद राज्य में प्रदर्शनकारी उग्र हो गए थे।

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार सुबह मराठा आरक्षण की मांग को लेकर अंतरवली सराती गांव में भूख हड़ताल पर बैठे नेता मनोज जारांगे पाटिल से फोन पर बात की। इस दौरान मुख्यमंत्री शिंदे ने जारांगे पाटिल के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। दोनों के बीच मराठा समुदाय को आरक्षण दिलाने को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। बातचीत के दौरान सीएम शिंदे ने कहा कि मराठा आरक्षण के मुद्दे को कानूनी तौर पर सुलझाना जरूरी है और इसके लिए सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। कोर्ट इस याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि महाराष्ट्र सरकार मराठा समुदाय को आरक्षण देने के लिए कानूनी उपाय कर रही है। उन्होंने कहा कि इस बार आरक्षण का आदेश कानून की कसौटी पर खरा उतरेगा और हमेशा के लिए रहेगा। इस बीच उग्र हो रहे मराठा आंदोलन के कारण मुंबई में मुख्यमंत्री आवास वर्षा सहित मंत्रालय के समक्ष राकांपा दफ्तर (अजीत पवार) और कई अन्य नेताओं के बंगलों पर सुरक्षा बढ़ाई गई है। सीएम एकनाथ शिंदे के अलावा डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़नवीस ने भी कुनबी मराठा को ओबीसी का दर्जा देने के संकेत दिया है। बताया जा रहा है कि आज की कैबिनेट मीटिंग में मराठा समुदाय को कुनबी प्रमाण पत्र देने के संबंध में फैसला लिया जाएगा।

इसके तहत मराठा समुदाय के लोगों को कुनबी जाति का दर्जा देकर पिछड़ा वर्ग में शामिल किया जा सकता है। मराठा समुदाय के लोगों का कहना है कि सितबंर 1948 तक निजाम का शासन खत्म होने तक मराठाओं को कुनबी माना जाता था और ये ओबीसी थे। इसलिए मराठा समुदाय के लोगों को फिर से कुनबी जाति का दर्जा दिया जाए और पिछड़ा वर्ग में शामिल किया जाए। बता दें कि मराठा आरक्षण के मुद्दे को कानूनी तौर पर सुलझाने के लिए सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में क्यूरेटिव पिटीशन दाखिल की है। इस याचिका को लेकर राज्य सरकार को सलाह देने के लिए विशेषज्ञों की तीन सदस्यीय समिति गठित की जा सकती है।

विजयवर्गीय ने कांग्रेस विधायक के बयान पर जताया ऐतराज, लगाया आरोप

## वोटों के लिए सामाजिक सद्भाव को दाव पर लगा रही कांग्रेस



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कांग्रेस विधायक रवि जोशी द्वारा दिए बयान पर ऐतराज जताया है और उन पर साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने का आरोप लगाया है। श्री विजयवर्गीय ने कहा कि खरगोन सांप्रदायिक दृष्टि से संवेदनशील है, यह जानते हुए भी विधायक रवि जोशी द्वारा यह कहना कि सरकार बन जाने दो फिर दंगों का हिसाब किया जाएगा, यह बताता है कि कांग्रेस पार्टी वोटों के लिए सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ने और शहर को हिंसा की आग में झोंकने से भी परहेज नहीं करती।

भाजपा महासचिव ने सवाल किया कि आखिर हिसाब करने की बात कहकर कांग्रेस विधायक किसे धमकी दे रहे हैं और किसे खुश करना चाहते हैं? कहीं यह उस दंगे को भड़काने की साजिश तो नहीं है, जिसकी आशंका कुछ समय पहले दिग्विजय सिंह ने जताई थी? उन्होंने कहा कि खरगोन में कांग्रेस पार्टी की सभा में कांग्रेस विधायक रवि जोशी अपने संबोधन में यह धमकी देते हैं कि कांग्रेस की सरकार बन जाने दो, फिर दंगों का हिसाब कर देंगे। वहीं, गाजा पट्टी में मारे गए हमास के आतंकियों को श्रद्धांजलि दी जाती है और 2 मिनट का मौन रखा जाता है। श्री विजयवर्गीय ने आरोप लगाया कि इजराइल में आतंकियों के हाथों मारे गए मासूमों के लिए कांग्रेस एक शब्द नहीं बोलती, लेकिन बर्बर आतंकियों की मौत पर दुख जताया जाता है। कांग्रेस का यह आचरण क्या ये नहीं बताता कि उसने वोट बैंक के लालच में, कुछ लोगों को खुश करने की कोशिश में हिंसा, आतंक, अलगाव, कट्टरता और बर्बरता के आगे घुटने टेक दिए हैं? सोनिया गांधी और राहुल गांधी को देश की जनता को यह बताना चाहिए कि तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस पार्टी कब तक आतंकियों का साथ देती रहेगी? श्री विजयवर्गीय ने आरोप लगाया कि चाहे सांप्रदायिक हिंसा हो या आतंकी हमला, कांग्रेस पार्टी हर घटना को तुष्टिकरण के चश्मे से देखती रही है।

## भोजपुर से भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्र पटवा का नामांकन स्थगित



**रायसेन, देशबन्धु।** भोजपुर विधानसभा क्षेत्र से मौजूदा विधायक सुरेंद्र पटवा का नामांकन फॉर्म स्थगित कर दिया गया है। चुनाव आयोग जांच के बाद बुधवार को इस बारे में अपना फैसला देगा।

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सुंदरलाल पटवा के भतीजे सुरेंद्र पटवा भोजपुर विधानसभा से विधायक हैं। भाजपा ने सुरेंद्र पटवा पर फिर भरोसा जताते हुए उन्हें रायसेन जिले की भोजपुर विधानसभा सीट पर प्रत्याशी बनाया है। सुरेंद्र पटवा ने दोनों शपथ पत्रों में अलग-अलग जानकारी दी थी। इस वजह से उनके फॉर्म को स्थगित कर दिया गया है। सुरेंद्र पटवा के फॉर्म पर अब बुधवार को ही फैसला होगा। इस बारे में चुनाव आयोग के विशेषज्ञों की टीम की राय ली जाएगी।

### चुनाव आयोग के विशेषज्ञों की राय के बाद आज होगा निर्णय

भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्र पटवा के नामांकन पर भाजपा के ही बागी गणेश मालवीय ने आपत्ति दर्ज कराई है। उन्होंने निर्वाचन अधिकारी चंद्रशेखर श्रीवास्तव के सामने 19 आपत्तियां दर्ज की गई थी। इनमें से तीन को स्वीकार कर लिया गया है। निर्वाचन आयोग के प्रोफार्मा में छेड़छाड़ के साथ ही आपराधिक जानकारी छिपाने का आरोप लगाया है। भोपाल और दिल्ली से आए वकीलों की बहस को सुनने के बाद भोजपुर के निर्वाचन अधिकारी ने बुधवार को 11 बजे तक सुनवाई का मौका दिया है। बताया जाता है कि शपथ पत्र में पांच साल की सालाना आय, चल-अचल संपत्ति दर्शानी थी। पटवा ने सिर्फ एक साल का ब्यौरा दिया है। वहीं उन्होंने अपने ऊपर चल रहे आपराधिक मामलों का विस्तृत ब्यौरा भी नहीं दिया है।

## कॉलेज में घुसकर प्रोफेसर को मारी गोली

**पटना/सीतामढ़ी, देशबन्धु।** सीतामढ़ी जिले के श्री राधा कृष्ण गोयनका कॉलेज में घुसकर अपराधियों ने प्रोफेसर को गोली मार दी है। जख्मी प्रोफेसर को इलाज के लिए सीतामढ़ी शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रोफेसर का नाम रवि पाठक है। बता दें कि वे कॉलेज में फिजिक्स डिपार्टमेंट के एसओडी पद पर हैं और वे अपनी ड्यूटी पर थे। इसी दौरान अपराधी कॉलेज के अंदर घुसे और प्रोफेसर को गोली मार दी। घटना के बाद कॉलेज परिसर में अफरा तफरी मच गई। घटना की सूचना के बाद मौके पर सदर डीएसपी रामकृष्ण पहुंचे और मामले की तफ्तीश में जुट गए। प्रोफेसर को गोली लगने के वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल कायम है। बताया जा रहा है कि रवि पाठक कॉलेज परिसर स्थित अपने कार्यालय कक्ष में बैठे थे इसी दौरान अपराधी पहुंचे और उनके ऊपर फायर कर दी। इस दौरान गोली रवि पाठक के जबड़े में गोली लगी। बताया जा रहा है कि उनकी स्थिति बेहद गंभीर बनी हुई है। कॉलेज में ठेकेदारी का काम भी बड़े व्यापक तौर पर चल रहा है।

## ओडिशा में छापेमारी के दौरान 71 अवैध हथियार जब्त

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा के मयूरभंज जिले के सिमिलिपाल अभयारण्य के पास दूसरे चरण की छापेमारी के दौरान मंगलवार को वन और पुलिस कर्मियों ने 71 अवैध हथियार जब्त किए। इससे पहले अगस्त में पहले चरण की छापेमारी में 156 देशी बंदूकें जब्त की गईं और 26 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इसके साथ ही अभयारण्य से जब्त किए गए हथियरों की कुल संख्या 227 हो गई। गत अगस्त में सिमिलिपाल में शिकारियों द्वारा दो वन अधिकारियों की हत्या के बाद पुलिस हरकत में आई।

मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से देंगे मतदान का संदेश

**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं को जागरुक करने के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो सूचना और प्रसारण मंत्रालय प्रादेशिक कार्यालय भोपाल द्वारा मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें युवा मतदाताओं पर विशेष रूप से ध्यान रहेगा।

इसी कड़ी में आज बालाघाट, जबलपुर, बुरहानपुर और खंडवा सहित विभिन्न जिलों के लिए मतदाता जागरुकता रथों को आज केंद्रीय संचार ब्यूरो के अपर महानिदेशक प्रशांत पाठ राबे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मतदाता जागरुकता रथ इंदौर, सीहोर, खंडवा, बुरहानपुर ,आगर मालवा, रायसेन ,नरसिंहपुर, जबलपुर ,कटनी,सिवनी, बालाघाट सहित विभिन्न जिलों के विकास खंडों में पहुंचेंगे और क्षेत्र के मतदाताओं को जागरुकता संदेश देगे। वहीं



### युवाओं पर रहेगा विशेष ध्यान

केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा मध्यप्रदेश के बालाघाट, जबलपुर, बुरहानपुर , खंडवा, सागर, छिंदवाड़ा, रीवा और मंडला जिलों में जागरुकता कार्यक्रम के तहत बालाघाट, जबलपुर, खंडवा और बुरहानपुर में मतदाता जागरुकता से संबंधित फोटो प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

## चुनाव प्रचार में सौ गाड़ी के उपयोग पर शिकायत दर्ज

**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन भरने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। नामांकन भरने के दौरान उम्मीदवारों ने अपनी पूरी ताकत का प्रदर्शन किया और रैली निकाली जिसमें सैकड़ो छोटे बड़े वाहन थे। इसी के चलते भिंड जिले में दो उम्मीदवारों के खिलाफ 100 से अधिक वाहनों के उपयोग पर मामला दर्ज किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, भिंड जिले में भाजपा उम्मीदवार नरेंद्र सिंह कुशवाहा और बसपा उम्मीदवार संजीव कुशवाहा ने नामांकन भरने के दौरान शक्ति प्रदर्शन किया। इसी का नतीजा रहा कि दोनों उम्मीदवारों की रैली में 100 से भी ज्यादा छोटे और बड़े वाहन थे जिनकी निर्वाचन अधिकारी से अनुमति नहीं ली गई थी। रैली में भारी संख्या में वाहनों का उपयोग किए जाने के चलते जाम की स्थिति बनी और आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। भिंड से भाजपा उम्मीदवार नरेंद्र सिंह कुशवाहा और बसपा उम्मीदवार संजीव कुशवाहा के खिलाफ संबंधित क्षेत्र के निर्वाचन पदाधिकारी ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

## मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री आज कई जिलों में पहुंचेंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव की दृष्टि से भारतीय जनता पार्टी का वरिष्ठ नेतृत्व 1 नवंबर को प्रदेश के विभिन्न जिलों के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अनूपपुर, डिंडौरी और सिवनी, केंद्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेन्द्र यादव सागर, केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल सागर, साध्वी निरंजन ज्योति निवाड़ी व टीकमगढ़ जिले की विधानसभाओं में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगी।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 1 नवंबर को प्रातः 11.10 बजे अनुपपुर के पुष्पराजगढ में, दोपहर 12.15 बजे डिंडोरी विधानसभा में, दोपहर 1.30 बजे डिंडोरी के मेंहदवानी में, दोपहर 2.45 बजे सिवनी के घनसौर में स्थानीय कार्यक्रमों एवं जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

केंद्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेन्द्र यादव 1 नवंबर को प्रातः 11 बजे सागर के शाहगढ पहुंचकर बैठक को संबोधित करेंगे। दोपहर 1 बजे खुरई विधानसभा के मालथोन में जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री यादव दोपहर 2.30 बजे सुरखी विधानसभा के ग्राम राहतगढ़ में जनसभा को संबोधित करेंगे। केन्द्रीय प्रहलाद पटेल 1 नवंबर को प्रातः 11.30 बजे बीना विधानसभा के ग्राम भानगढ में जनसभा, दोपहर 1 बजे खुरई विधानसभा के ग्राम मालथोन में जनसभा, दोपहर 2.30 बजे सुरखी विधानसभा के ग्राम राहतगढ़ में जनसभा को संबोधित करेंगे। साध्वी निरंजन ज्योति 1 नवंबर को प्रातः 11 बजे निवाड़ी विधानसभा में, दोपहर 1 बजे पृथ्वीपुर विधानसभा में, दोपहर 3 बजे जतारा विधानसभा में, शाम 4.30 बजे खरगापुर विधानसभा में, शाम 6 बजे टीकमगढ़ में बैठक एवं कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगी।

## चित्रकूट : कांग्रेस को अपना घाट बचाने की चुनौती

• सतना से नरेन्द्र कुमार मौर्य

**चित्रकूट, देशबन्धु।** चित्रकूट विधानसभा सीट पर इस बार कांग्रेस-भाजपा दोनों के सामने ही नयी चुनौतियां हैं। दोनों प्रमुख दलों ने अपने पुराने प्रत्याशियों को ही दोबारा मैदान में उतारा है, जिनके सामने उनकी पार्टी के ही बागियों ने मुसीबत खड़ी कर रखी है। क्षेत्र के दिग्गज कांग्रेस नेता और तीन बार विधायक रह चुके प्रेम सिंह के दामाद संजय सिंह सपा उम्मीदवार बन गए हैं। वे जिला पंचायत सदस्य है। दूसरी तरफ भाजपा में भी सुरेंद्र सिंह गहरवार को प्रत्याशी बनाए जाने से नाराज सुभाष शर्मा बसपा प्रत्याशी बन गए हैं, जबकि वे भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रह चुके हैं।

दो बार के कांग्रेस विधायक नीलांशु चतुर्वेदी सपा के रूप में संजय सिंह की चुनौती का कैसे सामना करते है; यह देखने वाली बात होगी। उधर सुभाष शर्मा कितना भाजपा का और कितना अपना नुकसान करेंगे, यह भी आने वाले दिनों में साफ होगा। बसपा यहाँ से सिर्फ 1993 के मध्यावधि चुनाव में ही विजयी हुई इसके बाद में उसे कामयाबी भले न मिली हो लेकिन वह कभी दूसरे तो कभी तीसरे नंबर की पार्टी रही है। परंपरागत रूप से यह कांग्रेस की सीट रही है। भाजपा सिर्फ 2008 में जीती थी, तब सुरेंद्र सिंह गहरवार ने प्रेमसिंह को मात्र 722 मतों से हराया था। 2013 में प्रेम सिंह ने गहरवार से यह सीट छीन ली थी उनकी मौत के बाद उप चुनाव में नीलांशु चतुर्वेदी जीते और 2018 में भी उन्हें विजय मिली।

जैतवारा गांव में हजामत बनवा रहे पपन सिंह कहते है कि इस बार भी नीलांशु चतुर्वेदी ही जीतेंगे। भाजपा सरकार जा रही है। उसने प्रदेश का बंटाधार कर दिया है। अब उसे कोई नहीं पूछ रहा। यहाँ हर तरफ कांग्रेस का ज़ोर है। दयाराम तिवारी उनकी बात का समर्थन करते हैं। वे कहते हैं कि सही बात है। कांग्रेस की हवा चल रही है, वही सरकार बनायेगी। इसी बीच झल्लू सिंह बातचीत में शामिल हो जाते है। उन्होंने बताया उनका बेटा राजस्थान में नौकरी करता है। वहां हर पांच साल में सरकार बदल देते हैं इसलिए अच्छा विकास होता है। अपने यहाँ तो बस भाजपा ही भाजपा, इसलिए कुछ नहीं होता। मगर इस बार कुछ होगा और भाजपा सरकार जायेगी।

बमूहरा गांव में शंकर सिंह द्विवेदी पहले तो बचने की कोशिश करते हैं, फिर कहते हैं कि भाजपा सरकार ने काम नहीं किया इससे नाराज़ी है। कांग्रेस को मौका मिल सकता है। लेकिन दुकानदार राजेश द्विवेदी कहते हैं कि यहाँ त्रिकोणीय मुकाबला है। वे यहाँ सपा को नहीं, बसपा को तीसरा कोण बता रहे हैं। बिरसिंहपुर के देवेन्द्र सिंह गुजराती ने दो टूक कहा कि निलांशु चतुर्वेदी की ही स्थिति अच्छी है। हो सकता है सपा की वजह से उनकी जीत का अंतर कुछ घट जाए मगर जीत उनकी ही होगी। उन्होंने बताया कि उनकी दुकान पर किसान भी आते हैं। ज़्यादातर किसान कांग्रेस की घोषणाओं पर भरोसा करके उसका समर्थन कर रहे हैं। जैसे काँग्रेस ने फसलों के दाम बढ़ाकर खरीदने की बात कही है।

मझगवां बड़ा गांव है। बाज़ार में अच्छी चहल पहल दिखती है। एक नौजवान दुकानदार ऋषि गुप्ता कहते हैं कि यहाँ से नीलांशु भैया ही जीतेंगे। यहाँ लाइन के इस पार और उस पार की लड़ाई चलती है। सपा को इस पार के कुछ वोट मिलेंगे - खास कर खैरवार मचगवां, भरवा बनहरी महतैन और किलऊरा से। उधर बसपा के सुभाष शर्मा भी कांग्रेस के ही वोट काटेंगे, इसके बावजूद नीलांशु चतुर्वेदी जीतेंगे। किशोरी लाल यादव ने कहा भाजपा प्रत्याशी का व्यवहार अच्छा नहीं है। वे किसी से सीधे मुँह बात भी नहीं करते। अगर भाजपा प्रत्याशी बदलती तो फायदे में रहती। उन्होंने नीलांशु चतुर्वेदी की तारीफ की कि वे सबकी मदद करते हैं। ज़रूरतमंद को अनाज और पैसे देते हैं है। प्रेम सिंह भी ऐसा ही करते थे।यहीं के बलराम मिश्रा कहते हैं कि सुभाष शर्मा को सब्र करना चाहिए था। पाँच साल बाद उनको मौका मिल सकता था। उन्होंने जल्दबाजी कर दी। वे यह भी कहते हैं कि अगर भाजपा सुभाष शर्मा को टिकट देती तो वे कांग्रेस को बेहतर टक्कर दे सकते थे। इसी तरह सपा का भी यहां कोई जनाधार नहीं है पार्टी ने यहां से उम्मीदवार उतार कर अच्छा नहीं किया। इस सबके बावजूद यहां तो कांग्रेस ही जीतेगी।

इस चुनाव में सबसे मुश्किल में सपा के संजय सिंह फंसे हैं। वे चुनाव में कितना असर डाल सकते हैं, इस पर ही उनकी प्रतिष्ठा निर्भर है। उधर सुभाष शर्मा का राजनीतिक करियर भी दांव पर है।

देशबन्धु

जबलपुर, बुधवार 1 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## विपक्षी नेताओं की फोन टैपिंग

महुआ मोइत्रा समेत कई बड़े नेताओं के फोन सरकार द्वारा टैप करने का विवाद एक बार फिर खड़ा हो गया है। मंगलवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में राहुल गांधी ने यह बात सामने लाई है। दरअसल प्रसिद्ध फोन निर्माता कम्पनी 'एप्पल' का इस्तेमाल करने वाले कई ऐसे विपक्षी नेताओं को कम्पनी की ओर से ईमेल मिला है कि जिसमें चेतावनी दी गई है कि उनके फोन राज्य समर्थित हमलावर (स्टेट स्पॉंसर्ड अटैकर्स) द्वारा टैप हो रहे हैं। अनेक विपक्षी नेताओं ने इसकी पुष्टि भी की है। राहुल ने इस बारे में कहा है कि 'उन्हें इसका कोई फर्क नहीं पड़ता और सरकार चाहे तो बेशक उनका फोन लेकर जा सकती है', परन्तु यह न केवल निजता का हनन है बल्कि लोकतंत्र में विरोध की आवाज को दबाने की भी कोशिश है जिसका विरोध किया जाना चाहिये।

मंगलवार को कई विपक्षी नेताओं ने दावा किया कि उन्हें अपने आईफोन पर एक अलर्ट प्राप्त हुआ, जिसमें बताया गया है कि 'राज्य प्रायोजित हमलावर उनके फोन से छेड़छाड़ करने की कोशिश कर रहे हैं।' हालांकि इसकी प्रतिक्रिया में एप्पल ने कहा है कि वह खतरे से आगाह कर रही है परन्तु इसके लिये किसी भी राज्य-प्रायोजित हमलावर विशेष को जिम्मेदार नहीं ठहरा रही है। अलबत्ता उसका कहना है कि 'ऐसे हैकर्स वित्तीय रूप से बहुत अच्छे से पोषित और परिष्कृत हैं'। कम्पनी के अनुसार 'ऐसे हमलों का पता लगाना कुछ गुप्त संकेतों पर निर्भर करता है जो ज्यादातर आधे-अधूरे होते हैं। बयान में यह भी साफ किया गया है कि संभव है कि कुछ सूचनाएं गलत चेतावनी हो सकती हैं या कुछ हमलों का पता न चल पाए।' कंपनी ने यह भी कहा है कि 'वह इस बारे में जानकारी देने में असमर्थ है कि किस कारण से उसे एलर्ट जारी करना पड़ा है क्योंकि इससे राज्य प्रायोजित हमलावर भविष्य में और सावधान होकर काम करेंगे।'

इस जानकारी के सार्वजनिक होने से हड़कम्प मच गया है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने भी इस बात की पुष्टि की है कि उनका डिवाइस हैक हो रहा है या उसकी निगरानी हो रही है। ऐसे ही, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता सीताराम येचुरी को भी सोमवार की रात एप्पल से एक ई-मेल मिला। उसमें भी सावधान किया गया है कि 'उनके फोन की 'राज्य-प्रायोजित निगरानी' की जा रही है और उनका फ़ोन और सभी सिस्टम हैक हो रहे हैं।' वैसे कम्पनी द्वारा इस हैकिंग से निपटना मुश्किल बताया गया है। तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा, शिवसेना (उद्धव गुट) की प्रियंका चतुर्वेदी, कांग्रेस के लोकसभा सदस्य शशि थरूर, कांग्रेस पार्टी के मीडिया प्रमुख पवन खेड़ा, आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा, एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी आदि ने भी ऐसी ही चेतावनी मिलने की पुष्टि की है। कुछ लोगों ने स्क्रीनशॉट भी शेयर किये हैं जिसके बाद शक की गुंजाईश नहीं रह जाती है कि यह काम केन्द्र सरकार की ओर से ही हो रहा है। अब तक सरकार की ओर से कोई बयान न आना भी उसे शक के घेरे में डालता है। आखिरकार भारत के प्रतिपक्षी नेताओं के फोन टैपिंग में और किस देश की सरकार की रुचि हो सकती है?

राहुल गांधी ने इस बात को और स्पष्ट किया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारोबारी मित्र गौतम अदानी के खिलाफ बोलने के कारण ही उनके फोन को टैप किया जा रहा है। उनकी बात में इसलिये दम दिखता है क्योंकि जितने लोगों को भी निर्माता कम्पनी द्वारा फोन टैपिंग की चेतावनी वाले ईमेल मिले हैं वे न केवल विपक्ष के हैं वरन बेहद मुखर भी हैं और अदानी के विरूद्ध आवाज भी उठाते रहे हैं। उनके द्वारा मोदी सरकार की आलोचना के अंतर्गत अदानी प्रमुख विषय होते ही हैं। अपने फोन की टैपिंग के एलर्ट का संदेश देने वाले ईमेल की प्रति दिखाते हुए राहुल ने यह भी कहा कि देश में मोदी के भी ऊपर अदानी हैं। हालांकि उन्होंने एक बार फिर से इस बात की घोषणा कर दी कि चाहे जो हो जाये, वे अदानी-मोदी के कथित घोटालों को उठाते रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि पहले भी भारत सरकार पर यह आरोप लग चुका है कि उसने इज़रायल से पैगासस नामक जासूसी उपकरण खरीदा है जिसके जरिये देश के अनेक लोगों के फोन टैप कराये जा रहे हैं। ऐसे में जिन लोगों के नाम सामने आये थे उनमें सिर्फ विपक्षी दल के नेता ही नहीं बल्कि नितिन गडकरी जैसे कुछ उनके अपने मंत्रिमंडल के वरिष्ठ सहयोगी भी थे। उनमें कुछ पत्रकार और यहां तक कि भूतपूर्व न्यायाधीश के नाम भी सामने आये थे। हालांकि उस समय भी सरकार ने इस बात से इंकार किया था कि वह किसी के फोन टैप करा रही है लेकिन उसका खुलासा जिस प्रामाणिक ढंग से हुआ था, उससे शक की कोई गुंजाईश नहीं रह जाती थी। सम्भवतया मामला उठने के बाद उतने ही गुपचुप तरीके से उसका इस्तेमाल रोक भी दिया गया होगा। हालांकि कोई इस बात को दावे के साथ नहीं कह सकता कि वह जासूसी रोक दी गई होगी।


जो भी हो, यह एक गम्भीर मसला है और सरकार को चाहिये कि इस बात की गहराई से और पारदर्शितापूर्वक जांच कर इसकी रिपोर्ट जनता के सामने लाए। हालांकि इसकी मोदी सरकार से इसकी उम्मीद करना बेकार है। सम्भव है कि सरकार इस पर मौन धारण कर ले और आतंक फैलाने हेतु यह भ्रम बनाकर रखे कि विपक्षियों के फोन टैप हो रहे हैं।

# अपनी ही पार्टी को उसके हाल पर छोड़ चुके हैं मोदी?

पांच राज्यों के लिये निर्धारित विधानसभा के चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी मंचों से लम्बी अनुपस्थिति सवाल पैदा कर रही है कि क्या उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को उसके हाल पर छोड़ दिया है। ऐसा इसलिये महसूस होता है क्योंकि जैसी अराजकता व भ्रम चुनावी राज्यों में दिख रहा है वह मोदी के चुनाव संचालन को अपने हाथों में रखे रहने से सम्भव नहीं था। यदि ऐसा है तो इससे पार्टी की मुश्किलों में इज़ाफ़ा होगा तथा उसे चुनौती देती कांग्रेस और मजबूत होगी। दशक भर यानी जब से भारत के राजनैतिक परिदृश्य में मोदी एक फिनोमिना बनकर उभरे और छाये हैं, तब से शायद ही कोई ऐसा चुनाव रहा होगा जिसमें उनकी उपस्थिति व दबदबा न रहा हो। अगले महीने की विभिन्न तारीखों में होने जा रहे चुनावों का ऐलान होने के पहले तो मोदी कई राज्यों में सभाएं लेते नज़र आये थे, पर अचानक उनकी अनुपस्थिति बहुत साफ महसूस हो रही है। कम से कम पिछले हफ्ते-दस दिनों में उनके द्वारा कोई बड़ी चुनावी रैली या सभा न करने से यह सवाल उठना स्वाभाविक है।

क्या मोदी स्वयं को हटा चुके हैं या भाजपा को संचालित व निर्देशित करने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा उन्हें किनारे होने के निर्देश मिले हैं? या उन्हें शीर्ष नेतृत्व द्वारा किसी सोची-समझी रणनीति के अंतर्गत पीएम को चुनावी परिदृश्य से स्थायी-अस्थायी तौर पर परे किया जा रहा है? कई प्रश्न हैं जो चुनाव को नज़दीक से देखने-समझने वाले जानना चाहते हैं। अगर ऐसा है तो आने वाले दिनों के लिये यह बड़ा संकेत है। उन्हें ताबड़तोड़ रैलियां, सभाएं, रोड शो करते हुए देखने का आदी हो चुका यह देश अगर इतने दिनों का भी अंतराल देखे तो उसके लिये यह सोचना बहुत स्वाभाविक है कि क्या मोदी की पकड़ अपनी पार्टी और देश पर से छूट रही है। हालांकि इसका सही जवाब तभी मिल सकेगा जब उन्हें फिर से चुनावी दृश्यावली का हिस्सा बनते हुए लोग देखेंगे।

सम्भव है कि मोदी चुनावों के ऐन वक्त पर धुंआधार प्रचार में जुटेंगे। हालांकि कोई मान नहीं सकता कि जो व्यक्ति चुनाव हो या न हो, हर वक्त एक्शन मोड में दिखता हो और सारे साल जिसकी भाषा और कृत्य ऐसे होते हों मानो वह चुनावी रैली को सम्बोधित कर रहा हो; तो ऐसे मोदी जी कैसे इतने बड़े अवसर व मंच से खुद को विलग कर सकते हैं? अगर यह कोई सोची-समझी योजना है तो देखना होगा कि उस स्थिति में वे कितने प्रभावी होते हैं और भाजपा को उसका कितना लाभ मिलता है। पहले कई चुनावों में देखा गया है कि आचार संहिता लागू होने या चुनाव प्रचार बंद होने के कुछ मिनट पहले तक मोदी चुनावी सभाओं को सम्बोधित करते रहे हैं। हो सकता है कि इसी तर्ज पर वे अंतिम समय में नमूदार हो बड़े मजमे कर सबको चौंका दें।


डॉ. दीपक पाचपोर

> तीनों राज्यों में बड़ी संख्या में केन्द्रीय मंत्रियों व नेताओं को उतारा गया है जो इन सभी राज्यों में तकलीफदेह साबित हो रहा है। हार या जीत दोनों ही परिस्थितियों में आंतरिक संघर्ष देखने को मिलेंगे, यह भी तय है। इतना ही नहीं, तीनों ही राज्यों में स्थानीय चेहरों व सबसे बड़े नेताओं की उपेक्षा कर मोदी को जो प्रमुख चेहरा बनाया गया है, वह भाजपा के खिलाफ जा सकता है।

मोदी की अनुपस्थिति का एक कारण यह माना जा रहा है कि स्वयं उनकी पार्टी के भीतर धारणा बन चुकी है कि कांग्रेस के आक्रामक चुनाव प्रचार, उसके वादे व गारंटियों तथा उसके जवाबी हमलों के चलते भाजपा को न तो कुछ सूझ रहा है और न ही उसके पास कोई काट है। उनके मुंह से कांग्रेस के कथित भ्रष्टाचार, वंशवाद, उन्हें मिलता 140 करोड़ लोगों का आशीर्वाद, डबल इंजिन सरकारें, विश्व गुरु आदि की बातें सुनते हुए लोग ऊब चुके हैं। इसके विपरीत, विपक्षी गठबन्धन 'इंडिया' का नेतृत्व करने वाली कांग्रेस के बढ़ते जन समर्थन एवं नैतिक बल के सामने भाजपा पस्त दिखाई दे रही है। जहां एक ओर मोदी अपने चिर-परिचित तरीकों से व कड़े सुरक्षा घेरे में प्रायोजित कार्यक्रमों में अवतरित होते हैं वहीं कांग्रेसी नेता राहुल गांधी एक साधारण व्यक्ति की तरह लोगों एवं जन समुदायों से मिल रहे हैं। इससे जमीनी स्तर पर तैयार हो रहे विमर्श का शासकीय या अशासकीय जवाब भाजपा के पास नहीं है। सम्भवत: अब मोदी का जनता के सामने जाना कठिन हो गया हो इसलिये उन्होंने प्रचार अभियानों से दूरी बना ली हो।

जिन राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं, उनका अगर बारी-बारी से परीक्षण किया जाये तो कुछ कारण साफ हैं जिनके चलते मोदी ने इस समय चुनावी प्रचार से छुट्टी ले ली हो। शायद इन राज्यों में पार्टी के भीतर इस कदर अराजकता व भ्रम है कि मोदी के सामने तीनों ही सवाल हैं कि आखिर वे किस राज्य में जाएं, क्यों जायें और वहां क्या कहेंगे। मिजोरम की बात करें तो वहां के मुख्यमंत्री जोरामथंगा ने कह दिया है वे नरेन्द्र मोदी के साथ मंच साझा नहीं करेंगे। इसका कारण यह है कि मणिपुर के मामले में जैसी चुप्पी मोदी ने साध ली थी और वहां अराजकता होने दी, उसका गहरा असर मिजोरम पर भी पड़ा है। यहां भाजपा के खिलाफ लोगों में रोष है क्योंकि राज्य में बड़ी संख्या में ईसाई समुदाय के लोग रहते हैं। कहने को इस राज्य में सत्तारुढ़ मिजो नेशनल फ्रंट और भाजपा का गठबन्धन है पर वहां एमएनएफ के पास 26 विधायकों के साथ पूर्ण बहुमत है। 40 सीटों की विधानसभा में भाजपा का केवल एक ही सदस्य है। वैसे भी दोनों का गठबन्धन नाममात्र का है और जोरामथंगा पहले ही कह चुके हैं कि उन्हें भाजपा के सहयोग की ज़रूरत नहीं है। तेलंगाना की बात करें तो वहां पहले सत्तारुढ़ भारत राष्ट्रीय समिति के भाजपा के साथ अच्छे सम्बन्ध थे लेकिन मुकाबला भी इन दोनों के बीच ही था। राहुल गांधी द्वारा अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राज्य में बिताए करीब दो हफ्ते तथा कांग्रेस की चुनावी रैलियों ने भाजपा को मुकाबले से बाहर कर दिया है। वहां अब खुद बीआरएस संकट में है और अपनी सरकार बचाने के लिये कांग्रेस से संघर्षरत है। हैदराबाद कौंसिल के मेयर पद के लिये यहां के मुख्यमंत्री सी चंद्रशेखर राव द्वारा भाजपा प्रणीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबन्धन से मदद मांगने की बात को सार्वजनिक कर मोदी ने दोनों के रिश्तों में जो खटास भर दी है उसका फायदा भी कांग्रेस को मिलना लाजिमी है।

हिन्दी पट्टी के राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में भी अलग-अलग कारणों से कांग्रेस सीधे-सीधे भाजपा पर हावी दिखाई दे रही है। राजस्थान में वसुंधरा राजे सिंधिया को लम्बे समय तक हाशिये में रखने और मुकाबले में ऐसे नेताओं को खड़ा करने से मामले को उलझा दिया गया है जो उनके सम्भावित प्रतिद्वंद्वी हो सकते हैं। ऐसे ही, मप्र में उनके भतीजे ज्योतिरादित्य सिंधिया भी उपेक्षा के शिकार हुए हैं। उनके तमाम समर्थकों के टिकट काट दिये गये हैं जिससे उनके खेमे में नाराजगी है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार द्वारा किसानों को की गई कर्ज माफी, बोनस, न्याय योजनाएं आदि की सफलता भाजपा पर भारी पड़ रही हैं और उनकी कोई काट मोदी व राज्य ईकाई के पास नहीं है।

तीनों राज्यों में बड़ी संख्या में केन्द्रीय मंत्रियों व नेताओं को उतारा गया है जो इन सभी राज्यों में तकलीफदेह साबित हो रहा है। हार या जीत दोनों ही परिस्थितियों में आंतरिक संघर्ष देखने को मिलेंगे, यह भी तय है। इतना ही नहीं, तीनों ही राज्यों में स्थानीय चेहरों व सबसे बड़े नेताओं की उपेक्षा कर मोदी को जो प्रमुख चेहरा बनाया गया है, वह भाजपा के खिलाफ जा सकता है। यह भी एक कारण है जो मोदी को इन राज्यों में जाने से शायद रोक रहा है।

(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)

# सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ असम में विपक्षी एकता की कोशिशें शुरू

■ आशीष विश्वास

असम में कांग्रेस की तुलना में अन्य विपक्षी दलों ने भाजपा-विरोधी एकजुटता हासिल करने के लिए अधिक प्रतिबद्धता दिखाते हुए, 2024 में लोकसभा चुनावों के लिए अपनी लंबे समय से प्रतीक्षित सीट-बंटवारे की बातचीत शुरू करने के लिए कांग्रेस की रणनीति को नजरअंदाज कर दिया है।

हालांकि, दुर्जेय लेकिन अत्यधिक विभाजनकारी मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा शर्मा के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ विपक्ष के संयुक्त मोर्चे के लिए स्वयं के स्वार्थ का 'बलिदान' देते हुए एक साथ आने वाली 14 पार्टियों के बीच एक व्यापक समझौते के बावजूद, सीट-बंटवारे पर प्रारंभिक चर्चाओं ने संकेत दिया है कि आगे की राह आसान नहीं होगी। कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दल अगले महीने फिर से मिलने पर सहमत हुए हैं।

अधिकांश राज्यों की तरह, इन वार्ताओं का संचालन सुचारू नहीं था। असम कांग्रेस के नेताओं को सभी 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए 80 संभावित उम्मीदवारों की एक अस्थायी पहली सूची की एकतरफा घोषणा करने के लिए अन्य विपक्षी दलों के गुस्से का सामना करना पड़ा। यह कांग्रेस की ओर से विपक्ष के लिए एक अचूक संकेत था, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा का विरोध करने वाली सबसे बड़ी पार्टी के रूप में, वह सीट समायोजन के लिए अपनी शर्तें निर्धारित करने की हकदार है। अगर विपक्षी दलों के बीच सहमति नहीं बनी तो वह अपने दम पर चुनाव लड़ेगी।

> अधिकांश अन्य राज्यों की तरह, सीट समायोजन को अंतिम रूप देने पर कांग्रेस और अन्य दलों के बीच असहमति के कारण असम में भी प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी सीट साझा व्यवस्था के बारे में प्रारंभिक बातचीत में देरी से शुरू हुई। जबकि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) जैसी कुछ पार्टियों को लगा कि सीट-बंटवारे की व्यवस्था को जल्द से जल्द अंतिम रूप दिया जाना चाहिए, जिस पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई है।

भारत के अधिकांश अन्य राज्यों की तरह, सीट समायोजन को अंतिम रूप देने पर कांग्रेस और अन्य दलों के बीच असहमति के कारण असम में भी प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी सीट साझा व्यवस्था के बारे में प्रारंभिक बातचीत में देरी से शुरू हुई। जबकि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) जैसी कुछ पार्टियों को लगा कि सीट-बंटवारे की व्यवस्था को जल्द से जल्द अंतिम रूप दिया जाना चाहिए, जिस पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई है।

कांग्रेस को लग रहा है कि पांच राज्यों (पूर्वोत्तर में मिजोरम सहित) में विधानसभा चुनावों के नतीजे आने के बाद ही ऐसी बातचीत अधिक सार्थक ढंग से हो सकेगी। भाजपा कर्नाटक में हार गई थी और हाल के दिनों में अधिकांश उप-चुनावों में उसका प्रदर्शन खराब रहा। लेकिन कांग्रेस ने बड़े पैमाने पर अभियान चलाया और अधिकांश क्षेत्रीय दलों के विपरीत, वह अपनी पकड़ बना रही है।

कांग्रेस के अनुसार इन चुनावों में बेहतर प्रदर्शन के साथ, भारत की सबसे पुरानी पार्टी के लिए टीएमसी, आम आदमी पार्टी (आप) और विभिन्न असमिया क्षेत्रीय दलों सहित छोटे समूहों से सीट बंटवारे की मांगों को और अधिक मजबूती से संभालना आसान हो जायेगा।

फिर भी, रायसर दल, असम जातीय परिषद, सीपीआई (एम) और अन्य सहित 13 विपक्षी दलों ने पहले दौर की बातचीत के लिए राज्य कांग्रेस नेताओं से मुलाकात की। गुवाहाटी स्थित मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, आप और टीएमसी दोनों ने संकेत दिया कि वे कम से कम 5 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहते हैं। सीपीआई (एम) बारपेटा से चुनाव लड़ना चाहती थी, जो एक ऐसा क्षेत्र है जहां वह मजबूत है।

कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा और अन्य नेताओं ने इस समय ऐसे मामलों पर कोई ठोस चर्चा नहीं की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विपक्षी दलों को एक विश्वसनीय वैकल्पिक भाजपा विरोधी राजनीतिक मोर्चा खड़ा करने के लिए अपने समर्थन की मात्रा और पिछले प्रदर्शन के रिकॉर्ड को ध्यान में रखते हुए अपनी मांगों पर जोर देने के लिए सहमत होना चाहिए।

इस बीच, रिपन बोरा (टीएमसी) को विपक्ष मंच के लिए एक सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम तैयार करने का काम दिया गया। राज्यसभा सदस्य अजीत भुइयां और पूर्व कांग्रेस नेता रकीबुल हुसैन को भाजपा की विभिन्न विफलताओं और कथित तौर पर जनविरोधी नीतियों को सूचीबद्ध करते हुए एक आरोप पत्र का मसौदा तैयार करने का काम सौंपा गया।

भाजपा ने अपने तरीके से जवाब दिया, राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा शर्मा ने अपने पहले के दावे को जोरदार ढंग से दोहराया कि सत्तारूढ़ पार्टी एक या दो को छोड़कर सभी सीटें जीतकर लोकसभा चुनावों में जीत हासिल करेगी। चुनाव की तारीखों की घोषणा से बहुत पहले ही वरिष्ठ भाजपा नेताओं को भरोसा है कि संयुक्त विपक्ष न केवल असफल होगा, बल्कि अपने मतभेदों और झगड़ों के कारण एकजुट भी नहीं रह पायेगा।

विपक्षी सूत्रों ने संकेत दिया कि भाजपा को असम गण परिषद जैसे सहयोगियों के साथ अपनी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा, जो कथित तौर पर भाजपा की आक्रामक कार्यप्रणाली के कारण राजनीतिक हाशिये पर चले जाने के खतरे का सामना कर रही है। दोनों पार्टियों के लिए, राजनीतिक समर्थन का मुख्य क्षेत्र असमिया भाषी समुदाय है। हालांकि, अपनी बड़ी राजनीतिक पहुंच, शक्ति और व्यापक अपील के साथ, भाजपा मूलरूप से क्षेत्रीय पार्टी, एजीपी से बहुत आगे है। मतदाता एजीपी की तुलना में भाजपा के फायदे से पूरी तरह वाकिफ हैं।

भाजपा के आलोचकों का कहना है कि उसके आत्मविश्वास का मुख्य कारण हाल ही में आधिकारिक परिसीमन उपायों के माध्यम से असम में विभिन्न विधानसभा और लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों का आधिकारिक पुनर्गठन था। शर्मा सहित पार्टी नेताओं ने खुले तौर पर घोषणा की कि जैसी स्थिति अभी है, मूल असमिया (असमिया भाषी लोग) को विधानसभा की 126 सीटों में से लगभग 110 सीटों पर चुना जाना चाहिए। केंद्र और राज्य ने यह सुनिश्चित किया था कि असमिया कभी भी असम के भीतर शक्तिहीन अल्पसंख्यक नहीं बनेंगे।

एआईयूडीएफ आदि विपक्षी दलों ने नई परिसीमन प्रक्रिया का तीखा विरोध किया था यह आरोप लगाते हुए कि वे कई स्थानीय समुदायों (विशेषकर मुसलमानों) और अन्य समूहों के प्रति भारी पक्षपाती थे। हालांकि, चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट में की गई उनकी अपीलों से बहुत कुछ हासिल नहीं हुआ। अधिकांश नये परिसीमन आदेशों को उनकी आपत्तियों के बावजूद बरकरार रखा गया।

## पावन प्रसंग

# पर्व त्यौहारों का प्रयोजन

व्यक्तिगत दृष्टिकोण का परिष्कार करने के लिए जिस प्रकार पूजा उपासना तथा पारिवारिक रीति-नीति को उत्कृष्ट बनाए रखने के लिए संस्कार प्रक्रिया है, ठीक उसी प्रकार समाज को समुन्नत और सुविकसित बनाने के लिए सामूहिकता, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, नागरिकता, परमार्थपरायणता, देशभक्ति, लोक मंगल जैसी सत्प्रवृत्तियां विकसित करनी पड़ती है। उन्हें सुस्थिर रखना होता है। वह भी बार-बार स्मरण दिलाते रहने वाला प्रसंग है। इसी प्रयोजन के लिए देवसंस्कृति में पर्व त्यौहार मनाए जाते हैं। वर्ष में प्राय: 40 पर्व पहले से हैं। युगधर्म के अनुसार उनमें दस का निर्वाह बन पड़े तो उत्तम है, वे दस पर्व इस प्रकार हैं- बसंत पंचमी, शिवरात्रि, होली, रामनवमी, गायत्री जयंती, गुरु पूर्णिमा, श्रावणी, जन्माष्टमी, विजयादशमी ,दीपावली- इन दस का विशेष महत्व है। अत: पर्वों को सोत्साहपूर्ण मनाना चाहिए। इन्हें जहां भावनापूर्वक मनाया जाता है, वहां सुसंस्कारिता की उमंगें उठती हैं और सत्यप्रवृत्ति पनपती रहती है, जिनकी आवश्यकता प्रत्येक व्यक्ति व समाज के लिए अनिवार्यत: होती है।

मनुष्य स्वभाव से ही अनुकरणशील प्राणी है। दूसरों को कोई शुभ काम करता देखकर उसके मन में भी वैसा ही काम करने की इच्छा स्वत: उत्पन्न होती है। यही मूल कारण था कि सामूहिक आयोजनों के रूप में पर्वोत्सवों का प्रचलन किया गया। समाज के ढांचे को सुव्यवस्थित बनाए रखने में पर्वों ने बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। धर्मधारणा एवं आस्तिकता के भावों की वृद्धि के साथ ही धार्मिक और सामाजिक त्योहारों का एक प्रमुख उद्देश्य सामूहिकता की वृद्धि करना है। मानव जीवन की सफलता के लिए जैसे व्यक्तिगत उन्नति और सत्प्रवृत्तियों को ग्रहण करने की आवश्यकता है, वहां समाज को सुदृढ़ बनाना और पारस्परिक सहयोग द्वारा सामाजिक हित की बड़ी योजनाओं की पूर्ति करना भी अत्यावश्यक है। इसके लिए लोगों में पारस्परिक एकता, भाईचारे की मनोवृत्ति का उत्पन्न होना आवश्यक है। हमारे यहां होली, दीपावली, गंगा दशहरा आदि के जो त्योहार और पर्व नियत किए गए हैं, उनका उद्देश्य यही है कि लोग परस्पर प्रेमपूर्वक मिलें और सामूहिकता की भावना को सुदृढ़ बनाएं। जो त्योहार या उत्सव किसी प्राचीन महापुरुष या अवतार की जयंती के रूप में मनाए जाते हैं, उनका एक बहुत बड़ा लाभ होता है कि जनता को उनके द्वारा सच्चरित्र, नैतिकता, सेवा, सद्भावना आदि की शिक्षा मिलती है। इस प्रकार के उत्सव संसार के सभी देशों में मनाए जाते हैं और इस बात का ध्यान रखा जाता है कि जन-साधारण अपने उन पूर्वजों के चरित्रों से उच्चकोटि के सदगुणों की प्रेरणा प्राप्त करें। वास्तव में जिस समुदाय में ऐसे महापुरुषों का अभाव है, वह उन्नति की आशा नहीं रख सकता, क्योंकि साधारण मनुष्य के लिए बिना किसी मार्गदर्शन अथवा प्रकाश स्तंभ के संसार में सफलतापूर्वक अग्रसर हो सकना संभव नहीं है। यही कारण है कि उन्नति की कामना रखने वाली जातियां अपने पूर्व पूर्वजों के चरित्रों और महान कार्यों को बड़े गौरव के साथ याद करती हैं। उदाहरण के लिए यूरोप में फ्रांस और एशिया में जापान का उल्लेख कर सकते हैं। ये दोनों देश अपेक्षाकृत छोटे होने पर भी वीर पूजा के गुण के कारण ही संसार की राष्ट्र मंडली में अग्रगण्य बन गए। ज्ञान अकेला अपूर्ण है। कर्म कुशलता के अभाव में कथनी और करनी में अंतर आने लगता है। श्रावणी पर्व अपने ज्ञान को, कर्म की शक्ति को, सृजन की प्रेरणा देने वाला पर्व है। हमारा ज्ञान वाणी से नहीं, आचरण से व्यक्त हो हमारी शक्ति किसी को दबाने या झुकाने या निरर्थक कार्यों में नहीं, सृजन में लगे।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# अकर्मण्यता की निराशा से जन्मा पलायनबाद

यह बात चाहे मनुष्य के जीवन की हो यह राष्ट के उत्थान से संदर्भित हो, जीवन में मनुष्य के संदर्भ में अकर्मण्यता एक बड़ी शारीरिक,मानसिक व्याधि और दशा है, यह जीवन को निर्रथक बनाती है। इसी तरह देश का शासन तंत्र यदि अकर्मण्य और निराशावादी हो तो देश की उन्नति में अवरोध और बढ़ाएं सदैव उत्पन्न होती रहती हैं। इस अवस्था को तत्काल त्यागना चाहिए,और अपने जीवन के संघर्ष के लिए तैयार रखना चाहिए। मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। वैसे जीवन में दुष्कर, कठिन कार्य को पहले चुनना चाहिए जिससे पूरी शक्ति एवं ऊर्जा लगाकर हम उसे प्राप्त कर सकें। कठिन कार्य से घबराकर उससे पलायन करना निराशा को जन्म देता है। निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अत: निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़ें, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निस्संदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है। बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं। यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं। सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ-साथ सामाजिकता, प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं। मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए। यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है। जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय आविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है। यही वजह है कि सफलता का नशा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है।

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है।

**संजीव ठाकुर**

# मजबूत होगी रिश्तों की डोर, इवेंट स्टाइल में होगा सेलिब्रेशन




## करवाचौथ 2023- आज मनेगा त्योहार, शॉपिंग में बीता दिन

**जबलपुर, देशबन्धु।** सुहागिनों का खास त्योहार करवाचौथ आज बुधवार है। व्रत को लेकर कई दिन पहले से शुरू हुई तैयारी मंगलवार को भी जारी रही। किसी ने ब्यूटी ट्रीटमेंट लेने के लिए पार्लर में समय बिताया, तो कोई ग्रूमिंग में बिजी नजर आया। स्टाइल और ट्रेंड के साथ करवाचौथ अब स्टाइल स्टेटमेंट से भी जुड़ गया है। इसके चलते जहां इवेंट स्टाइल में ग्रुप एक्टिविटी होती है, वहीं डिफरेंट इवेंट भी आयोजित हो रहे हैं।

### थीम बेस्ड होगा सेलिब्रेशन

शहर में थीम बेस्ड करवाचौथ सेलिब्रेशन खास होगा। इसके लिए जहां पार्टी स्टाइल पर फोकस किया जाएगा, वहीं बॉलीवुड डीवा बनकर सिटी लेडीज ग्रुप करवाचौथ सेलिब्रेशन करेंगी।

### सेलिब्रेटीज डीवा का लुक

सिटी लेडीज का कहना है कि करवाचौथ के लिए वे सेलिब्रेटी लुक कैरी कर सकते हैं।

इनमें दीपिका, आलिया, अथइया, शिल्पा और अन्य डीवाज का इंस्पायर्ड मेकअप और लुक खास होगा। न्यूली मैरिड गर्ल्स के बीच ब्राइडल लुक की डिमांड होगी।

### इनका कहना है

हमारी शादी दिसम्बर 2022 में हुई थी। शादी के बाद यह पहला करवाचौथ का व्रत है। व्रत को लेकर काफी तैयारियां की हैं।

**- सागर,** हिना कोचर

यह हमारा पहला करवाचौथ है। शादी के बाद एक दूसरे को समझने का खूब मौका मिला। व्रत से रिश्तों की डोर मजबूत होगी।

**- रितिका,** नयन कपूर

3-करवाचौथ का व्रत दिल से जुड़ा हुआ है। हर साल इस खास त्योहार का काफी इंतजार रहता है। यह दूसरा करवाचौथ व्रत होगा।

**- पारुल सार्थक,** सराफ

# जिले में 18 लाख 71 हजार 320 मतदाता कर सकेंगे मताधिकार का उपयोग

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के लिए 17 नवंबर को होने वाले मतदान में जिले की आठों विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के 18 लाख 71 हजार 320 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय के मुताबिक निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के 4 अक्टूबर को हुए अंतिम प्रकाशन के बाद छूट गये मतदाताओं के नाम जोड़ने की 30 अक्टूबर तक चली प्रक्रिया में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने के बाद कुल 3 हजार 479 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल किये गये हैं। मतदाता सूचीके 4 अक्टूबर को हुए अंतिम प्रकाशन में कुल मतदाताओं की संख्या 18 लाख 67 हजार 841 थी ।

जिला निर्वाचन कार्यालय के मुताबिक मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन में पूरक मतदाता सूची को जोड़ दिये जाने के बाद 30 अक्टूबर की स्थिति में जिले के कुल मतदाताओं की संख्या 18 लाख 71 हजार 320 हो गई है । इनमें 9 लाख 51 हजार 769 पुरूष और 9 लाख 19 हजार 449 महिला मतदाता शामिल हैं। जबकि मतदाताओं की कुल संख्या में 102 अन्य (थर्ड जेंडर) के मतदाता भी शामिल हैं।

जिला निर्वाचन कार्यालय के मुताबिक जिले में 18 से 19 वर्ष की उम्र के मतदाताओं की संख्या 52 हजार 844 हो गई है । जिले में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 19 हजार 699 है । जबकि 80 वर्ष से अधिक आयु के 17 हजार 177 मतदाता कुल मतदाताओं में शामिल हैं । जिले का जेंडर रेशियो 967 है । इसी प्रकार ईपी रेशियो 67.14 फीसदी है । जिला निर्वाचन कार्यालय के मुताबिक जिले के पाटन विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 57 हजार 303 है। इनमें 1 लाख 31 हजार 981 पुरूष, 1 लाख 25 हजार 318 महिला एवं 4 अन्य मतदाता शामिल हैं । इसी तरह बरगी विधानसभा क्षेत्र के 2 लाख 42 हजार 279 मतदाताओं में पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 24 हजार 193, महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 18 हजार 065 और अन्य (थर्ड जेंडर) मतदाताओं की संख्या 21 है । विधानसभा क्षेत्र जबलपुर पूर्व के कुल 2 लाख 47 हजार 588 मतदाताओं में 1 लाख 25 हजार 313 पुरूष, 1 लाख 22 हजार 240 महिला एवं 35 अन्य (थर्ड जेंडर) के मतदाता शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्र जबलपुर उत्तर के कुल 2 लाख 16 हजार 277 मतदाताओं में 1 लाख 09 हजार 383 पुरूष, 1 लाख 06 हजार 885 महिला एवं 9 अन्य मतदाता हैं। विधानसभा क्षेत्र जबलपुर केंट में 1 लाख 86 हजार 022 मतदाताओं में पुरूष मतदाताओं की संख्या 94 हजार 123, महिला मतदाताओं की संख्या 91 हजार 890 एवं थर्ड जेंडर के मतदाताओं की संख्या 9 है। विधानसभा क्षेत्र जबलपुर पश्चिम के कुल 2 लाख 29 हजार 514 मतदाताओं में 1 लाख 16 हजार 066 पुरूष, 1 लाख 13 हजार 437 महिला एवं 11 थर्ड जेंडर के मतदाता शामिल हैं ।

विधानसभा क्षेत्र पनागर के कुल 2 लाख 67 हजार 629 मतदाताओं में पुरुष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 37 हजार 035, महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 30 हजार 591 एवं अन्य मतदाताओं की संख्या 3 है। जबकि विधानसभा क्षेत्र सिहोरा के कुल 2 लाख 24 हजार 708 मतदाताओं में 1 लाख 13 हजार 675 पुरूष, 1 लाख 11 हजार 023 महिला एवं 10 अन्य (थर्ड जेंडर) के मतदाता शामिल हैं ।

# हाईकोर्ट में तीन नए जज लेगे शपथ, जजों की संख्या बढ़कर 34 होगी

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट में स्थानान्तरित होकर आ रहे तीन न्यायाधीशों का शपथ ग्रहण समारोह एक नवम्बर को आयोजित है। तीन जजों को मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमथ शपथ दिलाएगें। जानकारी के अनुसार पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय से आ रहे न्यायाधीश राजमोहन सिंह,



इलाहाबाद हाईकोर्ट से आ रहे जस्टिस राजेन्द्र कुमार चतुर्थ व आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट से आ रहे जस्टिस दुपल्ला वेंकट रमण शपथ लेगें। महामहिम राष्ट्रपति की अनुमति के बाद केन्द्रीय विधि व न्याय विभाग ने पिछले सप्ताह तीनों के स्थानान्तरण की अधिसूचना जारी की थी। वर्तमान में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में 53 स्वीकृत पदों में सिर्फ 31 न्यायाधीश कार्यरत है, तीन नए न्यायाधीशों के बाद यह संख्या बढ़ 34 हो जाएगी।

# आलोक मिश्रा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष बने



**जबलपुर, देशबन्धु।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक मिश्रा को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी का उपाध्यक्ष बनाया है। श्री मिश्रा राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की भावना के अनुरूप पार्टी संगठन की मजबूती की दिशा में कार्य करेंगे। श्री नियुक्ति के मनोनयन पर पार्टी नेता डा. आलोक चंसौरिया, कांग्रेस नेता अचल सिंह गौर, उमेश यादव, जीपी पांडे ने हर्ष व्यक्त करते हुये श्री मिश्रा को बधाई दी है।

# तायक्वोंदो : जबलपुर नोडल को स्वर्ण पदक की प्राप्ति



**जबलपुर, देशबन्धु।** राजीव गाँधी प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल खेल कैलेंडर 2023-24 के अनुसार सतना में आयोजित श्री रामा कृष्णा कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी सतना में अन्तर नोडल राज्य स्तरीय महिला/पुरुष तायक्वोंदो प्रतियोगिता का आयोजन 29 अक्टूबर को किया गया जिसमें जबलपुर नोडल के अभिषेक नामदेव 63 किलो , शाम्भवी गुप्ता 42 किलो एवं पूम्से, प्रभात विश्वकर्मा 54 किलो, सिद्धांत पटेल को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक का गौरव प्राप्त हुआ। विजेता खिलाड़ियों का चयन राजस्थान में आयोजित वेस्ट जोन प्रतियोगिता के लिए किया गया। सभी विजेता खिलाडियों को बडेरिया ग्लोबल इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (नोडल सेंटर) चेयरमैन श्री सौरभ बडेरिया, डायरेक्टर डॉ. राजीव खत्री, रजिस्ट्रार श्री पूर्णानंद दुबे, खेल अधिकारी हरविंदर सिंह, भगवन सिंह, नितेंद्र सिंह, दिनेश सिंह, संजय तिवारी, कमलेश चौधरी एवं संस्था की खेल अधिकारी हर्षा जॉर्ज दास ने बधाई दी।

# सक्षम गुलाटी प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव नियुक्त



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश युवा कांग्रेस में संगठन को मजबूत करने हेतु, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी के आदेश, प्रदेश प्रभारी अखिलेश यादव की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर विक्रांत भूरिया ने प्रदेश कार्यकारिणी में जबलपुर के सक्षम गुलाटी को महासचिव नियुक्त किया. युवा कांग्रेस जबलपुर नगर अध्यक्ष जितिन राज ने शुभकामनाएं देते हुए कहा की युवा कांग्रेस के यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो अभियान के तहत जबलपुर से सबसे ज्यादा सदस्य सक्षम गुलाटी द्वारा बनाए गए जिसके फलस्वरुप उन्हें प्रदेश महासचिव पद से नवाजा गया।

सक्षम गुलाटी के महासचिव बनने के बाद जबलपुर के महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नु, तरुण भनोट , लखन घनघोरिया, विनय सक्सेना व अमन अरबी, अपूर्व केशरवानी,सोम ठाकुर,नवीन सालोमन, सोहेल दाता, राज ठाकुर, शिवम यादव, आशु साहू,सत्या सिंह, फैजू, ऋषभ यादव,रोहित यादव, सत्यम चौरसिया, राहुल यादव अभिषेक पीटर सहित शहर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं देते हुए हर्ष व्यक्त किया।

# सरदार पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रेरणा- डा. जितेंद्र जामदार

**जबलपुर, देशबन्धु।** सरदार वल्लभभाई पटेल का योगदान भारतीय इतिहास में सदैव के लिए स्वर्ण अक्षरों से अंकित हो चुका है और हम सबको उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। रोटरी क्लब साउथ द्वारा महाराष्ट्र शिक्षण मंडल के विशेष सहयोग से सरदार पटेल की जयंती पर आयोजित अंतरशालेय भाषण प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते हुए डॉक्टर जितेंद्र जामदार ने उक्ताशय के उद्गार व्यक्त किए।



आयोजन की अध्यक्षता महाराष्ट्र शिक्षण मंडल अध्यक्ष डा. जयंत तंखीवाला ने की। एकता एवं शक्ति जैसी लोकप्रिय पुस्तक के प्रख्यात लेखक अमरेंद्र नारायण द्वारा उपस्थित आचार्य गणों एवं प्राचार्यों से सप्ताह में एक दिन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली इतिहास पर पीरियड्स रखने का आग्रह किया गया। राष्ट्रीय एकता में युवा शक्ति के योगदान विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में 10 शालाओं के 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। राष्ट्र के प्रति अपने विचारों को प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता संग्राम के पूर्व से लेकर आज तक युवा शक्ति के योगदान को विस्तार से बताया।

निर्णायक मंडल में वरिष्ठ साहित्यकार राजेंद्र दानी, एमपीईबी अधिकारी पंकज स्वामी एवं सेवानिवृत वरिष्ठ संभागीय कमर्शियल मैनेजर रेलवे सुनील कुमार श्रीवास्तव थे। क्लब अध्यक्ष रवि वैश्य, निर्वाचित प्रांतपाल अखिल मिश्र, पूर्व प्रांतपाल सुनील फाटक, पूर्व अध्यक्ष अरुण कांत अग्रवाल, वरिष्ठ साहित्यकार अमरेंद्र नारायण, महाराष्ट्र शिक्षण मंडल सचिव प्रमोद पाठक, सारंग भिड़े द्वारा प्रतिभागियों को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र एवं नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता का संचालन सेवानिवृत्त प्रोफेसर प्रभात कुमार मिश्र एवं आभार क्लब सचिव कु सोनम केसरवानी ने किया।

आयोजन में प्रो अतुल दुबे, एड सुनील राजपूत, मधुसूदन मोदी, नरेंद्र बत्रा, ओ पी उपाध्याय, निर्वाचित अध्यक्ष रोहित माटा, अजय चौधरी, राकेश गिदरोनिया आदि का सहयोग रहा। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुमारी श्रेया तिवारी जॉय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, द्वितीय स्थान कु स्नेहा स्वर्णकार सरस्वती शिशु मंदिर शाला, तृतीय स्थान कु स्मृति पचौरी नचिकेता हायर सेकेंडरी स्कूल तथा प्रोत्साहन पुरस्कार श्रेष्ठ गीत नायक महाराष्ट्र इंग्लिश मीडियम स्कूल, कु निधि शर्मा गुरु नानक कन्या शाला, एवं कु खुशी तिवारी जॉय सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने प्राप्त किया।

# नेशनल गेम्स में भाग लेने मप्र की वूशु दल गोवा पहुंचा



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश वूशु संघ की सचिव विश्वामित्र अवार्डी भारतीय वूशु दल की प्रशिक्षक सारिका गुप्ता के अनुसार नेशनल गेम्स गोवा में भाग लेने के लिए प्रदेश की 18 सदस्यीय वुशु दल 30 अक्टूबर को गोवा एक्सप्रेस से गोवा पहुंच चुका है। मध्य प्रदेश वूशु दल में 15 खिलाड़ी, 1 प्रशिक्षक,1 फिजियोथैरेपिस्ट एवं 1 मैनेजर शामिल है। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय खेलों में वूशु खेल की स्पर्धा 1 से 4 नवंबर 2023 तक कंपाल इंडोर स्टेडियम गोवा में आयोजित की जा रही है । 30 अक्टूबर को खिलाड़ियों एवं अधिकारियों का रजिस्ट्रेशन एवं 31 अक्टूबर को खिलाड़ियों का वजन एवं ड्रॉ आदि किये जाएंगे। विदित हो कि विगत 4 राष्ट्रीय खेलों में मध्य प्रदेश ने वृशु में सर्वाधिक पदक अर्जित किए हैं। मप्र की टीम को राष्ट्रीय खेलों हेतु खिलाड़ियों को किट, ट्रैक सूट आदि वितरित किए गए। टीम में भूरक्षा दुबे, प्रियम जैन, स्पर्श खरे , नम्रता बत्रा, सुभाष तोमर, पूर्वी सोनी, रोहित जाधव, शुभमराज पटेल, गीतांजलि त्रिपाठी, नेहा सरवैया, वंशिका नामदेव, अंशिता पांडे, चेतन चौहान, राहुल यादव, आदित्य बौद्ध को शामिल किया गया है। सारिका गुप्ता, मुख्य प्रशिक्षक, डाक्टर गौरव मेहरा फिजियोथैरेपिस्ट, और अध्यक्ष मध्य प्रदेश वूशु संघ एनके त्रिपाठी मैनेजर हैं। मध्य प्रदेश वूशु दल कुल 36 इवेंट्स में से 15 में भाग लेगा । पिछले वर्ष गुजरात में वुशु दाल में कुल 6 पदक अर्जित किया। सभी खिलाड़ियों को भारतीय वूशु संघ के सनरक्षक भूपेंद्र सिंह चौहान,अध्यक्ष जीतेन्द्र बाजवा , सी ई ओ सुहेल अहमद , मध्य प्रदेश खेल एवम् युवक कल्याण विभाग के द्वारा, संचालक रवि गुप्ता, बी एस यादव, पी एस बुंदेला, विकास खराड़कर, नितेश वर्मा, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, रजनीश सक्सेना, शैलेंद्र शर्मा , माया रजक, विकास चतुर्वेदी आदि के द्वारा शुभकामनाएं दी गई हैं। मध्य प्रदेश का वूशु दल इस प्रकार है- स्पर्श खरे, वंशिका नामदेव, प्रियम जैन, पूर्वी सोनी, भू रक्षा दुबे, अंशिता पांडे, राहुल यादव, गीतांजलि त्रिपाठी, नेहा सवैया, चेतन चौहान, सुभाष तोमर, आदित्य बौद्ध, शुभम राज पटेल, रोहित यादव, नम्रता बत्रा।

# जबलपुर-दानापुर, कोटा-दानापुर के लिए चलाई त्योहारी सीजन में स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर, देशबन्धु।** त्यौहारी सीजन में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल रेलगाडियाँ चलाने का निर्णय लिया गया है। जिसमें पमरे से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली जबलपुर-दानापुर-जबलपुर एवं कोटा-दानापुर-कोटा स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही है। इन स्पेशल ट्रेनों का रेलयात्री किसी भी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाइट से आरक्षण करवा सकते हैं।

### यह है विशेष गाडियां

गाड़ी संख्या 09817/09818 कोटा-दानापुर-कोटा स्पेशल ट्रेन कोटा स्टेशन से दिनांक 05.11.2023 एवं 08.11.2023 को तथा दानापुर स्टेशन से दिनांक 06.11.2023 एवं 09.11.2023 को 02-02 ट्रिप चलने का निर्णय लिया गया है। इस स्पेशल ट्रेन के संचालन से दोनों दिशाओं में कोटा, बारां, रुठियाई, गुना, अशोक नगर, मालखेड़ी, सागर, दमोह, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन के यात्रियों को सुविधा होगी।

गाड़ी संख्या 01705/01706 जबलपुर-दानापुर-जबलपुर स्पेशल ट्रेन जबलपुर स्टेशन से दिनांक 09.11.2023 एवं 15.11.2023 को तथा दानापुर स्टेशन से दिनांक 10.11.2023 एवं 16.11.2023 को 02-02 ट्रिप चलने का निर्णय लिया गया है। इस स्पेशल ट्रेन के संचालन से दोनों दिशाओं में जबलपुर, सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन के यात्रियों को सुविधा होगी।

# अभ्यर्थी द्वारा प्रारूप-5 में देना होगा नाम वापसी का नोटिस

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक यदि कोई अभ्यर्थी अपनी उम्मीदवारी से नाम वापस लेना चाहता है तो इसके लिए उसे प्रारूप-5 में हस्ताक्षरित नोटिस रिटर्निंग अधिकारी को देना होगा । अभ्यर्थी द्वारा यह नोटिस उम्मीदवारी की वापसी के लिए नियत अंतिम तारीख को दोपहर 3 बजे तक हर हाल में रिटर्निंग अधिकारी को सौंपना होगा। इस समय-सीमा के बाद नाम वापसी के प्राप्त नोटिस को रिटर्निंग अधिकारी द्वारा मान्य नहीं किया जायेगा।

निर्वाचन आयोग के अनुसार अभ्यर्थी से नाम वापस लेने का नोटिस स्वयं अभ्यर्थी के या उनके प्रस्तावकों में से कोई एक प्रस्तावक अथवा उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रिटर्निंग अधिकारी को सौंपा जाना चाहिए । यदि अभ्यर्थी स्वयं नाम वापसी का नोटिस देने रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष नहीं उपस्थित हो सकता है तो ऐसी सूरत में उसे अपने निर्वाचन अभिकर्ता या प्रस्तावक को नाम वापसी का नोटिस सौंपने के लिए लिखित में अधिकृत करना होगा।

### एक बार देने के बाद निरस्त नहीं की जा सकेगी नाम वापसी की सूचना

निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि उम्मीदवारी से नाम वापस लेने का नोटिस नामांकन पत्रों की संवीक्षा का काम पूरा होने के बाद उसी दिन या उसके अगले दिन भी रिटर्निंग अधिकारी को दिया जा सकता है । लेकिन एक बार नाम वापसी का नोटिस रिटर्निंग अधिकारी को सौंप दिये जाने के बाद उसे किसी भी सूरत में वापस भी नहीं लिया जा सकेगा। उम्मीदवारी से नाम वापस लेने की समय-सीमा के बाद रिटर्निंग अधिकारी नाम वापसी के प्राप्त नोटिसों को प्रारूप-6 में अपने कक्ष के बाहर नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करेगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक नाम वापसी की समय-सीमा समाप्त होने के बाद रिटर्निंग अधिकारी प्रारूप-7ए में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की अंतिम सूची तैयार करेगा और उन्हें प्रतीक चिन्ह का आबंटन करेगा तथा पहचान पत्र जारी करेगा।

# रेलवे परिसर में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया




**जबलपुर, देशबन्धु।** देश को एकता के सूत्र में बांधने वाले लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पश्चिम मध्य रेल में भी रन फॉर यूनिटी के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

उल्लेखनीय है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 25 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2023 तक राष्ट्रीय एकता सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय सहित तीनों मंडलों एवं दोनों कारखानों में राष्ट्रीय एकता सप्ताह आयोजन के अंतर्गत सरदार बल्लभभाई पटेल की जीवनी पर आधारित प्रदर्शनी, निबन्ध, ड्राइंग एवं रन फॉर यूनिटी सहित कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यालय खेलकूद संघ के तत्वाधान में प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक एवं अध्यक्ष पमरे खेलकूद संघ के मार्गदर्शन में रेल सौरभ अधिकारी क्लब में रन फ़ॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। जिसे महाप्रबंधक श्री सुधीर कुमार गुप्ता द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें अपर महाप्रबंधक श्री आर. एस. सक्सेना और प्रमुख विभागाध्यक्षों सहित अन्य रेल अधिकारियों ने भाग लिया।

इसी क्रम में एक अन्य कार्यक्रम में कार्मिक विभाग के प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी के तत्वाधान में महाप्रबंधक सभागार में महाप्रबंधक द्वारा सभी अधिकारियों को एवं कर्मचारियों को उनके कार्यस्थल में राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। जिसमें राष्ट्र की एकता अखण्डता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने की शपथ दिलवाई गई। इस कार्यक्रम में उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (भारतीय रेल) एवं सहायक कार्मिक अधिकारी का सक्रिय योगदान रहा।

# पमरे महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता हुए सेवानिवृत



**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल के मुख्यालय में 31 अक्टूबर को महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता की सेवानिवृत्ति हुई। इसके अलावा जबलपुर, भोपाल, कोटा मण्डलों एवं दोनों कारखानों में माह के अंतिम दिन महाप्रबंधक सहित कुल 105 रेलकर्मी सेवानिवृत्त हुए।

पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय में माह के अंतिम कार्य दिवस 31 अक्टूबर को महाप्रबन्धक सुधीर कुमार गुप्ता के अधिवार्षिता पर अपर महाप्रबन्धक आर. एस. सक्सेना एवं प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी प्रभात, मुख्य कार्मिक अधिकारी (प्रशासन) दीपक कुमार गुप्ता द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे महाप्रबंधक को सेवानिवृत्ति संबंधित दस्तावेज एवं गोल्ड प्लेटेड सिलवर मेडल प्रदान किये गये। उनकी सेवानिवृत्ति पर रेल प्रशासन की ओर से स्वस्थ, सुखी और समृद्ध जीवन के लिए शुभकामनायें दी गई। समारोह में इस अवसर पर सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

इसी तरह जबलपुर मंडल में 29 रेल कर्मचारियों, भोपाल मण्डल में 37 रेल कर्मचारियों, कोटा मण्डल में 21 रेल कर्मचारियों, भोपाल कारखाना में 07 रेल कर्मचारियों, कोटा कारखाना में 09 रेल कर्मचारियों एवं कोटा निर्माण में 01 रेल कर्मचारियों सहित पमरे पर कुल 105 रेल कर्मियों की सेवानिवृत्ति हुई। इस अवसर पर सेवानिवृत्त हो रहे सभी कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनकी सेवानिवृत्ति पर रेल प्रशासन के द्वारा शुभकामनाए दीं गई।

# पं. लज्जा शंकर झा शासकीय मॉडल स्कूल में मनाया जायेगा प्रदेश का स्थापना दिवस

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश स्थापना दिवस 01 नवम्बर को प्रात: 8.45 बजे से पंडित लज्जा शंकर झा शासकीय मॉडल हाई उत्कृष्ट उ.मा.वि. जबलपुर में मनाया जाना है। जिसमें सभी विभाग और कार्यालय प्रमुख को अपने स्टाफ के साथ निर्धारित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के निर्देश हैं।

# सुहागिन महिलाएं आज रखेंगी पति की दीर्घायु के लिए निर्जला व्रत

## चन्द्रमा को अर्घ्य देकर पति के हाथों पानी पीकर व्रत करेंगी पूर्ण



**जबलपुर, देशबन्धु।** कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को आज सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु के लिए निर्जला व्रत रखकर चंद्रमा को अर्घ्य देकर करवा माता की पूजा-अर्चना कर अपने पति के हाथों से पानी पीकर अपना व्रत पूर्ण करेगी। इस बार करवा चौथ का त्यौहार आाज 1 नवंबर को मनाया जा रहा है। करवाचौथ पहले हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात और राजस्थान आदि राज्यों में मनाया जाता था। लेकिन अब मध्य प्रदेश के साथ ही अन्य प्रदेशों में तेजी से करवाचौथ मनाने की परम्परा बढ़ती जा रही है। जिससे प्रदेश एवं जिलों के साथ जबलपुर के कपड़ा व्यापारियों और ब्यूटी पार्लर सहित लघु उद्योगों से जुड़े कारोबारियों के व्यापार में इजाफा हो रहा है।

**कारोबारियों को लाभ-** मध्य प्रदेश करवाचौथ मनाने की बढ़ रही परम्परा से जहां कपड़ा, सराफा व्यापारियों के व्यापार में इजाफा होता है, तो वहीं मिट्टी के करवें बनाने के साथ ही ब्यूटी पार्लर, मनिहारी जैसे छोटे-छोटे लघु उद्योगों से जुड़े व्यापारियों को करवाचौथ व्रत लाभ होने लगा है।

**करवाचौथ की पूजन विधि-** करवाचौथ के दिन विवाहित महिलाएं प्रात:काल उठकर स्नान करने बाद जीवन के सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना के साथ अखंड सौभाग्य का संकल्प लेंती है। करवा चौथ का व्रत और पूजा का संकल्प लेने के बाद पूजा स्थल पर भगवान शिव, मां पार्वती, भगवान कार्तिकेय और गणेश की स्थापना करें। तत्पश्चात चौथ माता फोटो रखकर पूजा की जगह पर मिट्टी का करवा रखते हुए सभी देवी-देवताओं आह्वान करते हुए पूजा शुरू करें।

**पूजन सामग्री तैयार करें**--पूजन की थाली में सभी सामग्रियों को एकत्र करने साथ ही सभी महिलाएं करवा माता की आरती और कथा सुनें। पूजन-अर्चन के दौरान महिलाएं सोलह श्रृंगार कर शाम को भगवान शिव-पार्वती, स्वामी कर्तिकेय, गणेश और चंद्रमा का विधिपूर्वक पूजन करते हुए नैवेद्य अर्पित करें। रात्रि चंद्रोदय के बाद चंद्रमा का दर्शन कर चंद्रमा से जुड़े मंत्रों को पढ़ते हुए चांद को अर्घ्य दें।

**करवा चौथ पूजन सामग्री**-मिट्टी का करवा, पूजन थाली,कलावा, अगरबत्ती,नारियल, हल्दी, कुमकुम, छलनी, अक्षत, करवा माता का चित्र, सींक, जल, मिठाई, सुहाग की सभी सामग्री, फूल-माला, दीपक, रोली, सिंदूर, मेहंदी आदि सामग्री का पूजन में उपयोग किया जाता है।

### इनका कहना है

सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु के लिए करवाचौथ का निर्जला व्रत रखती है। रात्रि में चन्द्रोदय के पश्चात चंद्रमा को अर्घ्य देकर पति का पूजन कर उनके आर्शीवाद लेती है। इसके बाद सुहागिन महिलाएं अपने पति के हाथों से पानी पीकर निर्जला व्रत पूर्ण करती है। उन्होंने यह बताया कि करवाचौथ पंजाबी समुदाय का मुख्य त्यौहारों में से एक है। लेकिन वर्तमान में धीरे-धीरे देश के लगभग सभी राज्यों में करवाचौथ मनाने का प्रचलन बढ़ रहा है।

-पं. लक्ष्मीधर बड़गैया

# नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा की सफलता के लिए हनुमान जी के 1100 नामों का हवन

**जबलपुर, देशबन्धु।** नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा के संचालक भगवान श्री हनुमान जी महाराज के सहस्त्रनामों से पंचकोशी की सफलता के लिए जमुना सभागार गोलबाजार में हवन किया गया। कार्तिक माह के प्रत्येक मंगलवार को हवन-पूजन किया जाएगा। इसी तारतम्य में कार्तिक मास के प्रथम मंगलवार को आचार्य पंडित मनमोहन दुबे ने भगवान हनुमान महाराज के एक-एक नाम के उद्घोष के साथ आहुति कराई गयी। इसके बाद महाआरती के साथ प्रसाद वितरण किया गया। लम्हेटा घाट स्थित सरस्वती घाट में शीघ्र पुल का निर्माण हो, पंचकोशी परिक्रमण निरविंग संपन्न हो, सभी सदस्यों ने भगवान से प्रार्थना की। इस अवसर पर जगदीश तिवारी, सत्य प्रकाश नामदेव, अवधेश खरे , पप्पू चौबे, श्याम मनोहर पटेल, सुरेश विश्वकर्मा, ध्रुव यादव आदि उपस्थित थे। नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ. सुधीर अग्रवाल, अध्यक्ष योगाचार्य डॉ शिवशंकर पटेल ने बताया 27 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा के दिन सोमवार को सुबह 8.30 बजे निकाली जाएगी, जिसमें देश से पधारे संत शहीद परिवारों के परिजन उपस्थित रहेंगे।



# देशभर के कलाकार देंगे प्रस्तुति

**जबलपुर, देशबन्धु।** ट्रिपल आईटीडीएम में तरंग फेस्ट 3 से 5 नवम्बर तक होगा। आयोजन में देशभर के संस्थानों से प्रतिभागी शामिल होने आते हैं। कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए इस फेस्ट में 33 से अधिक एंटरटेनिंग गेम्स और कॉम्पीटिशन होंगे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक क्लब में जज़्बात, संवाद, आवर्तन, साज़, अभिव्यक्ति और शटरबॉक्स क्लब द्वारा नुक्कड़, गायन, पेंटिंग्स, क्विज, वाद-विवाद, नृत्य एवं वीडियो-एडिटिंग की एक्टिविटी खास होंगी। समारोह में प्रो-नाइट्स भी प्रतियोगियों के आकर्षण का केंद्र रहेंगी, जिसमें देशभर के कलाकार प्रस्तुति देंगे।

# जबलपुर लेडीज क्लब ने डांस, म्यूजिक से सेलिब्रेट की दिवाली

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर लेडीज क्लब का दिवाली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लेडीज ने तरह-तरह के गेम्स खेलकर प्राइज बटोरे। कार्यक्रम में क्लब की सबसे पुरानी मेंबर 93 साल की लीना मुखर्जी, नीता शर्मा और हेमलता अग्रवाल गेस्ट रहीं। इस दौरान अर्पिता आनंद ने मेरे घर राम आएं हैं... गीत पर नृत्य प्रस्तुति दी, तो वहीं नीलू अग्रवाल और आरती अग्रवाल ने भी मंच सांझा किया। इस मौके पर प्रेसिडेंट मनीषा दुबे, राज रूपराह, स्वीटी आनंद, कुसुम अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, नीता लूथरा, संगीता ग्रोवर, अर्पणा अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, सुनीता भंडारी, रीता अरोरा मौजूद थीं।

# प्रकृति-पशु प्रेमी बनाती है वीगन लाइफ

## वर्ल्ड वीगन डे लोग अपना रहे स्पेशल डाइट




**जबलपुर, देशबन्धु।** जैसा खाएं अन्न, वैसा होए मन। यह कहावत लोगों के बिगड़े खानपान और जीवनशैली में सुधार करने पर लागू होती है। हेल्थ और फिटनेस लाइफ के लिए लोग शाकाहारी खानपान चुन रहे हैं, वहीं स्पेशल डाइट प्लान के लिए वीगन चार्ट पर फोकस किया जा रहा है। प्रकृति और पशुओं के संरक्षण के लिए सोचने वाले लोगों के बीच वीगन फूड का कॉन्सेप्ट हिट हो रहा है। वीगन फूड को रूटीन में शामिल करने के लिए हर साल 1 नवम्बर को वर्ल्ड वीगन डे मनाया जाता है।

**चलाते हैं जागरुकता कार्यक्रम-** एनिमल सेव मूवमेंट संस्था से जुड़े नमन डेढ़िया ने बताया कि वे चार साल पहले वीगन लाइफ स्टाइल अपना चुके हैं। पशुओं के साथ होने वाली क्रूरता ने उन्हें एक दिन इतना प्रभावित किया कि उन्होंने वीगन लाइफ को चुनना पसंद किया। अब वे दूसरों को वीगन बनने के लिए मोटिवेट करते हैं। इसके चलते कभी स्कूल और कॉलेज में कैम्पेन चलाए जाते हैं, तो कभी डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन शहर के चौक-चौराहों में किया जाता है।

### ऐसे बनते हैं विकल्प-

- मिल्क का विकल्प है सोया मिल्क
- मूंगफली मिल्क से बनाते खीर
- कोकोनट मिल्क से चाय और कॉफी
- चमड़े के क्लॉथ और फुटवियर की बजाय पेड़ की छालों से बना फॉक्स लैदर का उपयोग
- एक चम्मच तिल से एक गिलास मिल्क बराबर कॉल्शियम



# स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में कैम्पस प्लेसमेंट से परखी स्किल एबिलिटी

**जबलपुर, देशबन्धु।** होटल मैनेजमेंट के स्टूडेंट्स की कौशल योग्यता को परखा गया। छात्रों का चयन विभिन्न पदों के लिए हुआ, जहां उनकी कुकिंग, सर्विंग एबिलिटी, अटेंडिंग स्किल को देखा गया। मंगलवार को स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग टेक्नोलॉजी एंड एप्लाइड न्यूट्रिशन के तत्वावधान में कैम्पस सिलेक्शन आयोजित हुआ। मुम्बई के ताज होटल से आई टीम द्वारा छात्रों का मैनेजमेंट ट्रेनी, एंट्री लेवल जैसे पदों के लिए चयन किया गया। संस्था प्राचार्य डॉ. डीएस सोढ़ी ने बताया कि संस्था को एनसीएचएमसीटी नोएडा से बीएससी डिग्री कंडक्ट करवाई जाती है।

# ज्ञानोदय आवसीय विद्यालय रांझी में कैडेट्स ने समझी सेना की भर्ती प्रक्रिया

**जबलपुर, देशबन्धु।** संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन ज्ञानोदय आवासीय स्कूल रांझी में किया गया। शिविर के अंतर्गत ग्रुप कमाण्डर, ब्रिगेडियर एजी बरबरे, डिप्टी ग्रुप कमाण्डर कर्नल एके गुप्ता ने कैम्प का विजिट किया। इस दौरान कैडेट्स को ग्रुप कमाण्डर द्वारा सेना भर्ती की प्रक्रिया से रूबरू करवाया गया। इस मौके पर कैंप कमांडेंट सेना मेडल, कर्नल विक्रांत त्यागी, डिप्टी कैंप कमांडेंट सौरभ चौहान, सूबेदार मेजर राकेश कुमार, सूबेदार आकिल होसेन, नायब सूबेदार निर्मल जायसवाल, एनसीसी ऑफिसर ले. अशोक नायक, सेकेंड ऑफिसर हेमंत काठी मौजूद थे।



# महाराष्ट्र भगिनी मंडल में मराठी-हिन्दी मिक्स धुनों पर किया गरबा



**जबलपुर, देशबन्धु।** हिन्दी और मराठी गीतों की धुनों के बीच प्रतिभागियों ने गरबा खेला। इस दौरान जहां नृत्य और संगीत प्रस्तुतियां खास रहीं, तो वहीं भूलाबाई के गीतों पर मनोरम नृत्यों ने दर्शकों को भावविभोर किया। महाराष्ट्र समाज भगिनी मंडल के तत्वावधान में शरदोत्सव और कौजागिरी उत्सव मनाया गया। गरबा जजमेंट गनीरजा बोधणकर ने किया। जिसमें फर्स्ट योगिता धापोड़कर, सेकेंड अरुणा फाटक और थर्ड राधिका बेहरे रहीं। इस मौके पर डॉ. स्वाति गोडबोले, छाया दवंडे, कीर्ति बर्बे, वीणा खेर, मनीषा वैध, शिल्पा ताम्हणे, डॉ. स्मिता सप्रे, सुचेता येवलेकर, मंगला फाटक, विध्या चित्तले मौजूद रहीं।

## दैनिक राशिफल

मंगलवार 31 अक्टूबर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। कार्तिक कृष्णपक्ष की तृतीया। नक्षत्र-रोहिणी।

**मेष**
आज का दिन आनंद और उल्लास से भरा हुआ होगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य भी अच्छा होगा।

**वृषभ**
शारीरिक तथा मानसिक रुप से आज आप चिंता में रहेंगे। चिंताओं के कारण मानसिक दबाव होगा, जिससे आपको थकान महसूस हो सकती है।

**मिथुन**
आपका आज का दिन विविध लाभों की प्राप्ति करानेवाला होगा। परिवार में पुत्रों और पत्नी की तरफ से लाभदायक समाचार मिलेंगे।

**कर्क**
नौकरी या व्यवसाय करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायक है। नौकरीपेशा लोगों पर उच्च पदाधिकारियों की कृपादृष्टि रहने से पदोन्नति की संभावना है।

**सिंह**
आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। आप धार्मिक और मांगलिक कार्यों में जा सकते हैं। आपका व्यवहार न्याय प्रिय रहेगा।

**कन्या**
आज नए काम हाथ में लेना हितकर नहीं है। बाहर के खाद्यपदार्थों से तबीयत खराब होने की आशंका रहेगी। क्रोध को नियंत्रण में रखने के लिए मौन रहना सही साबित होगा।

क. 479-158

**तुला**
आज का दिन प्रणय, रोमांस, मनोरंजन और मौज-मस्ती से भरपूर है। सार्वजनिक जीवन में आप सम्मान प्राप्त करेंगे।

**वृश्चिक**
पारिवारिक सुख- शांति के कारण शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। निर्धारित कामकाज में आप सफलता प्राप्त कर सकेंगे।

**धनु**
आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी है। आज आपको पेट संबंधी समस्या हो सकती है। संतान का स्वास्थ्य और उनकी पढ़ाई के संबंध में चिंता से मन व्यग्र रहेगा।

**मकर**
आप का आज का दिन मध्यम फलदायी है। शारीरिक एवं मानसिक रूप से आज प्रतिकूलता का अनुभव करेंगे।

**कुंभ**
चिंताओं के बादल हटने से आप मानसिक हल्कापन महसूस करेंगे। मन में उत्साह का संचार होगा, जिस वजह से दिनभर का समय आनंदपूर्वक गुजरेगा।

**मीन**
आज आप को खर्च पर संयम रखने की सलाह दी जाती है। क्रोध और जिह्वा पर संयम रखें। अन्यथा किसी से विवाद होने की आशंका है।

मा. 379-360

4,5,7,8,42,57,75,83,38,55,02,11

# पुरस्कार वितरण के साथ 26 वां आध्यात्मिक शिविर सम्पन्न



**जबलपुर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन की स्थापना के साथ भारत सहित सम्पूर्ण विश्व में शासन नायक 1008 तीर्थंकर महावीर भगवान के सर्वोदय तीर्थ को जन-जन तक पहुंचाकर युवाओं में तत्वज्ञान की अलख जगाने वाली जैन समाज की अग्रणी संस्था ज्ञान तीर्थ पंडित टोडरमल स्मारक जयपुर में पंडित टोडरमल सर्वोदय ट्रस्ट द्वारा आठ दिवसीय 26 वां आध्यात्मिक शिक्षण शिविर की उपलब्धियों सहित पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ। जिसमें संस्कारधानी जबलपुर सहित पूरे देश से विद्वतगण एवं जिनशासन सेवकों ने हिस्सा लिया। मिडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने बताया कि रविवार को समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण की अध्यक्षता सुशील कुमार गोदी, विशिष्ट अतिथि सुमेरचन्द बैलोकर, कमला भारिल्ल, गुणमाला भारिल्ल, कमलचन्द जैन, डॉ. शुद्धात्मप्रभा टड़या, डॉ. दीपक शास्त्री, डॉ. तपिश शास्त्री, अमित शास्त्री, अभिनय शास्त्री, सर्वज्ञ भारिल्ल शास्त्री आदि मंचासीन थे। इस अवसर पर परमात्मप्रकाश भारिल्ल, डॉ. शान्तिकुमार पाटील, डॉ. शुद्धात्मप्रकाश भारिल्ल का विशेष उद्बोधन प्राप्त हुआ। शिविर में पढ़ाये गये 20 विषयों की परीक्षाएँ ली गई, जिसमें शास्त्री महाविद्यालयों के कुल 320 विद्यार्थियों ने विषयों की परीक्षाएं दीं। मात्र 10 घण्टे में रिजल्ट तैयार कर विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। महाविद्यालय की प्रत्येक कक्षा से श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले विद्याथियों को नगद पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# सरदार वल्लभभाई पटेल और इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर याद किया

**जबलपुर,देशबन्धु।** नगर कांग्रेस कमेटी के द्वारा भारत रत्न प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर इंदिरा गांधी उद्यान सिविक सेंटर में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके साथ ही लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्म जयंती पर उनके तेल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर नगर के प्रथम नागरिग और महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नु ने कहा विश्व पटल में भारत देश को पहचान दिलाने में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का अभूतपूर्व योगदान रहा है। पूरे विश्व के सामने मजबूत भारत की छवि भारत रत्न इंदिरा गांधी के जमाने में बनी। बिखरी हुई रियासतों को जोड़ने में सरदार वल्लभ भाई पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका को यह राष्ट्र कभी भुला नहीं सकता। इस अवसर पर भगत राम गुड्डू, शिवकुमार चौबे, शिव अग्रवाल, रिजवान अली, कोटी लखन चौबे, आशुतोष ठाकुर, भानु सिंह, भाग्यश्री गोस्वामी, विष्णु विनोदिया, गोपाल लोधी, रंबल विश्वकर्मा, श्याम सोलंकी, सत्येंद्र पचौरी, अनिल गुप्ता, उत्तम राव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मनोज नामदेव व आभार प्रदर्शन संगठन मंत्री मनोज सेठ ने किया।





# मानवीय सेवा के लिए डॉ. राजेश पटैल सम्मानित

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने जारी विज्ञप्ति में बताया चिकित्सा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यो एवं मानव सेवा को ही ईश्वर सेवा और मानवीय दृष्टिकोण रखने वाले गरीब एवं बेसहारा व्यक्तियों को ईलाज उपलब्ध कराने वाले देश प्रदेश के प्रसिद्ध किडनी ट्रांसप्लांट विशेषयज्ञ डॉ0 राजेश पटेल का म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने अभिनंदन पत्र, पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। संघ द्वारा डॉ पटैल को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई की आप इसी तरह निर्धन असहाय पीडितों की निरंतर सेवा करते रहेंगे। इस अवसर पर संघ के योगेन्द्र दुबे, डॉ. अभिषेक दुबे, अर्वेन्द्र राजपूत, अवधेश तिवारी, अटल उपाध्याय, संजय यादव, मुकेश सिंह, मंसूर बेग, आशुतोष तिवारी, आलोक अग्निहोत्री, दुर्गेश पाण्डे, अभिषेक मिश्रा, दीपक सोनी, विकास रजक, महेश कोरी, मो0 तारिख, धीरेन्द्र सोनी आदि उपस्थित रहे ।

# निधन

## ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान

**श्रीमती चित्रा दुबे-** दीक्षितपुरा निवासी श्री गिरजा शंकर दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती चित्रा दुबे (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उमा तिवारी-** कोल माइंस आफिस रोड गुप्तेश्वर निवासी श्री आनंद कुमार तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती उमा तिवारी (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती मधु मिश्रा-** बाजनामठ जेडीए कॉलोनी निवासी श्री राम शंकर मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती मधु मिश्रा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अंकित जायसवाल-** साहू मोहल्ला सिद्धबाबा निवासी श्री अशोक जायसवाल के पुत्र श्री अंकित जायसवाल (29) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती दुक्खन बाई-** इंद्रा नगर सदर केंट निवासी श्री शंभू की धर्मपत्नी श्रीमती दुक्खन बाई (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती माया सोनकर-** छोटी ओमती धर्मकांटा के पास निवासी श्री घनश्याम सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती माया सोनकर (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

**श्रीमती राधा त्यागी-** न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री लक्ष्मी नारायण त्यागी की धर्मपत्नी श्रीमती राधा त्यागी (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीराम कोल- सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्रीराम कोल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रेणू सिन्हा-** सैनिक सोसायटी शक्ति नगर निवासी श्री उमेश नारायण सिन्हा की धर्मपत्नी श्रीमती रेणू सिन्हा (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अमृत लाल बंशकार-** बजरंग नगर व्हीकल रोड रांझी निवासी श्री अमृत लाल बंशकार (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती बेनी बाई श्रीवास्तव-** दुर्गा नगर रामपुर निवासी श्री जेपी श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती बेनी बाई श्रीवास्तव (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री दिलीप कलवानी- द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री दिलीप कलवानी (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शीला देवी पटेल-** बुद्धू काछी का बाड़ा मानेगांव रांझी निवासी श्री सियाराम पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती शीला देवी पटेल (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चंचल भोला-** खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री ओम प्रकाश भोला की धर्मपत्नी श्रीमती चंचल भोला (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

**श्रीमती ज्ञानवती ठाकुर-** रतन नगर एलआईसी मदनमहल निवासी श्री पतिराम ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती ज्ञानवती ठाकुर (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

## मांडवा बस्ती में प्रचार को लेकर विवाद, बाउंसर बुलाकर पिटवाने का आरोप



**जबलपुर,देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा-कांग्रेस दोनों ही प्रमुख पार्टियों ने पूरी ताकत झोंक दी है। तेजी से प्रचार प्रसार भी चल रहा है। खुद के काम गिनाने और दूसरे की कमियां गिनाने का भी दौर चल रहा है ऐसे में विवाद की स्थिति भी निर्मित हो गई है। गोरखपुर थाना अंतर्गत मांडवा बस्ती में प्रचार प्रसार को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि पुलिस बुलानी पड़ गई।

महिलाओं के बीच उपजे विवाद के दौरान मारपीट का भी आरोप लगा। हंगामा इतना बढ़ गया कि दोनों ही पक्षों की महिलाओं ने एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए। महिला बाउंसर बुलाकर भी पिटाई करवाने का आरोप लगाया गया। बताया जाता है कि एक गुट भाजपा का था तो दूसरे क्षेत्रीय नागरिक थे। सूचना मिलते ही भारी पुलिस फोर्स पहुंच गया जिसके बाद दोनों पक्षों को समझाइश दी गई। हालांकि देर शाम तक मामले में एफआईआर नहीं हुई थी।

## खारी में गया युवक नहाने के दौरान हुआ लापता



**जबलपुर, देशबन्धु।** खारी में शामिल होने गया एक युवक नर्मदा नदी में नहाते समय गहरे पानी में जाकर लापता हो गया। मामले की जानकारी लगते ही मौके पर ग्वारीघाट पुलिस एवं गोताखोरों की टीम पहुंची। जिन्होंने युवक को तलाशने का काम शुरु किया। इस संबंध में मृतक ठक्कर ग्राम निवासी के भाई धीरज घसिया ने बताया कि उसका भाई नीरज घसिया नगर निगम में प्राइवेट कर्मचारी है। जो मंगलवार को दोपहर लगभग 12 बजे के वक्त खारी के कार्यक्रम में शामिल होने खारी घाट पर आया था। खारी के बाद वह अपने 3-4 साथियों के साथ नर्मदा नदी में नहाने के लिए गया हुआ था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया। युवक के भाई ने बताया कि घटना के 3 से 4 घण्टे बीत जाने के बाद भी उसके भाई का पता नहीं चल सका।

## एमआर फोर पर चार पहिया वाहन से जप्त की गई 5 लाख 53 हजार की राशि

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन की प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं को प्रभावित करने की आशंका से बड़ी मात्रा में नकदी के प्रवाह को रोकने के निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आज शाम विधानसभा क्षेत्र जबलपुर उत्तर के स्थैतिक निगरानी दल क्रमांक-पांच ने कछपुरा चैक पोस्ट क्रमांक-2 पर वाहनों की चैकिंग के दौरान एक चार पहिया से 5 लाख 52 हजार 800 रूपये की राशि जप्त की है। जप्त की गई राशि को जिला कोषालय में जमा करा दिया गया है।

स्थैतिक निगरानी दल के प्रमुख श्रीराम भगत के मुताबिक यह राशि वाहनों की तलाशी के दौरान एमआर फोर शाम 4.40 बजे चार पहिया वाहन क्रमांक एम 20 09 जेडई 8282 महिन्द्रा एसयूवी से जप्त की गई है। उन्होंने बताया कि कार्यवाही के दौरान वाहन चालक मुस्कान प्लाजा एमआर फोर निवासी पुष्पेन्द्र द्विवेदी राशि का स्त्रोत और प्रयोजन से संबंधित संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके। जप्त की गई राशि की सूचना लार्डगंज पुलिस थाना को दे दी गई है।

## बेखौफ थाने के सामने से चोरी की रेत लोड कर ले जा रहा टैक्टर चालक, पुलिस ने पकड़ा

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेत माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हो गये हैं कि थाने के सामने से अवैध रेत उत्खनन कर ट्रैक्टर टॉली में भरकर ले जा रहे हैं। लेकिन शक होने पर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को पकड़ा और रेत के दस्तोवज पूछे। जो ट्रैक्टर चालक नहीं दिखा पाया। जिसके बाद पुलिस ने रेत से भरा ट्रैक्टर जप्त कर लिया है।



जानकारी के अनुसार मंगलवार को सुबह भेड़ाघाट थाने के सामने मेन रोड से बिना नंबर के नीले रंग का स्वराज कंपनी के ट्रैक्टर जिसकी ट्रॉली में रेत भरी हुई थी। जिसे पुलिस ने शक के आधार पर रोक लिया और पूछताछ में ट्रेक्टर चालक ने अपना नाम दुर्गेश बर्मन उम्र 20 वर्ष निवासी सरस्वती घाट बताया। रेत परिहवन सम्बंधी कागजात के बारे में पूछने पर ट्रेक्टर एवं रेत परिवहन के संबंध में कागजात नहीं होना एवं स्वयं का ड्राइवरी लाइसेंस नहीं होना बताते हुये उपरोक्त ट्रेक्टर रोहित दुबे निवासी सरस्वती घाट का होना बताया तथा अवैध रुप से सरस्वती घाट से रोहित दुबे के कहने पर रेत चोरी कर ट्रॉली में रेत भरकर रेत खाली करने के लिये शिल्पी नगर जाना बताया। पुलिस ने आरोपी दुर्गेश से बिना नंबर का रेत लोड ट्रैक्टर ट्रॉली तथा मोबाइल जप्त करते हुऐ आरोपी दुर्गेश तथा रोहित दुबे के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।



## सेवानिवृत्त हुये 5 अधिकारियों/कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक ने दी भावभीनी विदाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** पुलिस कन्ट्रोलरूम में मंगलवार शाम 5 बजे 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर जिला लोक अभियोजन अधिकारी विनोद कुमार परोहा, कार्यवाहक निरीक्षक कमलेश शुक्ला पुलिस लाईन, उप निरीक्षक यदुवंश प्रसाद मिश्रा थाना माढोताल, सहायक उप निरीक्षक सुखलाल अहिरवार, कार्यवाहक प्रधान आरक्षक राममित्र त्रिपाठी थाना गोहलपुर को पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय बी.एस. गोठरिया तथा रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य की उपस्थिति में सुखद स्वस्थ एवं दीर्घायु की कामना करते हुये स्मृति चिन्ह के साथ-साथ अवकाश नगदीकरण, बीमा, पैंशन, ग्रेज्युटी के दस्तावेज भेंट करते हुये भावभीनी विदाई दी गयी।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने कहा कि आप सभी की 31 से 42 साल तक की सेवा अवधी शानंदार, यादगार एवं बेदाग रही। आप सभी ने निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ बखूबी अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया, एवं जबलपुर पुलिस को सराहनीय योगदान दिया। आप सभी को एवं आपके परिवार को लम्बे और सफल कार्यकाल के लिये बधाई। यदि आपको किसी भी प्रकार की कोई समस्या आती है तो आप कभी भी किसी भी समय मुझे अपनी समस्या बता सकते है, आपकी समस्याओं का त्वरित प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जायेगा।



## पुलिस ने पकड़े 3 शातिर मोबाईल चोर, 3 लाख 12 मोबाईल बरामद

**जबलपुर, देशबन्धु।** ओमती थाना में बीते दिनों एक युवक ने मोबाइल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। जिसके बाद पुलिस ने पतासाजी कर उस फोन को खोजते हुये शातिर मोबाइल चोरों का ही पता ही लगा लिया।

जानकारी के अनुसार ओमती थाना में कुलदीप ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने काम से तीन पत्ती बस स्टैण्ड गया था, काम खत्म करके रात्रि 11.30 बजे निकल रहा था, तीन पत्ती बस स्टैण्ड के पास उसका बैगनी रंग का एप्पल कम्पनी का आईफोन किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया और चोरों की तलाश शुरू की। पतासाजी के दौरान घटना स्थल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गये। फुटेज एवं सूचना के आधार पर चिन्हित करते हुये संदेही आमिर खान निवासी टेढीनीम बाबा टोला को पकड़कर पूछताछ की गयी। जिसमें आमिर खान ने अपने साथी एहफाज अंसारी निवासी पंचकुईया के साथ दशहरा के दौरान भीड़ में 9 मोबाइल चुराना बताते हुये 5 मोबाइल अपने पास रखना एवं 4 मोबाइल एहफाज अंसारी के पास होना बताया। इसके साथ ही अन्य साथी सौरभ विश्वकर्मा के साथ शहर में घुमकर लगभग 10 मोबाइल चुराना बताते हुये अपने हिस्से के 7 मोबाइल बेच देना बताया। पुलिस ने आरोपी एहफाज एवं सौरभ को सरगर्मी से तलाश कर पकड़ लिया। आरोपी आमिर खान के कब्जे से 5 मोबाइल, एहफाज अंसारी से 4 मोबाइल एवं सौरभ विश्वकर्मा से 3 मोबाईल इस प्रकार 12 मोबाईल बरामद किये गये हैं।

## डोसा खाकर रूपये देने के बाद भी युवक को होटल कर्मियों ने पीटा

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे स्टेशन में डोसा खाकर पैसे देने के बाद भी होटल कर्मचारी ने पैसे नहीं देने की बात पर युवक की जमकर धुनाई कर दी। जिसके बाद युवक ने थाने पहुंचकर होटल कर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है।

जानकारी के अनुसार सिविल थाना लाईन में मंगलवार दोपहर राज महेन्द्र यादव उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम मुगवाली अशोकनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मंगलवार सुबह लगभग 11: 45 बजे वह जबलपुर से मजदूरी करके गुना जा रहा था।



इसी बीच भूख लगने पर वह जबलपुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म नम्बर 1 के सामने लगी डोसा की दुकान में डोसा खाने के लिये रूक गया। डोसा खाने के बाद उसने दुकान में काम करने वाले लड़के को 100 रूपये दिया और 20 रूपये वापस मांगे तो एक अन्य लड़का आकर बोला कि तुमने पैसा नहीं दिया है।

इसी बात पर दोनों लड़के उसके साथ मारपीट कर गालीगलोज करने लगे। आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया एवं मारपीट करने वालों के नाम पारस अग्रवाल एवं प्रिंस अग्रवाल बताये थे। पुलिस ने युवक की रिपोर्ट पर दोनों लड़कों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## ग्रामीण इलाकों में पैर पसारता जा रहा सट्टे का व्यापार, चरगवां में सटोरिया पकड़ा गया

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहरी और ग्रामीण इलाकों में सट्टे का कारोबार पैर पसारते जा रहा है। वहीं ग्रामीण इलाकों में छोटे पैमाने पर सट्टा खिलाने का बेखौफ किया जा रहा है।

इसी कड़ी में चरगवां थाना अंतर्गत ग्राम जमुनिया में पुलिस ने एक सटोरिये को सट्टा लिखते रंगेहाथों पकड़ा है। जिससे सट्टा पट्टी व नगदी बरामद की गई है। मामले की जानकारी देते हुये चरगवां थाना पुलिस ने बताया कि बीती रात पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम जमुनिया शंभू महराज के टपरा के पास एक युवक सट्टा लिख रहा है। पुलिस ने तत्काल सूचना पर ग्राम जमुनिया में दबिश दी। जहां एक युवक सट्टा पटटी लिखते दिखा, जो पुलिस को अपनी ओर आता देखकर भागने लगा। लेकिन समय रहते उसे पुलिस कर्मियों ने दबोच लिया। पूछताछ में जिसने अपना नाम शिवकुमार उर्फ इंदु पटैल उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम बम्बाबारी बताया। पुलिस ने तलाशी के दौरान पकड़े गये युवक के कब्जे से एक सट्टा पट्टी, एवं नगदी 2 हजार 470 रूपये बरामद किये। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सट्टा एक्ट का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## दो भाई आपस में भिड़े, एक ने ईंट मारकर दूसरे का सिर फोड़ा

**जबलपुर, देशबन्धु।** बेलबाग थाना अंतर्गत भानतलैया चौधरी मोहल्ला में घर के सामने कार खड़ी करने की बात पर दो भाईयों में जमकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि लात घूंसों के साथ एक ने दूसरे पर ईंट से हमला कर सिर फोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार बेलबाग थाना में बीती रात इंद्रजीत चौधरी निवासी भानतलैया चौधरी मोहल्ला ने बताया कि बीती शाम वह अपने घर के बाहर खड़ा था उसके घर के सामने कार खड़ी थी, उसने कार को हटाने के लिये कहा तभी उसका बड़ा भाई राकेश चौधरी आकर बोला कि कार के खड़े होने से तुम्हें क्या आपत्ति है। उसने बड़े भाई को समझाने का प्रयास किया तो बड़ा भाई राकेश उसे गालीगलौज करते हुये हाथ-मुक्कों से मारपीट करने लगा तथा वहीं पड़े ईंट से हमलाकर उसके सिर मे चोट पहुंचा दी। राकेश का लड़का अभिषेक आकर गालीगलौज करते हुये ईंट से हमलाकर उसे सिर में चोट पहुंचा दी। उसकी पत्नी तथा अन्य लोगों ने आकर बीचबचाव किया तो दोनों जान से मारने की धमकी दिये। घायल की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

## विवेचना के 29 वें राष्ट्रीय नाट्य समारोह का आयोजन 2 नवंबर से



**जबलपुर, देशबन्धु।** विवेचना थिएटर ग्रुप द्वारा 1994 से लगातार राष्ट्रीय नाटक समारोह का आयोजन तरंग प्रेक्षा गृह में किया जा रहा है। इस समारोह में देश के श्रेष्ठ और वरिष्ठ नाट्य निर्देशों और नाट्य दलों के नाटक मंचित हो चुके हैं। देश का यह एकमात्र नाट्य उत्सव है। इस आशय जानकारी सुधाशु राय ने पत्रकार वार्ता के दौरान पत्रकारों को दी। जिसमें देश के सभी प्रमुख नाटक दल और निर्देशक इसमें शामिल होते हैं। विवेचना ग्रुप द्वारा वर्ष भर देश के नाट्य मंचनों में से पांच का चुनाव किया जाता है। विवेचना ग्रुप का यह 29 वां राष्ट्रीय नाटक समारोह 2 से 6 नवंबर तक पांच दिवसीय नाट्य समारोह आयोजित किया जा रहा है।

इस समारोह में अलग-अलग रंगो के नाटकों का मंचन होगा। पहले दिन 2 नवंबर को समागम रंग मंडल जबलपुर के कलाकार युवा निर्देशक स्वामी दुबे के निर्देशन में भूमि नाटक का मंचन किया जाएगा। अर्जुन और चित्रांगदा के मिलन और वियोग के बीच स्त्री की पहचान की कहानी पर आधारित नाटक होगा। यह भूमि नाटक देश के आठ प्रतिष्ठित मंचों पर मंचित किया जा चुका है। 3 नवंबर को दर्पण लखनऊ द्वारा सुखदीप राहा के निर्देशन में आखिरी वसंत नाटक का मंचन किया जाएगा। तीसरे दिन 4 नवंबर को अंक मुंबई के कलाकार हमारी नीता की शादी नाटक का मंचन करेंगे। इस नाटक का निर्देशन बीना बक्शी द्वारा किया जाएगा। 5 नवंबर को मुंबई के कलाकार कर्ण नाटक का मंचन करेंगे और इसका निर्देशन कुलविंदर बक्शी द्वारा किया जाएगा। पांच दिवसीय नाट्य समारोह के अंतिम दिन 6 नवंबर को अभिनव रंग मंडल उज्जैन के कलाकारों द्वारा एक इंस्पेक्टर की वापसी नाटक का मंचन किया जाएगा।

इस नाटक का निर्देशन शरद शर्मा करेंगे। इस नाटक समारोह में टीवी फिल्म के अनिल रस्तोगी, मुंबई की अभिनेत्री प्रीता माथुर ठाकुर मौजूद रहेंगी। यह समारोह तरंग प्रेक्षागृह में एमपी पॉवर मैनेजमेंट कम्पनी लिमिटेड केन्द्रीय क्रीड़ा और कला परिषद के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। नाटकों का मंचन शाम 7.30 बजे से किया जायेगा। विवेचना ग्रुप के अनिल श्रीवास्तव, हिमांशु राय, बांके बिहारी ब्यौहार, मनु तिवारी, अजय धाबर्डे आदि ने सभी नाट्य प्रेमियों दर्शकों से नाट्कों को देखने का आग्रह किया है।

## राजस्थान से पकड़े गए हाथी को सौंप दिया उप्र वन विभाग को, हाइकोर्ट ने मांगा जवाब

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर बताया गया कि छतरपुर के हाथी को राजस्थान वन विभाग ने पकड़ा और उत्तर प्रदेश के मथुरा स्थित हाथी संरक्षण एवं पुनर्वास केन्द्र को सौंप दिया। चीफ जस्टिस रवि मलिमथ व जस्टिस विशाल मिश्रा की खंडपीठ ने प्रारंभिक सुनवाई के बाद वन विभाग के प्रमुख सचिव, मुख्य वन संरक्षक भोपाल, मुख्य वन मंडलाधिकारी छतरपुर, डिवीजनल फॉरेस्ट ऑफीसर मथुरा, हाथी संरक्षण एवं पुनर्वास केन्द्र मथुरा और मुख्य वन मंडलाधिकारी झालावाड़ राजस्थान को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

छतरपुर निवासी महावत रूप सिंह परिहार एवं महावत जगदीश दास गिरि ने याचिका दायर कर बताया कि हाथी पालन उनका पुश्तैनी व्यवसाय है। दिल्ली स्थित हाजी गयूर खान नमक व्यक्ति द्वारा दान पत्र के माध्यम से मकना नामक नर हाथी को याचिकाकर्ताओं को दिया गया था। अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व विनायक प्रसाद शाह ने बताया कि याचिकाकर्ताओं ने वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम की धारा 40 के तहत, मुख्य वन्य प्राणी अभिरक्षक एवं प्रधान वन संरक्षक (वन्य प्राणी) भोपाल द्वारा अनुमति प्रदान ली गई थी। वन मंडलाधिकारी छतरपुर द्वारा समय समय पर हाथी में लगाई गई चिप का भौतिक परीक्षण करके मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र जारी किए जाते रहे हैं। वर्ष 2020 में उक्त हाथी को मूमेंट के दौरान झालावा राजस्थान के क्षेत्रीय वन संरक्षक ने अवैधानिक रूप से जप्त करके मथुरा स्थित एक एनजीओ 'हाथी संरक्षण एवं पुनर्वास केंद्र' को सौंप दिया गया था। उक्त एनजीओ द्वारा मध्य प्रदेश हाईकोर्ट मे एक जनहित याचिका दाखिल करके हाथी को याचिकाकर्ताओं को अपने आधिपत्य मे रखने की दी गई अनुमति को निरस्त किए जाने की मांग की गई थी। उस याचिका में आदेश आने के पहले ही प्रधान मुख्य वन संरक्षक भोपाल द्वारा अपने से उच्च अधिकारी द्वारा दी गई अनुमति को बिना प्रक्रिया अपनाए निरस्त कर दी। इसलिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई।




## दो गांजा तस्करों को 15-15 साल की सजा

### अदालत ने दोनों पर एक-एक लाख का जुर्माना भी लगाया

**जबलपुर, देशबन्धु।** गांजा तस्करी के दो आरोपियों को एनडीपीएस के विशेष न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह की अदालत ने दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी राजेन्द्र यादव व राघवेन्द्र पांडे को पंद्रह-पंद्रह साल की सजा व एक-एक लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि बरगी पुलिस ने 16 जनवरी 2022 को गजना नाला के समीप एक ट्रक को रोक-कर उसकी तलाशी ली थी। पुलिस ने ट्रक में से 615.11 किलोग्राम गांजा बरामद किया था। आरोपी राजेन्द्र यादव व राघवेन्द्र उक्त गांजे को आंध्र प्रदेश से लोड कर लेकर आये थे, जो कि इलाहाबाद की ओर जा रहे थे। सुनवाई दौरान पेश किये गये गवाह व साक्ष्यों के मद्देनजर अदालत ने दोनों आरोपियों को उक्त सजा से दंडित किया। मामले में शासन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक अरविंद जैन ने पक्ष रखा।

## ट्रस्ट को बनाओं पक्षकार, गोपाल बाग तलैया का मामला

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट ने गोपाल बाग तलैया के अतिक्रमण के मामले में गोपाल लाल मंदिर ट्रस्ट को पक्षकार बनाने और नोटिस जरी करने के निर्देश दिये। चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमथ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने मामले पर अगली सुनवाई 30 नवंबर को निर्धारित की है।

उल्लेखनीय है कि यह अवमानना का मामला अधिवक्ता आनंद कृष्ण त्रिवेदी की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि एक जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने छह साल पहले गोपालसदन के पास स्थित गोपालबाग तलैया के अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये थे। कोई कार्रवाई न होने पर यह अवमानना याचिका दायर की गई। पिछली मर्तबा आवेदक की ओर से रिज्वाइंडर पेश कर कहा गया था कि नगर निगम ने जो रिपोर्ट पेश की है वह गलत है, क्योकि अतिक्रमण आज भी काबिज है। वहीं ननि की ओर से कहा गया था कि स्थानीय 8 घरों के निस्तार के आउटलेट से पानी तलैया में जा रहा था। निगम प्रशासन ने सभी आउटलेट स्थायी रूप से बंद कर दिये और रहवासियों को चेतावनी भी जारी की गई है कि वे अपने घरों का कचरा तलैया में नहीं डालें। मामले में मंगलवार को आगे हुई सुनवाई दौरान कोर्ट कमिश्नर श्रेयस धर्माधिकारी की ओर से रिपोर्ट पेश की गई। जिसमें कहा गया कि तलैया में जो अतिक्रमण हैं, वह निजी ट्रस्ट की जमीन पर हैं। इस पर याचिकाकर्ता अधिवक्ता आनंद कृष्ण त्रिवेदी की ओर से दलील दी गई कि दान पत्र अवैध है। ट्रस्ट एक्ट के अनुसार इस तरह की प्राचीन धरोहर को नष्ट नहीं किया जा सकता। जिसके बाद न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

## रास्तें में किये गये अतिक्रमण हटाने की करो कार्रवाई

### हाईकोर्ट ने दी तीन माह की मोहलत

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने सागर के हरपालपुर स्थित एक स्कूल के रास्ते पर अतिक्रमण किये जाने को चुनौती देने वाले मामले को गंभीरता से लिया। जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने मामले का पटाक्षेप करते हुए अनावेदकों को निर्देशित किया है कि वे तीन माह के भीतर मामले की जांच कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करे।

यह याचिका सागर निवासी आरबी बड़ौनिया की ओर से दायर की गई थी। जिसमें कहा गया था कि वह सागर निवासी है, लेकिन हरपालपुर स्थित पैतृक भवन में विगत पांच दशक से तीन स्कूलों का संचालन कर रहे है। आरोप है कि जमील खान नामक व्यक्ति ने स्कूल के रास्ते में अतिक्रमण कर लिया था। जिसकी शिकायत 19 सितंबर 2017 को संभगायुक्त से की गई थी। जिन्होंने अनुविभागीय अधिकारी को अतिक्रमण हटवाने निर्देशित किया था। आवेदक की ओर से कहा गया कि जमील खान की मृत्यु के बाद उसके परिवार से जेबुन खान, अरफान खान व सलमान खान ने अतिक्रमण जारी रखा है, जो कि शिकायत के बावजूद नहीं हटाये जा रहे। इस बीच याचिकाकर्ता ने अपना स्कूल शासन को सौंपने के अलावा शेष हिस्से में वृद्धाश्रम व बेसहरा मवेशियों के लिए आश्रय स्थल बनाने का प्रस्ताव भी शासन को सौंपा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए न्यायालय ने अनावेदकों को अतिक्रमण हटाने के निर्देश देते हुए मामले का निराकरण कर दिया। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शंकर प्रसाद सिंह ने पक्ष रखा।



## मतदाता जागरुकता रैली संपन्न

**बरगी नगर, देशबन्धु।** संकुल केंद्र में मंगलवार को स्कूली बच्चों के साथ मतदाता को जागरूक करने के लिये रैली संकुल प्राचार्य श्रीकृष्ण रायखेड़े के नेतृत्व में निकाली गई। जिसमें आसपास के ग्रामीण के साथ समस्त शिक्षक स्टाफ, बीएलओ और पंचायत कर्मी मौजूद रहे। संकुल सह समन्वयक विपिन विश्वकर्मा ने बताया कि 17 नवंबर के विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान हो, जिसके लिये जागरुकता रैली नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए विभिन्न नारे जैसे सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो के नारों के साथ ग्रामीणों को निर्भीक होकर मतदान करने का आव्हान किया गया। रैली के पश्चात सभी को शाला परिसर में मतदान करने की शपथ दिलाई गई। मतदान अनिवार्य के इस कार्यक्रम में सभी स्कूली बच्चों के साथ सेक्टर अधिकारी विवेक तिवारी, संकुल प्राचार्य श्रीकृष्ण रायखेड़े, एडीओ अनिल झरिया, जनपद सदस्य अशोक पटले, संकुल समन्वयक विपिन विश्वकर्मा, इग्नाशी मरकाम, सीमा मिश्रा, राजकुमार नेमा, सुषमा मालगाम, शिवकुमार शर्मा, नरेश कुशवाहा, सुखराम काकोड़िया, सोनू साहू, बीएलओ देवेन्द्र पटेल, मनीष तिवारी, संतोष पटेल, रोहणी झारिया सचिव रामदीन पटेल विभिन्न पंचायत के कर्मचारी सहित ग्रामीणों की उपस्थित इस कार्यक्रम में रही ।

# आशियाना ढहाने वाले से जनता नाराज



प्रथम चरण की सीसी सड़क की तस्वीर

कमानिया गेट से 40 फुट की चौड़ी सड़क बनी है जो राहुल मेडिकल तक बनते बनते चौड़ाई कम होती गई है।



द्वितीय चरण की सीसी सड़क की तस्वीर

यहां पर अतिक्रमण नहीं हुआ है, पुरानी सड़क पर नई सीसी सड़क बना दी गई एवं इन्ही धनवान सेठों को मौजूदा विधायक ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



तृतीय चरण की सीसी सड़क की तस्वीर

यहां दलित आदिवासी, पिछड़ा वर्ग के लोग निवास करते है। मुख्य सड़क चौड़ी करने यहां सड़क से लगे लगभग 45 से 50 लोगों के अतिक्रमण प्रशासन के द्वारा हटाए गए।



अतिक्रमण की समस्या को लेकर बसपा अध्यक्ष अजय अहिरवार ने धरना दिया एवं पत्रकारों के समक्ष अपनी अपनी बात रखी।

**राजेन्द्र सिंह ठाकुर**

**पाटन, देशबन्धु।** पाटन मझौली विस क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली पाटन निकाय के कमानिया गेट से चौधरी मौहल्ला तक 40 फुट चौड़ी सड़क बनना प्रस्तावित थी। जिसके लिए मौजूदा विधायक द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिये लोगों को राजी करने एक कार्यक्रम के दौरान प्रशस्ति पत्र दिये गये थे। इसके पश्चात् अतिक्रमण ढहाने का कार्य शुरू हुआ परंतु जब नगर के धनवान व्यक्तियों के अतिक्रमण हटाने की बात आई तो अपने धनवान मित्रों का अतिक्रमण साहब ने नहीं तुड़वाया और नगर परिषद पर दवाब बनाकर सड़क को उस क्षेत्र में 19 से 24 फुट में समेट दिया गया। इस तरह के खोखले विकास को सुनहरे अक्षरों में लिख दिया। यह सनसनीखेज आरोप क्षेत्र के पूर्व बसपा अध्यक्ष अजय अहिरवार ने लगाए हैं।

मीडिया से चर्चा के दौरान श्री अहिरवार ने बताया कि आज की वर्तमान स्थिति में मौजूदा विधायक का जादू ग्रामीणों की नजरों में धीरे-धीरे उतर रहा है, साथ ही हमारे क्षेत्र का विकास तितर-बितर हो गया है, इसे ठीक करने का काम अब बसपा करेगी। उन्होंने आगे बताया कि वर्तमान विधायक अपने भाषण में हमेशा कहते हैं कि मैंने आपके क्षेत्र में विकास की गंगा बहाई है लेकिन जनता जनार्दन को यह समझ नहीं आया की विकास किसका हुआ है? जनता का या फिर विधायक एवं उनके समर्थकों का?

जब अतिक्रमण को लेकर चौधरी मौहल्ला में लोगों से बात की गई तो पीड़ित रवि चौधरी ने बताया कि 40 फुट की सीसी सड़क कमानिया गेट से आशीष ब्योहारे के मकान के पास, पेट्रोल पंप तक तीन चरण में निर्मित होनी थी, जिसके पहले चरण में कमानिया गेट से राहुल मेडिकल तक निर्माण हो गया था और दूसरे चरण में राहुल मेडिकल से चौधरी मौहल्ला की मस्जिद तक सड़क बनना थी। इसी क्षेत्र में नगर के धन्ना सेठ निवास करते हैं। और इन्ही सेठों का सबसे अधिक अतिक्रमण है जिसकी वजह से ग्रामीणों का निकलना कई वर्षो से दूभर है। मौजूदा विधायक के द्वारा बिना अतिक्रमण हटाए इन सेठों को प्रशस्ति पत्र देकर इन सभी का सम्मान किया गया। वहीं दूसरे चरण की सीसी सड़क का निर्माण रोककर तीसरे चरण में सड़क निर्माण का कार्य शीघ्र गति से करके हम गरीबों के मकान ढहा दिए गए। हम दलितों को प्रशस्ति पत्र तो नहीं मिले लेकिन पुलिस की लाठी की दम पर डराया धमकाया जरूर गया।

इसी तरह रवि रजक, दयाराम चौधरी, राजू रजक, पूरन चौधरी सहित लगभग 45 से 50 गरीबों के आशियाने प्रशासन और पुलिस की लाठी के दम पर ढहा दिए गए। जब अपने धनवान मित्रों के अतिक्रमण हटाने की बारी आई तो पूरी योजना को ही दरकिनार करते हुए सीसी सड़क सिमट गई।

हमारे साथ जो अन्याय मौजूदा विधायक ने किया है उसका जवाब देने का समय अब आया है।

## सार-समाचार



### छोटी खेरमाई मंदिर में हुआ विशाल भंडारा

#### देवी जागरण में पहुंचे हजारों भक्तजन

**पनागर,देशबन्धु।** नगर की प्रसिद्ध छोटी खेरमाई मंदिर में मां शारदा परिवार द्वारा 21 फुट की मां शारदा की विशाल प्रतिमा स्थापना की गई थी आज मां की हजारों भक्त जनों ने परिक्रमा लगाते हुए पूजा अर्चना की प्रतिदिन महा आरती महा आरती भी की जा रही है कार्यक्रम के अंतिम चरण में आज विशाल भंडारा एवं देवी जागरण का आयोजन किया गया हजारों भक्त लोगों ने धर्म लाभ लिया शारदा परिवार की रवि उपाध्याय प्रदीप पटेल विमल जैन आनंद जैन मिंचू मदन तिवारी के के कुशवाहा मोनू तिवारी सुरजीत राजेंद्र गोविंदा धर्मेंद्र बीड़ी लाल दल्लू जगदीश साहू संतोष गोटिया मन यू सत्येंद्र राजकुमार रसिया सुनी त्रिपाठी सहित सैकड़ो भक्तजनों ने आयोजन में भरपूर सहयोग प्रदान किया और धर्म लाभ लिया भंडारा का विशाल आयोजन किया गया सभी लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य अर्जन किया।

### मप्र कर्मचारी कांग्रेस संगठन में रजनीश पटेल प्रदेश महामंत्री एवं प्रवीण सोनी जिला अध्यक्ष बने

**गोसलपुर,देशबन्धु।** मध्यप्रदेश कर्मचारी काँग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुनील ठाकरे ने संगठन के संरक्षक बीरेन्द्र खोंगल की अनुशंसा पर रजनीश पटेल को प्रदेश कार्यकारिणी मे प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया है एवं प्रवीण सोनी को जिलाध्यक्ष जबलपुर नियुक्त किया गया है।इनकी नियुक्ती पर संगठन के पदाधिकारियों और कर्मचारीयों ने हर्ष व्यक्त करते हुए दोनो नव नियुक्त पदाधिकारीओ को बधाई शुभकामनाये दी है।

### 47 परीक्षा केन्द्रों में 1924 छात्र देंगें स्टेट एजुकेशन अचीवमेंट सर्वे-2023 की परीक्षा

#### चयनित फील्ड इन्वेस्टीगेटर का प्रशिक्षण सम्पन्न

**सिहोरा,देशबन्धु।** आगामी 03 नवंबर को राज्य द्वारा चिह्नित



विद्यालयों ने स्टेट एजुकेशन अचीवमेंट सर्वे-2023 का आयोजन किया जाना है। इसमें सिहोरा के कुल 47 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। जिसकी तैयारी पूर्व से ही शुरू हो गई है। उक्त संबंध में पंडित विष्णु दत्त उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहोरा में विकासखंड शिक्षा अधिकारी अशोक उपाध्याय एवं बी एल सी बृजेश श्रीवास्तव , अश्वनी उपाध्याय द्वारा चयनित फील्ड इन्वेस्टीगेटर को प्रशिक्षण दिया गया।

कक्षा 3री के 580 छात्र, कक्षा 6वीं के 564 छात्र एवम कक्षा 9 वीं के 780 छात्र इस प्रकार कुल 1924 छात्र छात्राएं परीक्षा देंगें। जिसके लिए 72 पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण दिया गया। बी एस सी बृजेश श्रीवास्तव ने ट्रेनिग देते हुए सभी एफ आई को बताया कि परख परीक्षा आधारित सर्वे में सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और निजी स्कूलों को शामिल किया गया है। इन स्कूलों में हिन्दी मीडियम अंग्रेजी मीडियम और उर्दू मीडियम से कक्षा 3, 6, तथा 9 के छात्रों व उनके शिक्षकों और स्कूलों का आंकलन किया जाएगा। इसमें छात्रों को भाषा और गणित की दक्षताओं की सम्प्राप्ति का आंकलन किया जाएगा। यह सर्वे पूरे प्रदेश के चिन्हित स्कूलों में 03 नवंबर 2023 को ओ.एम.आर शीट पर आयोजित होगा। बी ई ओ अशोक उपाध्याय ने सभी से कहा कि यह परीक्षा भारत सरकार तथा एनसीईआरटी के सहयोग से संपन्न हो रहा है इसलिए यह बहुत ही महत्वपूर्ण है, यह परीक्षा विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए ज्ञान का विश्लेषण करने के लिए है ताकि छात्र की दक्षताओं का विकास करने के लिए नीति निर्माण किया जा सके। स्टेट एजुकेशनल अचीवमेंट सर्वे को परख परीक्षा का नाम दिया गया है।

## करवा चौथ,व्रत की सामग्री खरीदारी करने बाजारों में उमड़ी महिलाओं की भीड़

**पाटन देशबन्धु।** नगर में करवा चौथ के व्रत की सामग्री वाली दुकानें सज गई है। गांव से लेकर नगर में जगह जगह करवा चौथ की पूजा का सामान बिक रहा है वही पाटन नगर में भी महिलाओं के द्वारा पूजा मे लगने वाली सामग्री की खरीदी जा रही है।



नगर एवं ग्रामीण अंचलों में महिलाओ के द्वारा करवा चौथ का व्रत बड़े ही धूम धाम से मनाया जाएगा। नगर के बाजारों में नए परिधान एवं चूड़ी, ज्वेलर्स और मिष्ठान्न आदि की खरीदारी करने माताओं बहनों की भीड़ बाजारों में देखी जा रही है। दुकानों में करवा चौथ की सामग्री करवा, चलनी चुनरिया आदि सामान दो सौ रुपए से तीन सौ रुपए में आसानी से मिल रहा है वही रंग बिरंगे करवा बाजार में आकर्षण का केंद्र बने है। सुमन रजक ने बताया कि रात्रि में पूजा करने के बाद चांद को चलनी में पति के रूप में चंद्रमा का दीदार करने के बाद महिलाएं अपना व्रत खोलेंगी और बुधवार को रात्रि करीब 10 बजे चंद्रमा पूर्व दिशा से उदय होने के पश्चात पूजन किया जाएगा।

## पिता-पुत्र पर रॉड से प्राणघातक हमला

### बचाव करने आई मौसी से भी मारपीट

**गोसलपुर,देशबन्धु।** गोसलपुर थाना अंतर्गत कछपुरा गांव में पिता पुत्र पर तीन लोगों ने लोहे की रॉड से सिर पर हमला कर दिया। हमले में पिता पुत्र को गंभीर चोटें आई हैं वहीं बी बचाव करने आई मौसी के साथ भी आरोपियों ने जमकर मारपीट कर दी। पीड़ित की शिकायत पर गोसलपुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

गोसलपुर पुलिस ने बताया कि शरद पटेल निवासी कछपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह रात 9ः00 के लगभग अपने खेत से ट्रैक्टर लेकर पहुंचा और अपने कैंपस में खड़ा था। इस समय राजू पटेल गंदी-गंदी गालियां देकर हाथापाई करने लगा पीछे से शिवम पटेल हाथ में लोहे की रॉड लिए हुए पहुंचा उसके साथ राजीव पटेल का बेटा सागर भी आ गया। शिवम पटेल ने लोहे की रॉड सर के पीछे तरफ मार दी जिससे मेरे सर से खून निकलने लगा। मेरे चीखने की आवाज सुनकर पिता बारे लाल पटेल भी वहां पहुंच गए। शिवम पटेल ने मेरे पिता के माथे पर राड से हमला कर दिया, जिससे उनके माथे पर चोट लगने से खून निकलने लगा। बीच बचाव करने मेरी मौसी जान की आई तो उनके पुट्ठे पर भी राड मार दी।

आरोपी कर जांच में लिया है। बाद में बड़े-बड़े पत्थर उठाकर करने लगे जिससे काफी भीड़ लग गई। जब तक वहां पुलिस पहुंची तब तक आरोपी वहां से जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। हमले में मेरे सिर के पीछे, पिता के माथे एवं सामने तरफ और आंख में, वही मौसी के पट्टे पर चोटे आई हैं। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 324, 506, 34 के तहत मामला दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। वहीं उक्त हमले से ग्राम के लोगों में आरोपियों के प्रति आक्रोश है लोगों ने पुलिस प्रशासन से आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की हैं।

## रिश्वत मांगने वाले आरोपीगणों को कारावास एवं जुर्माना

**पन्ना, देशबन्धु।** कार्यालय जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के मीडिया प्रभारी/सहा.जिला लोक अभियोजन अधिकारी ऋषिकांत द्विवेदी के बताये अनुसार अभियोजन का प्रकरण संक्षेप में इस प्रकार है कि दिनांक 13.11.2017 को फरियादी दंगली प्रसाद कौल ने लोकायुक्त कार्यालय सागर में उपस्थित होकर इस आशय का लिखित शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया कि वह सहायक विकास विस्तार अधिकारी, जनपद पंचायत अजयगढ जिला पन्ना से दिनांक 31.03.2016 को सेवानिवृत्त हुआ है।

फरियादी का पुनरीक्षित पेंशन परिलाभों के अंतर्गत भुगतान बाबत् कार्यालय जिला पेंशन अधिकारी पन्ना द्वारा जिला कोषालय कटनी को 1,14,246/- रुपये (एक लाख चौदह हजार दो सौ छियालीस रूपये) के भुगतान हेतु भेजा गया है जिसके लिये जिला कोषालय कटनी द्वारा राशि भुगतान हेतु जनपद पंचायत अजयगढ़ से अंतिम वेतन प्रमाणपत्र दिनांक 31.03.2016 की मांग की गई है। फरियादी अंतिम वेतन प्रमाण पत्र के लिये सुधीर कुमार श्रीवास्तव, सहायक ग्रेड- 3 जनपद पंचायत अजयगढ़ से मिला और अपना अंतिम वेतन प्रमाण पत्र देने के संबंध में बात किया तो सुधीर कुमार श्रीवास्तव द्वारा अंतिम वेतन प्रमाण पत्र तैयार करके देने के एवज में 20000/- रूपये (बीस हजार रूपये) की मांग कर रहे है। फरियादी का उक्त लिखित शिकायत आवेदन पत्र प्राप्त होने पर विधिवत तस्दीक की प्रक्रियांतर्गत फरियादी को रिश्वत की वार्तालाप टेप करने हेतु दिनांक 13.11.2017 को ही एक वाईस रिकार्डर दिया गया फरियादी को दिनांक 14.11.2017 को अनावेदक से संपर्क कर रिश्वत मांग संबंधी बातचीत को रिकार्ड हेतु दिया गया।

मांग वार्ता के दौरान आरोपी फरियादी से रिश्वत लेने हेतु सहमत हुआ एवं फरियादी को 10-20 हजार रूपये लेकर बुलाया उक्त तस्दीकोपरांत विधिवत प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर ट्रेप दल का गठन किया जाकर श्री सुधीर कुमार श्रीवास्तव सहायक ग्रेड-3 जनपद पंचायत अजयगढ एवं रामकिशुन सेन जनपद सदस्य जनपद पंचायत अजयगढ जिला पन्ना को फरियादी से 5000/- रू. (पांच हजार रूपये) रिश्वत राशि प्राप्त करते हुए पकड़ा गया आरोपीगण के आधिपत्य से रिश्वत राशि बरामद की गई। जो शासकीय कर्मचारी होते हुये कदाचरण किया गया। संबंधित का कृत्य उसके कर्तव्यों के निर्वहन की दृष्टि से संरक्षणीय नहीं है। आरोपीगणों के विरूद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 7, 12, 13(1)डी, 13(2) पी.सी. एक्ट धारा 120 बी भादवि के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

## करवा चौथ व्रत आज, व्रतधारी सुहागिनें करेंगी चंद्रमा का दीदार

**गांधीग्राम,देशबन्धु।** आज कार्तिक माह कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को व्रत धारी सुहागिन महिलाओं का करवा चौथ व्रत है ।उपरोक्त व्रत कथा विषयक जानकारी में पौराणिक राघवेन्द्र त्रिपाठी एवम मनीष त्रिपाठी ने बताया कि धार्मिक कथा अनुसार करवा नाम की एक पतिव्रता स्त्री थी ।उसका पति नदी किनारे स्नान कर रहा था। तभी मगर ने उसका पैर पकड़ लिया। वह जोर-जोर से चिल्लाने लगा ।अपनी जान बचाने करवा को पुकारने लगा। करवा ने आकर धागे से मगर का मुँह बांध दिया। फिर करवा अपने पति की प्राण रक्षा हेतु यमराज के पास गई। किंतु यमराज ने कहा कि मगर की मृत्यु का समय अभी नहीं है ।मैं मंगर को नहीं मार सकता। पतिव्रता करवा ने यमराज से कहा मैं अभी तुम्हें श्राप दे कर नष्ट कर दूंगी।

फिर यमराज ने मगर का वध कर करवा के पति की प्राणों की रक्षा की। करवा ने अपने पति के प्राण बचाए ।तबसे सुहागन स्त्रियां पति की दीर्घायु हेतु करवाचौथ व्रत रखती हैं। ऐसे करेंगीपूजन- ..पूजन थाल को गोबर से लीपकर केले का पत्ता



बिछाकर भगवान शिव पार्वती व प्रथम पूज्य श्री गणेश को स्थापित करेंगी। पवित्र नदियों के जल व पंचामृत से स्नान करायेंगी।

भगवान के समक्ष गेहूं का करवा भरकर तथा श्री गणेश के सामने सात प्रकार की मिठाई चढ़ाकर पूजन कर करवा चौथ व्रत कथा कहेगी ।इसके पश्चात चल्ली में मिट्टी का दीपक जलाकर स्वच्छ नीलगगन में निकले चंद्रमा का दीदार करेंगी। जल्दी से पति परमेश्वर का दर्शन कर पति की आरती उतारकर पति के चरण पखार कर पति के हाथों मिठाई खाकर व्रत खोलें ।भगवान श्री गणेश से पति की दीर्घायु की कामना करें।

## ग्राम वासियों ने की शिकायत, आचार संहिता में धड़ल्ले से हो रहा अवैध खनन अधिकारी कर्मचारी मूक बनकर देख रहा है तमाशा

### शासन को करोड़ों का नुकसान

**गांधीग्राम,देशबन्धु।** स्थानीय ग्राम पंचायत देवनगर ग्राम देवनगर पटवारी हल्का देवनगर के खसरा नंबर 576 जोकि शासकीय पहाड़ के नाम से दर्ज है! जिस खसरे में एक बड़ा हिस्सा स्थानीय आबादी के साथ-साथ प्रधानमंत्री आवास की कॉलोनी स्थानीय नल जल योजना आदि संचालित है! उक्त आशय की शिकायत ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी सिहोरा, वन परिक्षेत्र अधिकारी सिहोरा, पुलिस थाना गोसलपुर को देते हुए बताया कि उक्त खसरे में जबलपुर का कोई सतीश यादव नाम का व्यक्ति अवैध खनन कर रहा है! उक्त लोगों द्वारा रात में मशीन एवं हाईवे लगाकर अंधाधुंध खनन किया जा रहा है जिससे क्षेत्र की शांति भंग हो रही है साथ ही साथ नियमों का पालन किए बगैर अंधाधुंध खदान करने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है!

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि इस अवैध खनन के कार्य में मिलीभगत है, जिससे शासन को करोड़ों के राजस्व की हानि हो रही है! प्रशासन के नुमांइदो की सहमति के बगैर इतना बड़ा अवैध खनन मुमकिन नहीं है! ग्रामीणों ने कहा कि उनके द्वारा प्रशासन को बार-बार अवगत कराया जा रहा है, इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अंधाधुंध अवैध खनन हो रहा है इसके बावजूद प्रशासन के कानों में जू तक नहीं रेंग रही है! अवैध करनन करने के लिए




क्षेत्र के पहाड़ों के हरे भरे वृक्षों को अधिकारियों के मनमाने आदेश के तहत काटा जा रहा है! जिसमें राष्ट्रीय वनोंपज महुआ जैसे पेड़ों को भी नहीं बक्शा जा रहा है! विदित हो की ऐसे पेड़ों को काटने की अनुमति हल्का पटवारी एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी की सहमति से न्यायिक दंडा अधिकारी द्वारा दी जाती है ! किंतु उक्त अनुमति के लिए तथ्यों को छुपा कर हल्का पटवारी और वन विभाग के कर्मचारी जर्जर पेड़ दर्शाकर अनुमति दिलाने में पेड़ों को काटने की अनुमति दिलाने में खनन माफिया की मदद कर रहे हैं! जिससे उन्हें आसानी से न्यायालय से पेड़ काटने की अनुमति मिल जाती है और उनका रास्ता साफ हो जाता है! यह खेल कमौबेस क्षेत्र के हर खदान माफिया के द्वारा किया जा रहा है, जिसमें सभी शासकीय कर्मचारी अधिकारियों की मिली भगत रहती है जिससे क्षेत्र का वातावरण दिनों दिन प्रदूषित होता जा रहा है, विदित हो की वैध खनन करने के लिए शासन के साथ-साथ ग्राम सभा की अनुमति की भी आवश्यकता होती है जिसमें आरक्षित क्षेत्र का नक्शा एवं खनन पट्टा व खनन करने वाली कंपनी का नाम माइंस ऑनर के पता खसरा नंबर रकवा आदि दर्शित किया जाता है! जो कि उक्त खनन करने वालों के द्वारा नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है! जिससे ग्रामीणों में शंका हैं ग्रामीणों ने उक्त बिंदुओं को उठाते हुए संबंधित विभागों को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है, कार्रवाई न होने पर ग्रामीणों द्वारा आंदोलन की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन सौंपते समय पूर्व सरपंच विजय पटेल, जनपद सदस्य शिवनारायण कोरी ,राम विशाल कोरी, राममिलन कुशवाहा ,अनंत राम पटेल ,अभिषेक कुशवाहा आदि मौजूद रहे!

**इनका कहना है**

अभी मैं कलेक्टर मीटिंग में हूं इस संबंध में बाद में बात करूंगा!

**धीरेंद्र सिंह**
**अनुविभागीय अधिकारी सिहोरा**

/इनका कहना है -मैं आज कोर्ट पेशी में जबलपुर न्यायालय में थी,मुझे आज ही देवनगर में अवैध खनन की जानकारी लगी है मैं शीघ्र इस पर कार्रवाई करूंगी!

**प्रियंका केवट**
**थाना प्रभारी गोसलपुर**

/इनका कहना है -वन विभाग को केवल राजस्व की लकड़ी के अवैध परिवहन करने पर कार्यवाही करने का अधिकार है, अगर अवैध परिवहन होता है तो विभाग कार्रवाई करने के लिए तत्पर है!

**जे डी पटेल**
**वन परिक्षेत्र अधिकारी सिहोरा**

## सीरिया, इराकी सीमा पर ट्रकों पर हमला

**दमिश्क।** अमेरिकी हवाई हमलों ने सीरियाई–इराकी सीमा पर सोमवार तड़के निर्माण सामग्री से भरे ट्रकों को निशाना बनाया, जिसके बाद सीरिया के पूर्वी प्रांत दीर अल–ज़ौर में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर जवाबी कार्रवाई की गई। लेबनानी अल–मायादीन टीवी द्वारा जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। रिपोर्ट के अनुसार, निर्माण सामग्री ले जा रहे सात ट्रकों को इराक की सीमा के पास पूर्वी सीरिया में अमेरिकी बमबारी का निशाना बनाया गया।

# इज़राइल ने संयुक्त राष्ट्र व वैश्विक समुदाय के तत्काल युद्धविराम के आग्रह को ठुकराया



**वाशिंगटन, (आईएएनएस)।** इजराइल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र व वैश्विक समुदाय के तत्काल युद्धविराम के आग्रह को ठुकरा दिया। उन्होंने कहा कि इजराइल युद्धविराम के लिए सहमत नहीं होगा, यह युद्ध का समय है जो 9/11 और पर्ल हार्बर के आक्रमण बाद अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के समान है। तेल अवीव से यहां पहुंच रही रिपोर्ट के अनुसार करीब 232 बंधकों को बंधक बनाने वाले आतंकवादी संगठन को कुचलने के लिए इजराइल की जमीनी सेना हमास के कब्जे वाले गाजा में दो मील तक घुस गई। इजराइल की सेना ने सोमवार रात उत्तरी गाजा में ठिकानों पर हमला करके दर्जनों हमास लड़ाकों को मार गिराया। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि इजराइली मीडिया ने देश के सैनिकों को गाजा पट्टी में लगभग दो मील अंदर एक होटल के ऊपर दिखाया। नेतन्याहू ने सोमवार को स्पष्ट कर दिया कि इज़राइल युद्धविराम के लिए सहमत नहीं होगा, जो 1941 में पर्ल हार्बर और 2001 में 11 सितंबर के आतंकवादी हमलों के बाद अमेरिका की स्थिति के समान है।

उन्होंने कहा, इजराइल हमास के साथ शत्रुता समाप्त करने के लिए सहमत नहीं होगा। उन्होंने कहा, युद्धविराम का आह्वान इजराइल के हमास के सामने आत्मसमर्पण करने, आतंकवादियों के सामने आत्मसमर्पण करने, बर्बरता के सामने आत्मसमर्पण करने के समान होगा। उन्होंने कहा, हम उन्हें इतिहास के कूड़ेदान में फेंक देंगे। यही मेरा लक्ष्य है। यही मेरी जिम्मेदारी है। इसके पहले संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी कि हफ्तों की घेराबंदी और बमबारी के बाद गाजा में नागरिक व्यवस्था टूट रही है, लोग अपने अस्तित्व के लिए आवश्यक चीजें हासिल करने को गोदामों में घुस रहे हैं। व्हाइट हाउस ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने रविवार को नेतन्याहू पर गाजा में मानवीय सहायता के प्रवाह को तत्काल बढ़ाने के लिए दबाव डाला। सीएनएन के संवाददाताओं ने कहा, हमास ने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें तीन महिलाओं को दिखाया गया है, जिनके बारे में माना जाता है कि उन्हें 7 अक्टूबर को इज़राइल पर आतंकवादी हमले के बाद से फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह ने बंदी बना लिया था। विदेश विभाग के एक प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका इजराइल पर गाजा में संचार नेटवर्क और साथ ही पानी व ईंधन की आवश्यक सेवाओं को बहाल करने के लिए दबाव डाल रहा है।

विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक प्रेस वार्ता में कहा, हमने सप्ताहांत में इज़राइल सरकार को स्पष्ट कर दिया कि संचार नेटवर्क को बहाल करने की आवश्यकता है, और हमें खुशी है कि उन्होंने ऐसा करने के लिए कदम उठाए। मिलर ने यह भी कहा कि अमेरिका गाजा को ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में बढ़ रहा है।

उधर, इजराइल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने उन रिपोर्टों को खारिज कर दिया कि इजरायल हमास का पीछा करने के लिए फिलिस्तीनी लोगों को सामूहिक दंड दे रहा है, उन्होंने कहा कि समूह नागरिकों को दक्षिणी गाजा में सुरक्षित क्षेत्र में जाने से रोक रहा है। नेतन्याहू ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमास उन्हें जाने से रोक रहा है, उन्हें संघर्ष वाले क्षेत्रों में रख रहा है। इसलिए मुझे लगता है कि आपको अपने सवाल हमास से पूछना चाहिए।

नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल गाजा में नागरिकों को दक्षिण में एक सुरक्षित क्षेत्र में जाने के लिए कहकर और मानवीय सहायता प्रदान करके नागरिक हताहतों को रोकने की कोशिश कर रहा है उन्होंने कहा, हमें नागरिक हताहतों को कम करने के लिए हर संभव प्रयास करना होगा, लेकिन हम लड़ाई नहीं छोड़ सकते। उन्होंने कहा कि उनके और अन्य सभ्य देशों का भविष्य इस पर निर्भर करता है।

## आज का इतिहास

1755 – पुर्तग़ाल की राजधानी लिस्बन में भूकंप से 50 हजार से ज्यादा लोगों की मौत।
1765 – ब्रिटेन के उपनिवेशों में स्टैम्प एक्ट लागू किया गया।
1800 – जॉन एडम्स व्हाइट हाउस में रहने वाले अमेरिका के पहले राष्ट्रपति बने।
1858 – भारत का शासन ईस्ट इंडिया कंपनी से ब्रिटेन के शासक के पास चला गया तथा गवर्नर–जनरल की जगह अब वायसराय की नियुक्ति की जाने लगी।
1903– पनामा की जनता का संघर्ष सफल हुआ और यह देश पूर्ण रूप से स्वतंत्र हो गया।
1950 – भारत में पहला भाप इंजन चितरंजन रेल कारखाने में बनाया गया।
1956 – कर्नाटक राज्य की स्थापना।
1956 – भाषा के आधार पर मध्य प्रदेश राज्य का गठन किया गया।
1956 – राजधानी दिल्ली केन्द्र शासित राज्य बना।
1956 – केरल राज्य की स्थापना।
1956 – आंध्र प्रदेश राज्य की स्थापना।
1956 – हैदराबाद राज्य प्रशासनिक रूप से समाप्त हो गया।
1958 – तत्कालीन सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया।

## सुडोकू 6363

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 7 | | 4 | | 5 | 2 | |
| | | 5 | 7 | 2 | 1 | | | 3 |
| 3 | 1 | | | | | | 6 | |
| | | 6 | | | 4 | 1 | | 2 |
| | 2 | 1 | 6 | | 8 | 4 | 9 | |
| 5 | | 4 | 2 | | | 6 | | |
| | 5 | | | | | | 4 | 7 |
| 2 | | | 4 | 5 | 9 | 3 | | |
| | 4 | 3 | | 7 | | 8 | 5 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

### गाजा में घुसकर चौतरफा फंस गए बेंजामिन नेतन्याहू, अब मंत्रिमंडल के साथी कर रहे विरोध, हुए दो फाड़

**नई दिल्ली।** 7 अक्टूबर को हुए हमास के आतंकी हमले के जवाब में इजरायल ने भले ही युद्ध छेड़ दिया हो और गाजा पट्टी में भी जमीनी घुसपैठ कर दी हो लेकिन इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू खुद भरोसे के संकट से जूझने लगे हैं। पहले तो हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के परिजनों ने राजधानी तेल अवीव में नेतन्याहू सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया, उसके बाद खुद बंधकों ने अपने प्रधानमंत्री को भला -बुरा कहा। अब उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी भी उनसे नाराज हो गए हैं और हमास से युद्ध की आड़ में सिर्फ राजनीति करने का आरोप लगा रहे हैं। इस खटपट के बाद प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को आधी रात के ठीक बाद एक ट्वीट किया, जिसमें उन्होंने लिखा कि उन्हें 7 अक्टूबर को इजरायल पर हमास के हमले की चेतावनी के बारे में भी सूचित नहीं किया गया था। नेतन्याहू ने इसका दोष अपनी सेना और खुफिया प्रमुख पर मढ़ा। उन्होंने कहा कि हमले से पहले उन्होंने आकलन किया था कि हमास डरा हुआ है और समझौते के लिए तैयार है। 7 अक्टूबर के हमास के हमले में 1400 लोग मारे गए थे।

### चीन कंपनियों ने नक्शे से हटाया 'इजरायल' का नाम, क्या युद्ध से है कनेक्शन

हमास और इजरायल युद्ध के बीच चीनी कंपनी अलीबाबा और बैदू की तरफ से जारी ऑनलाइन नक्शे में इजरायल का नाम गायब है। खबर है कि हाल ही में चीन में इंटरनेट यूजर्स ने नक्शे से इजरायल का नाम नहीं होने की बात पर गौर किया। हालांकि, इसे लेकर चीन सरकार और कंपनियों की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। वॉल स्ट्रीट जनरल की रिपोर्ट के अनुसार, बैदू के चीनी भाषी नक्शे में फिलिस्तीनी क्षेत्रों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय रूप से मान्यता प्राप्त इजरायल की सीमाओं को दिखाया है। खास बात है कि इस नक्शे में देश का नाम शामिल नहीं किया गया है। ऐसा ही अलीबाबा के नक्शे में देखा गया। जबकि, यहां लक्समबर्ग जैसे छोटे देश भी शामिल किए गए हैं।

### इजरायल-हमास जंग में भी फायदे की फसल काट रहे पुतिन, जानें- आपदा में कैसे अवसर तलाश रहा रूस

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की दोस्ती अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में रही है। उनकी दोस्ती के कई किस्से भी चर्चा में रहे हैं लेकिन हमास-इजरायल युद्ध में दो खेमों में बंटी दुनिया ने रूस को इजरायल के खिलाफ रुख करने को विवश कर दिया। इसका नजारा तब देखने को मिला, जब 7 अक्टूबर को हमास के लड़ाकों ने इजरायल पर आतंकी हमला किया और 1400 लोगों की जान ले ली। रूस ने इस घटना पर कोई प्रतिक्रिया देने में जल्दबाजी नहीं कि लेकिन जैसे ही इजरायल ने गाजा पर जवाबी हमले शुरू किए रूस ने बिना वक्त गंवाए इजरायली कार्रवाई की कड़ी आलोचना कर दी।

## मालदीव को खतरे में डाल रहे नए राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू, आसान नहीं है भारतीय सेना को हटाना



**माले।** मलदीव के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू चीन को घोर समर्थक हैं। वहीं उन्होंने सत्ता में आते ही भारत विरोधी अजेंडा चलाना शुरू कर दिया है। सबसे पहले तो उन्होंने भारत की सेना को निकालने का फैसला कर लिया है जो कि उनके देश के लिए बेहद खतरनाक है। मालदीव एक द्वीपीय देश है जिसमें भूभाग बहुत कम है। ऐसे में मालदीव प्राकृतिक आपदाओं के साथ अन्य तरह के संकटों से भी घिरा रहता है। भारत की सेना मालदीव की सुरक्षा में भागीदार रहा है। भले ही इंडिया आउट का नारा देकर मोइज्जू ने चुनाव जीत लिए लेकिन अपनी सुरक्षा को इस तरह खतरे में डालना उनके लिए भी आसान नहीं होगा। प्राकृतिक आपदाओं से निपटने और सर्च ऑपरेशन के लिए भारत ने मालदीव को एक डोर्नियर 228 एयरक्राफ्ट और दो एचएएल ध्रुव हेलिकॉप्टर गिफ्ट किए थे।

ये हेलिकॉप्टर मेडिकल इवैकुएशन में भी मदद करते हैं। भारत अपने पड़ोसी देश को सुरक्षित रखने में पूरा योगदान दे रहा था। समुद्री सुरक्षा को लेकर भारत मालदीव का बड़ा सहयोग करता है। बीते पांच साल में मालदीव अकसर भारत के ही एयरक्राफ्ट और हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल पट्रोलिंग और सर्विलांस के लिए करता रहा है। मालदीव का समुद्र सुरक्षित रहे इसलिए भारत के हेलिकॉप्टर दिन रात उड़ान भरते रहते हैं। अवैध फिशिंग और तस्कीरी को रोकने में भी भारतीय सेना बड़ा योगदान देती है। मालदीव के जल की सुरक्षा के लिए रियल डेटा शेयरिंग की तकनीक भी भारत के मदद से ही इस्तेमाल होती है। सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन में इस्तेमाल होने वाला एसएआर एयरक्राफ्ट भी मालदीव की सेना की मदद करते हैं। मालदीव की सेना को भारतीय सेना ने तैयार भी किया है ताकि वह रियल टाइम ऑपरेशन को अंजाम दे सके। समुद्री संकट और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान भारत की ट्रेनिंग और सहायता के जरिए ही हजारों लोगों की जान बचाई गई।

### नो नेटवर्क, नो ऑक्सीजन, गॉगल्स भी बेअसर

## हमास का 'पाताल लोक' भेदने में आईडीएफ बेदम, क्यों तलाश रही नेवला?


इजरायल–हमास युद्ध का आज 25वां दिन है। इजरायली सुरक्षा बल के जवान पिछले तीन दिनों से गाजा पट्टी में जमीनी घुसपैठ के बावजूद तीन मील से अंदर आगे नहीं बढ़ सकी है। इसके पीछे की वजह हमास की अंदरूनी किलेबंदी, इजरायली बंधकों की सुरक्षा और हमास द्वारा बनाई गई सुरंगे हैं। इजरायली सुरक्षा बल के जवान इसी वजह से गाजा पट्टी में फूंक–फूंक कर कदम रख रहे हैं। उन्हें पता है कि एक चूक भारी सैन्य नुकसान करा सकता है। गाजा पट्टी में हमास ने करीब 500 किलोमीटर लंबी सुरंगे बना रखी हैं, जहां बड़े पैमाने में लैंड माइन्स विस्फोटक, हथियार और गोला–बारूद छिपाकर रखे गए हैं। ये लैंड माइन्स और सुरंगे कहां–कहां हैं, इसका अंदाजा लगा पाना आईडीएफ के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रही है। यही वजह है कि इजरायली सुरक्षा बल तेजी से आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। 2021 में इजरायली सेना ने दावा किया था कि उसने 100 किलोमीटर से ज्यादा की सुरंगे नष्ट कर दी हैं लेकिन हमास ने उससे भी ज्यादा लंबी सुरंगे बना ली हैं।



**कैसी–कैसी सुरंगें**– गाजा में हमास नेता याह्या सिनवार ने दावा किया कि गाजा पट्टी में हमास की 500 किलोमीटर लंबी सुरंगें हैं और हाल की झड़पों में उनमें से केवल पांच प्रतिशत क्षतिग्रस्त हुई हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि गाजा पट्टी में कई प्रकार की सुरंगें हैं। लेबनान के साथ उत्तरी सीमा पर, हिज़्बुल्लाह ने चट्टानों में रास्ते काटने के लिए हीरे की नोक वाली ड्रिल का इस्तेमाल कर सुरंगें बनाई हैं, जबकि, दक्षिणी सीमा पर, गाजा से मिस्र तक सुरंगों का उपयोग लंबे समय से माल की तस्करी के लिए किया जाता रहा है।

**कितनी खतरनाक हैं सुरंगें?**– सैन्य विशेषज्ञ इन सुरंगों को सैनिकों का दु: स्वप्न कहते हैं और संकरे रास्तों में प्रवेश करने के प्रति आगाह करते हैं, जिनमें ऑक्सीजन की कमी होती है और तुरंत–तुरंत मोड़ पर मोड़ होते हैं। इन सुरंगों में ना तो मोबाइल नेटवर्क काम करता है और ना ही नाइट गॉगल्स कोई असर दिखा पाता है। जब ऐसी सुरंगों में सैनिक भूमिगत हो जाते हैं तो इज़रायल की अत्याधुनिक सेना जमीन के ऊपर मिलने वाले कई उच्च–तकनीकी फायदे से वंचित हो जाते हैं। इन सुरंगों में सांसों पर भी संकट होता है, इसलिए ऑक्सीजन आपूर्ति के साथ उतरना पड़ता है। इसके अलावा रासायनिक सुरक्षात्मक मास्क भी लाना होता है क्योंकि सुरंग के अंदर केमिकल गैस का बड़ा खतरा रहता है। **सुरंगों से निबटने की इजरायली सेना की योजना क्या**– इजरायल सुरक्षा बल ने 2004 से ही ऐसी सुरंगों में प्रवेश करने, उसे साफ करने और नष्ट करने के लिए कॉम्बैट इंजीनियरिंग कोर की विशेष बल इकाई (याहलोम) की एक समर्पित उप–इकाई का गठन किया है। उसका हिब्रू नाम 'समूर' रखा गया है, जिसका अर्थ 'नेवला' होता है।


## वर्ग पहेली 6363



**बायें से दायें:**
१.जो किसी चीज का दुख–सुख उठा चुका हो, कृत भोग
३. घुड़सवार
५. नया और कोमल पत्ता, विस्तार
६. बेचैनी, छटपटाहट
७. संज्ञा शब्द के बदले प्रयुक्त हो वाला शबब्द
९. भौंरा, मिलिंद
१०. पसे क तकलीफ
१२. जहां जना या जिसे समझना आसान हो, आसान
१३. बालि–सुग्रीव के राज्य की राजधानी
१४. जलवायु (उर्दू)
१६. दया, कृपा (उर्दू)
१८. रुकना, अटकना, हठ करना
२०. सम्राट अशोक का राज्य
२१. हथी से धीरे–धीरे ठोंकना या आघात करना, थपकी देना
२३. सरस, रसीला

**ऊपर से नीचे:–**
१. भोगना, सहना, बीतना, पूरा होना
२. खाने की वस्तु
३. मौका, समय
४. रुकावट डालना, मना करना, गत, चाल बंद करना
५. पतित, गलत रास्ते पर चलने वला
८. जिसकी बड़ी महिमा हो, राज्यपाल आदि के सम्मान में प्रयुक्त शब्द
१०. विचत्र, आनोखा, अद्भुत
११. जलपान
१२. मरम्मत, दोष या खराबी दूर करने की क्रिया
१३. लकड़ी, शीशे आदि का पल्ला बंद किया जाता है
१४. हमला,
१५. बलराम
१७. रोमांचक
१८. बेहद
१९. स्वामी. पति
२२. गर्व, अभिमान (उर्दू)

### वर्ग पहेली–6362



यूसुफ़ कुरैशी, मो. 8109948408

निर्देश — *कावेरी नदी पानी को लेकर सीडब्ल्यूआरसी का कर्नाटक को निर्देश*

# तमिलनाडु को 26 सौ क्यूसेक पानी छोड़ना करें सुनिश्चित

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)। कावेरी नदी के पानी को लेकर तमिलनाडु और कर्नाटक के बीच खींचातानी का खेल जारी है। कावेरी जल विनियमन समिति (सीडब्ल्यूआरसी) की बैठक में पानी को लेकर एक फैसला किया गया है। सीडब्ल्यूआरसी ने सोमवार को जारी अपने बयान में कहा किकर्नाटक को एक नवंबर से 15 नवंबर तक।** 2600 क्यूसेक पानी छोड़ना सुनिश्चित करना होगा। सीडब्ल्यूआरसी ने अपनी 89वीं बैठक के दौरान कर्नाटक और तमिलनाडु के बीच चल रहे कावेरी नदी जल विवाद में जल आबंटन और कमी के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए। तमाम चर्चाओं के बाद कावेरी जल विनियमन समिति एक निर्णय पर पहुंची। जिसमें कर्नाटक से कहा गया कि बिलिगुंडलू में प्रवाह 2600 क्यूसेक बना रहे। कावेरी एक अंतरराज्यीय बेसिन है, जिसका उद्गम स्थल कर्नाटक है। यह नदी बंगाल की खाड़ी में गिरने से पहले तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी से होकर गुजरती है। इस नदी के पानी के बंटवारे को लेकर कर्नाटक और तमिलनाडु में पुराना विवाद है। कावेरी जल विवाद के निपटारे के लिए ही दो जून 1990 कावेरी जल विवाद अधिकरण की स्थापना की गई थी। कावेरी जल बंटवारे को लेकर कर्नाटक और तमिलनाडु सरकारों के बीच लंबे समय से खींचतान चल रही है। नदी को किसी भी राज्य में लोगों के लिए जीविका के प्रमुख स्रोत के रूप में देखा जाता है। कावेरी एक अंतरराज्यीय बेसिन है, जिसका उद्गम स्थल कर्नाटक है। यह नदी बंगाल की खाड़ी में गिरने से पहले तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी से होकर गुजरती है। इस नदी के पानी के बंटवारे को लेकर कर्नाटक और तमिलनाडु में पुराना विवाद है। विवाद के निपटारे के लिए ही दो कावेरी जल विवाद अधिकरण की स्थापना की गई थी।



- **एक नवंबर से 15 नवंबर तक छोड़ना होगा पानी**
- **विवाद के निपटारे के लिए सीडब्ल्यूडीटी का किया गया है गठन**
- **पुराना है दोनों राज्यों के बीच पानी का विवाद**

केंद्र ने तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और पुडुचेरी के बीच उनकी व्यक्तिगत जल साझाकरण क्षमताओं के संबंध में विवादों का निपटारा करने के लिए 1990 को कावेरी जल विवाद न्यायाधिकरण का गठन किया है।

# खेल जगत

## विराट 'जिम फ्रीक' तो केएल राहुल का 'शांत' व्यक्तित्व, मयंक अग्रवाल ने साझा की पुरानी यादें

नई दिल्ली। मयंक अग्रवाल ने मैदान के अंदर और बाहर भारतीय टीम के साथ अपने कुछ क्रिकेट अनुभव साझा किए। उन्होंने विराट कोहली को जिम फ्रीक और केएल राहुल को सबसे शांत व्यक्तित्व वाला खिलाड़ी बताया। आकाश चोपड़ा द्वारा होस्ट किए गए जियो सिनेमा के शो के रैपिड-फायर सेगमेंट में मयंक अग्रवाल ने पिच से परे टीम के व्यक्तित्वों, मज़ेदार आदतों और टीम के साथ अपने अनुभव के बारे में बात की। टीम में जिम फ्रीक के बारे में पूछे जाने पर मयंक ने खुद का नाम लिया, लेकिन विराट कोहली से ज्यादा नहीं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैं जिम फ्रीक हूं। शायद विराट कोहली से ज्यादा तो नहीं लेकिन मुझे निश्चित रूप से लगता है कि मैं उनमें से एक हूं। उन्होंने भारतीय तेज गेंदबाज उमरान मलिक को सबसे सोशल मीडिया एडिक्ट खिलाड़ी और विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल को टीम में सबसे शांत और संयमित व्यक्तित्व के रूप में टैग किया।



# पाक के रफ्तार के सौदागर अफरीदी, वसीम और हैरिस की त्रिमूर्ति ने बांग्लादेश को किया 204 पर ढेर

■ महमूदउल्लाह ने बांग्लादेश के लिए जड़ा अर्धशतक

**नई दिल्ली**। पाकिस्तान के रफ्तार के सौदागर शाहीन शाह अफरीदी (3/23), मोहम्मद वसीम (3/31) व हैरिस रउफ (2/36) त्रिमूर्ति ने गेंद से कहर बरपा महमूदउल्लाह के अर्द्धशतक और लिटन दास (45) और कप्तान शाकिब अल हसन (43) की उपयोगी पारियों के बावजूद बांग्लादेश को कोलकाता के ईडन गार्डन पर आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप के मैच में मात्र 45.1 ओवर में मैदान पर मंगलवार के 204 पर ढेर कर दिया। बांग्लादेश के आखिरी तीनों विकेट मोहम्मद वसीम ने चार रन के भीतर निकाले। बांग्लादेश ने टॉस जीत कर शुरू के तीन विकेट मात्र 23 रन पर गंवा दिए थे। बांए हाथ के शाहीन अफरीदी ने पहले स्पैल में बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज तंजीद हसन (0) को एलबीडब्ल्यू आउट करने के बाद नजमल हसन शांतो (5) को फॉरवर्ड स्कवॉयर लेग पर ओसामा मीर के हाथों कैच करा उसका स्कोर दो विकेट छह रन कर दिया। अफरीदी ने दूसरे स्पैल में जमकर खेल महमूदउल्लाह (56 रन ,70 रन, एक छक्का, छह चौके) को नीची रहती गेंद पर पारी के 31 वें ओवर में बोल्ड कर बांग्लादेश का स्कोर पांच विकेट पर 130 कर उसके बड़े स्कोर खड़ा करने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। महमूदउल्लाह ने आउट होने से पहले लिटन दास (45, 65 गेंद, छह चौके) के साथ चौथे विकेट के लिए 79 रन की भागीदारी की। लिटन दास पाकिस्तान के स्पिनर इफ्तिखार अहमद की गेंद को पीछे जाकर खेलने के फेर में मिड विकेट पर आगा सलमान को कैच थमा बैठे।कप्तान शाकिब अल हसन ने हैरिस रउफ की गेंद पर आगा सलमान को कैच थमाने से पहले मेहदी हसन मिराज के साथ सातवें विकेट के लिए 45 रन की बांग्लादेश की पारी की दूसरी सबसे बड़ी भागीदारी की। रउफ ने इससे पहले मुश्फिकुर रहीम (5) को विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान के हाथों कैच कराया। वहीं लेग स्पिनर ओसामा मीर ने तोहीद हृदय (7) को इफ्तिखार अहमद के हाथों पहली स्लिप में लपकवा कर अकेली कामयाबी हासिल की। वहीं मोहम्मद वसीम ने अपने सातवें ओवर में पहले मेहदी हसन मिराज(25 रन, 30 गेंद, एक छक्का, एक चौका) को और अपने अगले फिर तस्कीन अहमद (6) और मुस्तफिजुर रहमान (1) को बोल्ड कर मात्र चार के भीतर उसके आखिरी तीन विकेट चटका कर बांग्लादेश की पारी बिखेर दी।




## शाहीन अफरीदी वनडे में सबसे तेज 100 विकेट लेने वाले गेंदबाज बने

कोलकाता। पाकिस्तान के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी मंगलवार को ईडन गार्डन्स में बांग्लादेश के खिलाफ क्रिकेट विश्व कप 2023 लीग मैच के दौरान पहला विकेट लेते ही सबसे तेज 100 वनडे विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज बन गए। 23 वर्षीय खिलाड़ी ने 51 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की और ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क के 52 वनडे मैचों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। वह सकलैन मुश्ताक के रिकॉर्ड को पछाड़कर 100 वनडे विकेट लेने वाले सबसे तेज पाकिस्तानी गेंदबाज भी बन गए, जिन्होंने 53 मैचों में विकेट लिए थे।

## आईसीसी विश्वकप 2023 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | पाइंट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 6 | 6 | 0 | 0 | 12 |
| दक्षिण अफ्रीका | 6 | 5 | 1 | 0 | 10 |
| न्यूजीलैंड | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 |
| ऑस्ट्रेलिया | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 |
| अफगानिस्तान | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 |
| श्रीलंका | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 |
| पाकिस्तान | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 |
| नीदरलैंड | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 |
| बांग्लादेश | 6 | 1 | 5 | 0 | 2 |
| इंग्लैंड | 6 | 1 | 5 | 0 | 2 |

## दानिश कनेरिया ने पीसीबी पर लगाए गंभीर आरोप

**नई दिल्ली**। पूर्व स्पिनर दानिश कनेरिया ने मौजूदा विश्व कप 2023 में क्रिकेट पर कम और राजनीति पर अधिक ध्यान केंद्रित कर पाकिस्तानी खिलाड़ियों के मनोबल को कम करने के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की आलोचना की है। भारत में खेले जा रहे वर्ल्ड कप में लचर प्रदर्शन को लेकर पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को अपनी कप्तानी कौशल और अपनी बल्लेबाजी को लेकर काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है। बाबर आजम की कथित व्हाट्सएप चैट सामने आई, जिसके बाद इंजमाम-उल-हक ने राष्ट्रीय पुरुष टीम के मुख्य चयनकर्ता के पद से इस्तीफा दे दिया। दानिश कनेरिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीसीबी की आलोचना करते हुए अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, जहां एक तरफ अफगानिस्तान क्रिकेट पर अधिक और राजनीति पर कम ध्यान दे रहा है, वहीं, पाकिस्तान क्रिकेट पर कम और राजनीति पर अधिक ध्यान दे रहा है। बाबर आजम की निजी चैट लीक हो गई हैं और इंजमाम उल हक ने खिलाड़ी प्रबंधन कंपनी में उनकी कथित भागीदारी के बाद मुख्य चयनकर्ता के रूप में पद छोड़ दिया है। पाकिस्तान की टीम बुरे दौर से गुजर रही है। यह पीसीबी के साथ-साथ टीम में भी कुछ बड़े बदलावों का समय है। इस सारी उथल-पुथल के बीच, बाबर की सफेद गेंद की कप्तानी को लेकर भी संदेह बढ़ रहा है, जो मौजूदा वनडे विश्व कप में उनकी टीम के प्रदर्शन के बाद दांव पर है। पाकिस्तान इस समय टूर्नामेंट में सातवें स्थान पर है।

# विश्व कप में न्यूजीलैंड का पलड़ा दक्षिण अफ्रीका पर रहा है भारी






**पुणे** । आंकड़ों के हिसाब से आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका पर न्यूजीलैंड का पलड़ा भारी रहा है। एकदिवसीय विश्व कप मुकाबलों में दोनों टीमों के बीच आठ मैच खेले गए हैं। जिनमें से छह मुकाबलों में न्यूजीलैंड ने जीते है है और दो मैच दक्षिण अफ्रीका को जीत मिली।

आईसीसी एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप 2023 के 32वां मुकाबला दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के बीच एक नवंबर को खेला जाएगा। मौजूदा विश्वकप में न्यूजीलैंड चार मुकाबले जीते हैं और अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका को पांच मैच में जीत मिली है और वह दूसरे स्थान पर है।

न्यूजीलैंड की टीम अपने पिछले दो मुकाबले भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार चुकी है। ऐसे में सेमीफाइनल में उन्हें जगह बनाने के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबला जीतना होगा। टीम की गेंदबाजी इन दोनों मैच में अच्छी नहीं रही थी। कल का मुकाबला जितने के लिए तेज गेंदबाज मैट हेनरी और ट्रेंट बोल्ट को बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

दक्षिण अफ्रीका इस विश्व कप में अच्छी फार्म में चल रही है। उनके बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक, एडेन मार्करम और हेनरिक क्लासेन शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार देखा जाये तो विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा न्यूजीलैंड पर भारी रहा है।

आंकड़ों के अनुसार न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच 71 एकदिवसीय मुकाबले खेले गए हैं। जिसमें से न्यूजीलैंड ने 25 मुकाबलों में जीते है। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने 41 मैच अपने नाम किए हैं। पांच मैच में कोई नतीजा नहीं निकल पाया है। न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र ने पिछले 10 मैच में 59.65 की औसत से 477 रन बनाए हैं। डेरिल मिचेल के बल्ले से पिछले सात मैच में 326 रन बनाये है। एडेन मार्करम ने पिछले 10 मैच में 62.44 की औसत से 562 रन बनाए हैं। मिचेल सैंटनर ने पिछले छह मैच में 14 विकेट झटके हैं। मैट हेनरी के नाम पिछले सात मैच में 13 विकेट है। मार्को जानसन ने पिछले 10 मैच में 20 विकेट लेने वाले खिलाड़ियों पर नजर रहेगी।

# राष्ट्रीय खेलों का मेरे दिल में विशेष स्थान है : रानी रामपाल

**राष्ट्रीय खेलों का मेरे दिल में एक विशेष स्थान है। मैंने पहली बार 2007 में राष्ट्रीय खेलों में भाग लिया था और वहां मेरे प्रदर्शन के आधार पर मुझे राष्ट्रीय शिविर के लिए चुना गया था। यह वही टूर्नामेंट है जिसने मेरे लिए राष्ट्रीय टीम के दरवाजे खोले। अपने देश के लिए खेलना किसी भी खिलाड़ी के जीवन का सबसे गौरवपूर्ण क्षण होता है: रानी रामपाल**




**पणजी**। भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने कहा है कि उनका राष्ट्रीय खेलों से विशेष जुड़ाव है क्योंकि इन खेलों में उनके प्रदर्शन के कारण ही उन्हें राष्ट्रीय शिविर में जगह मिली।

भारतीय सीनियर टीम के लिए डेब्यू करने वाली सबसे कम उम्र की महिला हॉकी खिलाड़ी होने का रिकॉर्ड रखने वाली रानी को पहली बार 2007 में राष्ट्रीय टीम के लिए चुना गया था, जब वह असम के गुवाहाटी में आयोजित खेलों में सिर्फ 14 साल की थीं और उनका करियर इसके बाद तेजी से आगे बढ़ा।

28 वर्षीय खिलाड़ी ने तब से भारत के लिए 250 से अधिक मैच खेले हैं और अपने शानदार करियर के दौरान 120 से अधिक गोल किए हैं। लेकिन राष्ट्रीय खेलों का मंच अभी भी रानी के जीवन में एक विशेष स्थान रखता है। रानी अपना चौथा राष्ट्रीय खेल खेल रही है। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय खेलों का मेरे दिल में एक विशेष स्थान है। मैंने पहली बार 2007 में राष्ट्रीय खेलों में भाग लिया था और वहां मेरे प्रदर्शन के आधार पर मुझे राष्ट्रीय शिविर के लिए चुना गया था। यह वही टूर्नामेंट है जिसने मेरे लिए राष्ट्रीय टीम के दरवाजे खोले। अपने देश के लिए खेलना किसी भी खिलाड़ी के जीवन का सबसे गौरवपूर्ण क्षण होता है। लेकिन यह याद रखना हमेशा विशेष होता है कि यह सब कहां से शुरू हुआ। उन्होंने पिछले साल टोक्यो ओलंपिक खेलों में भारतीय टीम को चौथे स्थान पर पहुंचाने के तुरंत बाद गुजरात में राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा टीम का नेतृत्व किया था।

अपने राज्य की टीमों के लिए वरिष्ठ अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के खेलने के महत्व के बारे में बोलते हुए रानी ने कहा, जब हम उभरते हुए खिलाड़ी थे, तो टीम में एक वरिष्ठ अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी होने से हमें अतिरिक्त प्रेरणा मिलती थी। हरियाणा की इस टीम ने युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बनाया है और अगर मैं उपस्थिति उन्हें उत्कृष्टता हासिल करने में किसी भी तरह से मदद कर सकती है तो हॉकी के लिए इससे बेहतर योगदान क्या हो सकता है।

रानी इस बात से खुश थी कि गोवा इस साल राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी कर रहा है और उन्होंने कहा कि यह देश भर में बढ़ती खेल संस्कृति को दर्शाता है और उम्मीद है कि राज्य निकट भविष्य में अंतर्राष्ट्रीय सितारे पैदा करेगा।

## सार संक्षेप

### पेरिस 2024 क्वालीफायर को लेकर कैमरून के कोच आशावादी

**याउंडे**। मुख्य कोच जीन बैप्टिस्ट बिसेक ने कहा कि कैमरून पर कोई दबाव नहीं है और वह मंगलवार को पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों के महिला फुटबॉल क्वालीफायर में युगांडा के खिलाफ क्वालीफाई करने की उम्मीद कर रहे हैं। पिछले हफ्ते क्वालीफायर के दूसरे दौर के पहले चरण में युगांडा ने कैमरून को 2-0 से हराया। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कैमरून मंगलवार को रीयूनिफिकेशन स्टेडियम में वापसी चरण में युगांडा क्रेस्टेड क्रेन्स की मेजबानी करेगा। बिसेक ने सोमवार शाम प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मेरे पास कोई परियोजना नहीं है। हमें दबाव के बिना, दृढ़ संकल्प के साथ खेलना होगा। कैमरून के डिफेंडर इलियाने माम्बोलाम्बो ने कहा, समूह की मानसिक स्थिति को जानते हुए, मैं कहूंगा कि जीत का प्रतिशत 200 है। युगांडा के अंतरिम मुख्य कोच चार्ल्स अयीकोह लुकुला ने कहा, हमें स्कोर करना चाहिए और जब हम स्कोर कर लेते हैं तो हम बचाव करते हैं।

### पॉल स्टर्लिंग बने आयरलैंड के वाइट बॉल कप्तान

**डबलिन**। पॉल स्टर्लिंग को तत्काल प्रभाव से आयरलैंड के पुरुषों की सफेद गेंद का स्थायी कप्तान नियुक्त किया गया है, जबकि एंड्रयू बालबर्नी उनके रेड बॉल के कप्तान बने रहेंगे। स्टर्लिंग, जिन्हें एंड्रयू बालबर्नी के इस भूमिका से हटने के बाद जुलाई में अंतरिम सफेद गेंद का कप्तान नियुक्त किया गया था। उन्होंने सभी प्रारूपों (6 वनडे, 16 टी20) में 22 बार आयरलैंड का नेतृत्व किया है। स्टर्लिंग ने 376 मौकों पर आयरलैंड के लिए प्रदर्शन किया है और सभी प्रारूपों में 11,756 रन बनाए हैं, वो आयरलैंड के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। वह तीनों प्रारूपों में शतक बनाने वाले केवल 25 क्रिकेटरों में से एक हैं। अपनी स्थायी नियुक्ति के बारे में बात करते हुए स्टर्लिंग ने कहा, आयरलैंड के लिए खेलना हमेशा मेरे लिए गर्व की बात रही है और स्थायी सफेद गेंद कप्तान के रूप में पुष्टि होना एक ऐसी मान्यता है, जिसे मैं हल्के में नहीं लेता।

# अमनदीन की हैट्रिक से भारत की जूनियर हॉकी टीम न्यूजीलैंड को 6-2 से हरा सेमीफाइनल में

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली**। ड्रैग फ्लिकर अमनदीप लाकरा (दूसरे, सातवें और 35 वें मिनट) की हैट्रिक , अरुण साहनी (12 वें 53वें) के दो और पुवन्ना चंडुरा बॉबी (42 वें मिनट) के एक गोल की बदौलत मौजूदा चैंपियन भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम न्यूजीलैंड पर पूल बी में सोमवार को जोहोर बाहरू में 6-2 की धमाकेदार जीत के साथ 11 वें सुलतान ऑफ जोहोर कप 2023 में सेमीफाइनल में स्थान बनाने के साथ अपना खिताब बरकरार रखने की ओर बढ़ गई। पराजित न्यूजीलैंड की ओर से दोनों गोल ल्युक अल्ड्रेड (29 वें और 60 मिनट) ने दागे। भारत ने पाकिस्तान से अपना पहला पूल मैच तीन- तीन से ड्रॉ खेलने के बाद मेजबान मलयेशिया को 3-1 से हराया।



अमनदीप लाकरा ने मैच के दूसरे मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर अचूक और दमदार ड्रैग फ्लिक पर न्यूजीलैंडके गोलरक्षक ल्यूक एल्मस को छका गोल कर भारत की जूनियर टीम कर खाता खोला। अमनदीप लाकरा ने पांच मिनट बाद एक मिले पेनल्टी कॉर्नर पर एक और तेज फ्लिक पर गोल कर भारत की जूनियर टीम के 2-0 कर दिया। कप्तान उत्तम सिंह की अगुवाई मे मौजूदा चैंपियन भारत की अग्रिम पंक्ति ने शुरू से ही न्यूजीलैंड के गोल पर दबाव बनाया। अरुण साहनी मैच के 12 वें मिनट मे गोल कर भारत की बढ़त 3-0 कर दी। न्यूजीलैंड के ल्युक अल्ड्रेड हाफ खत्म होने से मिनट भर पहले पेनल्टी कॉर्नर पर गोल स्कोर 1-3 कर दिया। अमनदीप लाकरा ने तीसरे क्वॉर्टर के पांचवें मिनट में गोल कर भारत की बढ़त 4-1 कर दी।

अमनदीप लाकरा ने तीसरे क्वॉर्टर के पांचवें मिनट में गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी करने के साथ भारत की बढ़त 4-1 कर दी। चौथे और आखिरी क्वॉर्टर के अधबीच पुवम्मा ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर और अगले ही मिनट अरुण साहनी ने मैच काअपना दूसरा गोल कर भारत को 6-1 से आगे कर दिया। मैच के आखिरी क्षणों में न्यूजीलैंड के ल्यूक अल्ड्रेक ने तेज फ्लिक से गोल कर स्कोर 2-6कर दिया। भारत ने इस जीत के साथ सेमीफाइनल में स्थान बना लिया।

# मैंने इतने शतक बनाने के बारे में कभी नहीं सोचा था : विराट

**नई दिल्ली**। भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली सचिन तेंदुलकर के 49 शतकों के वनडे रिकॉर्ड की बराबरी करने की कगार पर हैं। उन्होंने कहा है कि इन 12 वर्षों में इतने शतक बनाने के बारे में कभी नहीं सोचा था। मौजूदा वनडे विश्व कप में कोहली का प्रदर्शन शानदार रहा और उन्होंने छह मैचों में 354 रन बनाए हैं।

जिसमें पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ एक शतक (48वां शतक) भी शामिल है। हालांकि, रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ मैच में वनडे विश्व कप के इतिहास में पहली बार शून्य पर आउट होने के बाद कोहली ने अपने वनडे विश्व कप करियर में यह अनचाहा रिकॉर्ड जोड़ दिया है। स्टार स्पोर्ट्स से खास बातचीत में कोहली ने अपने विचार रखे कि उनका करियर कैसा रहा। कोहली ने कहा, अगर हम क्रिकेट के बारे में बात करें तो मैंने कभी भी सब कुछ हासिल करने के बारे में नहीं सोचा था। इस समय जहां मेरा करियर है ऐसा मैंने कभी नहीं सोचा था। यह ऊपर वाले



की देन है जिसने मुझे इतनी लंबी अवधि के करियर से नवाजा। मैंने केवल सपना देखा था कि मैं ऐसा करूंगा, लेकिन कभी सोचा नहीं था कि चीजें इस तरह से होंगी, कोई भी इन चीजों की योजना नहीं बना सकता। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इन 12 वर्षों में इतने सारे शतक और इतने रन बना पाऊंगा। कोहली क्रिकेट करियर में सबसे तेज 26,000 रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए। उन्होंने 567 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की। अपने पूरे करियर के दौरान विराट का पूरा फोकस अपने गेम को बेहतर करने पर था।

## सुडोकू 6362 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 3 | 9 | 1 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 4 | 6 | 1 | 5 | 8 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 9 | 2 | 4 | 6 | 3 | 8 | 1 |
| 2 | 8 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 1 | 5 |
| 9 | 1 | 7 | 8 | 2 | 5 | 4 | 6 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 1 | 6 | 9 | 2 | 7 | 8 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 8 | 6 | 9 | 7 |
| 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 5 | 2 | 1 | 3 | 4 |

# [ अर्थ जगत ]

## रुपया 83.26 प्रति डॉलर के भाव पर स्थिर रहा

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया मंगलवार को 83.26 के भाव (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव के बराबर है। कमजोर घरेलू शेयर बाजारों और विदेशी कोषों की सतत निकासी से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से स्थानीय मुद्रा को थोड़ा समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.26 पर खुला और अंत में डॉलर के मुकाबले इतने ही स्तर पर बंद हुआ।



## इंडियन ऑयल का शुद्ध लाभ दूसरी तिमाही में बढ़कर 12,967 करोड़ रुपये हुआ

**नई दिल्ली।** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 12,967.3 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया, जबकि पिछले वर्ष की समान तिमाही में 272 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। चालू वित्त वर्ष में मुनाफा उच्च रिफाइनिंग मार्जिन के कारण आया है। तिमाही के दौरान कुल राजस्व 1.8 लाख करोड़ रुपये रहा। हालांकि, क्रमिक रूप से तेल विपणन दिग्गज का लाभ 5.7 प्रतिशत गिर गया, क्योंकि पिछली तिमाही (अप्रैल-जून) में इसने 13,750 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था और राजस्व में 9 प्रतिशत की गिरावट आई थी। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में इंडियन ऑयल का कुल मुनाफा 27,600 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। इंडियन ऑयल का परिणाम बीपीसीएल के वित्तीय वर्ष 23-24 की दूसरी तिमाही के लिए समेकित शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 22-23 की दूसरी तिमाही में 338 करोड़ रुपये के घाटे की तुलना में 8,244 करोड़ रुपये के साथ वापस लौटने के ठीक बाद आया है। सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ने 19,052 करोड़ रुपये का अपना अब तक का सबसे अधिक अर्धवार्षिक लाभ भी कमाया है। सरकारी तेल दिग्गजों का उच्च मुनाफा अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत है क्योंकि यह देश को वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में अचानक उछाल के झटके सहने में सक्षम बनाता है।

## गाजा की लड़ाई बढ़ी तो तेल और खाने- पीने की चीजें हो सकती हैं महंगी

### वर्ल्ड बैंक ने चेताया



*नई दिल्ली। वर्ल्ड बैंक ने चेताया है कि गाजा में संघर्ष बढ़ने और इसके पश्चिम एशिया के दूसरे हिस्सों में फैलने से कमोडिटीज के प्राइसेज में तेज उछाल आ सकता है। खासतौर से ऑयल की कीमतों में तेजी आ सकती है, जिसका असर फूड प्राइसेज पर भी पड़ सकता है। एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है, संघर्ष की शुरुआत पर कमोडिटी मार्केट्स का रुख अब तक बहुत सधा हुआ रहा है। वर्ल्ड बैंक का अनुमान है कि इस तिमाही में क्रूड ऑयल करीब 90 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड करेगा। वहीं, साल के लिए प्राइस 84 डॉलर प्रति बैरल रहने का अनुमान है।*

**ग्लोबल सप्लाई घटी तो 75 प्रतिशत तक बढ़ सकते हैं क्रूड के दाम**- रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर क्रूड की ग्लोबल सप्लाई में 6-8 पर्सेंट की गिरावट आती है तो प्राइसेज में 75 पर्सेंट तक की बढ़ोतरी हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, खराब स्थिति में कीमतें 67 डॉलर प्रति बैरल बढ़ सकती हैं या करीब 157 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच सकती हैं। संघर्ष बढ़ने का असर फूड सप्लाई पर भी पड़ सकता है और इनकी कीमतों में तेजी आ सकती है। इसके अलावा, हायर ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट की वजह से इंडस्ट्रियल मेटल्स के साथ-साथ गोल्ड की कीमतों में भी तेजी देखने को मिल सकती है। संकट के समय में गोल्ड को सेफ इनवेस्टमेंट के रूप में देखा जाता है।

**पहले से काफी अलग हैं मार्केट कंडीशंस**- इसके अलावा, कमोडिटी मार्केट आउटलुक में कहा गया है कि मौजूदा मार्केट कंडीशंस बिल्कुल अलग हैं, क्योंकि ऑयल इन्टेन्सिटी (जीडीपी की प्रति यूनिट द्वारा खपत किए गए ऑयल का वॉल्यूम ) के साथ तेल (ऑयल) पर निर्भरता घटकर 0.05 टन ऑफ ऑयल इक्विवेलेंट रह गई है, जो कि साल 1970 में 0.12 टीओई थी। रिन्यूएबल एनर्जी बढ़ने के साथ ही इसमें और गिरावट आने की उम्मीद है।

इसके अलावा, देशों के द्वारा बनाए गए स्ट्रेटेजिक रिजर्व्स, ऑयल फ्यूचर्स के डिवेलपमेंट और डायवर्सिफाइड सोर्सेज से काफी मदद मिली है।

## त्यौहारी सीजन में मंहगाई की मार!

### प्याज की बढ़ती कीमतों को रोकने के लिए सरकार ने उठाया एक और कदम

*नई दिल्ली। देश के कई राज्यों में प्याज के दाम तेजी से बढ़ रहे हैं। दिल्ली एनसीआर समेत कई शहरों में प्याज के दाम 80 रुपए किलो के आसपास बिक रहे हैं। एक हफ्ते में ही प्याज की कीमत दोगुनी हो गई है पिछले हफ्ते प्याज 35-40 रुपए किलो तक बिक रहे थे लेकिन अब प्याज के दाम 75-80 रुपए किलो तक हो गई है।*



**16 शहरों में बफर स्टॉक बेचेगी सरकार**- रिटेल विक्रेताओं ने कहा कि दिवाली से पहले डिमांड के कारण अधिकांश सब्जियां फिर से महंगी हो गई हैं। केंद्र ने त्योहारी सीजन की ऊंची मांग के बीच कीमतों को कम करने के लिए अपने भंडार से स्टॉक जारी करना शुरू कर दिया है। एक रिपोर्ट के अनुसार अधिकारियों का कहना है कि सरकार इस समय महंगाई को रोकने के लिए अपने बफर स्टॉक से लगभग 16 शहरों में प्याज बेचना जारी रखेगी। **कहां पर कितनी कीमत?**- देश की राजधानी रिटेल मार्केट में एवरेज प्याज की कीमत 80 रुपए प्रति किलो पर बिक रहा है, जो पिछले सप्ताह 60 रुपए और दो सप्ताह पहले 30 रुपए था। चंडीगढ़, कानपुर और कोलकाता जैसे अन्य शहरों में भी प्याज की कीमत समान हैं। रिटेल मार्केट के विक्रेताओं को कहना है कि वे और आगे बढ़ सकते हैं। **निर्यात शुल्क लागू किया**- सरकार ने 28 अक्टूबर को प्याज की कीमत को कम करने के लिए न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) 800 डॉलर निर्धारित किया है। सरकार का कहना है कि लागू किए गए इस शुल्क से उच्चतम कीमत से 5 से 9 फीसदी की गिरावट आई है। महाराष्ट्र में प्याज के थोक कीमत में 4.5 फीसदी की कमी आई है। **मानसून से सप्लाई पर पड़ा असर**- कमजोर मानसून के कारण जून-सितंबर महीने में प्याज के दो बड़े सप्लायर्स राज्य महाराष्ट्र और कर्नाटक में फसल को नुकसान पहुंचाया, जिससे फसल की कटाई में देरी हुई, अब इसके चलते कीमतें फिर से बढ़ गई हैं।

### कोलकाता में प्याज की कीमतें एक हफ्ते में हुई दोगुनी

**कोलकाता।** कोलकाता में प्याज की कीमतें पिछले एक हफ्ते में दोगुनी हो गई हैं और खुदरा बाजारों में प्याज 75-80 रुपये प्रति किलोग्राम पर बिक रहा है। एक हफ्ते पहले ही दरें 35 से 40 रुपये प्रति किलोग्राम के बीच थीं। कीमतों में हालिया उछाल ने खुदरा बाजार में आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण रखने के लिए गठित राज्य सरकार की टास्क फोर्स के सदस्यों को भी हैरान कर दिया है। टास्क फोर्स के एक सदस्य ने कहा, त्योहारी सीजन के कारण पिछले दो हफ्तों में कम आपूर्ति और उत्पाद की मांग में अचानक वृद्धि का दोहरा कारक खुदरा बाजारों में कीमत के अचानक दोगुना होने का कारण हो सकता है। टास्क फोर्स के सदस्यों को आशंका है कि चालू माह के दौरान प्याज की कीमत में नरमी की ज्यादा संभावना नहीं है, लेकिन आगामी काली पूजा, दिवाली और भाई फोटा (भाई दूज) त्योहारों के कारण उत्पाद की कीमत में और बढ़ोतरी की आशंका है। इस बीच, राज्य सरकार के सूत्रों ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से उत्पाद का अपना स्टॉक जारी कर खुदरा बाजारों में प्याज की कीमतों को नियंत्रण में रखने का प्रयास किया जा सकता है।

## होंडा वाहनों की बेजोड़ मजबूती व बेहतर सर्विस ने ग्राहकों को लुभाया

### त्यौहारी सीजन में ग्राहकों के लिये पेश किये आकर्षक ऑफर

*जबलपुर, देशबन्धु। त्यौहारी सीजन को लेकर ऑटोमोबाइल सेक्टर में उत्साह बढ़ता जा रहा है। पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष ऑटोसेक्टर को वाहनों की अच्छी बिक्री होने का अनुमान है। इसके अलावा ग्राहकों को लुभाने के लिए ऑटो कंपनियों ने कई आकर्षक ऑफर भी पेश किये है। इसी कड़ी में होंडा कंपनी ने भी इस वर्ष दीपावली पर्व को देखते हुए ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर पेश किये है।*

साहिल होंडा के जीएम दीपक खत्री ने बताया कि होंडा स्कूटरों और मोटरसाईकिल की बिक्री पिछले साल के मुकाबले अधिक है। जहां पितृमोक्ष के दौरान 40 प्रतिशत तक की बढ़त बिक्री में देखी गई वहीं नवरात्र पर्व पर 22 प्रतिशत की बढ़त रही। दीपावली पर्व को लेकर भी बिक्री बढ़ने की खासी उम्मीद है, करीब 25 से 30 प्रतिशत बिक्री बढ़ने का अनुमान है।



फिलहाल बाजार अच्छा है और अभी भी वाहनों की खरीद जारी है। इस बार होंडा कंपनी ने विशेष ऑफर के तहत 0 प्रतिशत डाउन पेमेंट पर फाइनेंस की सुविधा ग्राहकों को दी है। साथ ही ग्राहकों के लिए 5000 रुपये तक का कैशबैक का ऑफर वाहन खरीद पर रखा है। इसके अलावा नो हाइपोथिकेशन का ऑफर, लो रेट ऑफ इंटरेस्ट एवं नो कॉस्ट ईएमआई का ऑफर ग्राहकों को वाहन खरीद पर दिया जा रहा है। साहिल होंडा की तरफ से ग्राहकों को वाहन की हर खरीद पर निश्चित उपहार दिया जा रहा है। श्री खत्री ने बताया कि होंडा कंपनी ने मोटर साईकल के 6 मॉडल पेश किये गये है। जिसमें शाइन-100, शाइन 125, एसपी 125, हॉर्नेट, यूनिकॉर्न, 200 एक्स है । इसके अलावा नई मोटर साईकिल में 350 सीसी की हाईनेस मोटर साईकिल भी पेश की है। वहीं स्कूटर में एक्टिवा व एक्टिवा 125, डिओ पेश किये गये है। मोटरसाईकिल में शाइन एवं स्कूटर में एक्टिवा को ग्राहकों द्वारा अधिक पसंद किया जा रहा है ।

### क्या कहते हैं ग्राहक



होंडा कंपनी के वाहन हम शुरुआती दौर से ही चला रहे है और करीब 5 से 6 वाहन होंडा कंपनी के खरीद चुके है। आज फिर होंडा कंपनी के एक्टिवा स्कूटर की खरीद की है। इसकी खासियत यह है कि यह मजबूत होने के साथ सर्विस अच्छी देती है।

**- शिवराज सिंह लोधी**



पहले भी होंडा का एक्टिवा स्कूटर खरीदा था, जिसकी सर्विस अच्छी लगने के कारण आज पुनः दूसरी बार एक्टिवा स्कूटर की खरीदी की है। इसकी बॉडी मजबूत है और इसकी कीमत बजट के अनुरुप है।

**- आयुषी जैन**



होंडा की शाइन मोटर साइकिल दमदार वाहन है। इसका एवरेज व सर्विस अच्छी है वहीं मेंटेनेंस का खर्चा भी कम आता है इसलिए मैने यह मोटर साइकिल खरीदी है।

**- लकी दुबे**

## भारत में तीसरी तिमाही में सोने की मांग 10 प्रतिशत बढ़कर 210.2 टन : डब्ल्यूजीसी



**नयी दिल्ली।** भारत में चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में सोने की मांग 10 प्रतिशत बढ़कर 210.2 टन हो गई। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने यह जानकारी दी।

दुनिया में सोने के दूसरे सबसे बड़े उपभोक्ता देश भारत में सोने की कीमतों में नरमी और त्योहारी मांग के कारण इस वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में सोने की मांग बढ़ी है। डब्ल्यूजीसी के क्षेत्रीय मुख्य कार्यपालक अधिकारी (भारत) सोमसुंदरम पी. आर. ने मीडिया से कहा कि पिछली तिमाही में सोने की कीमतों में थोड़ी नरमी आई लेकिन अब इसमें तेजी आनी शुरू हो गई है। आगे दो महीनों में धनतेरस त्योहार और शादी के सीजन का असर कीमतों पर पड़ेगा। सोने की मांग पर त्रैमासिक रिपोर्ट जारी करते हुए, डब्ल्यूजीसी ने कहा कि 2023 वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में भारत की सोने की मांग बढ़कर 210.2 टन हो गई, जो एक साल पहले समान अवधि में 191.7 टन थी। रिपोर्ट के अनुसार, समीक्षाधीन तिमाही में आभूषणों की मांग सात प्रतिशत बढ़कर 146.2 टन से 155.7 टन हो गई, जबकि सोने की छड़ तथा सिक्के की मांग 20 प्रतिशत बढ़कर 45.4 टन से 54.5 टन हो गई।

## सोने में 400 रुपये की गिरावट, चांदी के दाम 300 रुपये बढ़े

*नयी दिल्ली। वैश्विक स्तर पर सोने की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोने के दाम 400 रुपये घटकर 62,050 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गए। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। सोने का भाव पिछले कारोबारी सत्र में 62,450 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था।*

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, सोने की कीमतें पिछले हफ्ते पहुंची कई महीनों के उच्चतम स्तर से नीचे बनी हुई हैं। अमेरिकी बॉन्ड का प्रतिफल बढ़ने के अलावा पश्चिम एशिया में तनाव कायम रहने का असर है। हालांकि चांदी की कीमत 300 रुपये चढ़कर 75,500 प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। विदेशी बाजारों में सोने की कीमत में गिरावट आई और यह 1,993 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर रही। वहीं चांदी तेज होकर 23.12 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर रही।



गांधी के मुताबिक, कारोबारियों का मानना है कि सोने की कीमत के सीमित दायरे में रहने की संभावना है। उन्हें ब्याज दरों में बढ़ोतरी के बारे में संकेत के लिए फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति बैठक के नतीजों का इंतजार है।

## राजकोषीय घाटा चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में बढ़कर वार्षिक लक्ष्य का 39.3 प्रतिशत रहा

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में वार्षिक लक्ष्य का 39.3 प्रतिशत रहा। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह आंकड़ा 37.3 प्रतिशत था। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) के आंकड़ों के मुताबिक, सरकार के आय एवं व्यय के बीच का अंतर यानी राजकोषीय घाटा अप्रैल-सितंबर की अवधि में वास्तविक संदर्भ में 7.02 लाख करोड़ रुपये रहा। सरकार ने आम बजट में अनुमान जताया था कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.9 प्रतिशत रहेगा। बीते वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 6.4 प्रतिशत था। आंकड़ों के मुताबिक, सरकार का कर राजस्व 11.60 लाख करोड़ रुपये रहा जो वार्षिक लक्ष्य का 49.8 प्रतिशत है। अप्रैल-सितंबर 2022-23 के दौरान शुद्ध कर संग्रह उस साल के वार्षिक बजट अनुमान (बीई) का 52.3 प्रतिशत था।



## शेयर बाजार में दो दिनों की तेजी थमी, सेंसेक्स 238 अंक फिसला



*मुंबई। विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच घरेलू शेयर बाजारों में दो सत्रों से जारी तेजी मंगलवार को थम गई और दोनों प्रमुख सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व का ब्याज दर पर फैसला आने के पहले निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से भी कारोबारी धारणा प्रभावित हुई।*

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 237.72 अंक यानी 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 63,874.93 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 300.12 अंक यानी 0.46 प्रतिशत गिरकर 63,812.53 पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी 61.30 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,079.60 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इंडसइंड बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक में प्रमुख रूप से गिरावट दर्ज की गई। दूसरी तरफ टाइटन, कोटक महिंद्रा बैंक, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी, नेस्ले और पावर ग्रिड के शेयर बढ़त लेकर बंद हुए।

एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग निचले स्तर पर बंद हुए जबकि जापान का सूचकांक निक्की बढ़त पर रहा। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में सकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहे थे।

सोमवार को अमेरिकी बाजारों में खासी बढ़त दर्ज की गई थी। इस बीच अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.93 प्रतिशत चढ़कर 88.31 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 1,761.86 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की।

## एफएसएसएआई ने दीपावली के दौरान मिलावट रोकने के लिए मिठाइयों की निगरानी बढ़ाई

*नई दिल्ली। त्योहारी सीजन दीपावली के दौरान मिलावट रोकने के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने मिठाइयों की निगरानी बढ़ा दी है। एफएसएसएआई ने देशभर में अपने 4,000 राज्यस्तरीय अधिकारियों को खुदरा मिठाई विक्रेताओं और बनाने वालों की निगरानी तेज करने का निर्देश दिया है।*



एफएसएसएआई के मुख्य कार्यपालक अधिकारी जी. कमला वर्धन राव ने मंगलवार को ईट राइट समिट 2023 से इतर मीडिया से कहा कि आमतौर पर दीपावली के अवसर पर मिठाइयों की खपत बढ़ जाती है। हमने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में अपने अधिकारियों को मिठाइयों में मिलावट की जांच के लिए निगरानी तेज करने का निर्देश दिया है। दूध और दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता की जांच करने के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) और भारतीय गुणवत्ता परिषद द्वारा संयुक्त रूप से एक राष्ट्रीय सर्वेक्षण किया जा रहा है। सर्वेक्षण में करीब 10 हजार नमूने एकत्र किए जाएंगे। यह सर्वेक्षण एक महीने में पूरा हो जाएगा।

इस बीच, एफएसएसएआई ने इस साल निगरानी नमूनों की संख्या बढ़ाकर एक लाख कर दी है, जो अगले साल बढ़कर सात लाख हो जाएगी। भारत में सबसे अधिक मिलावट दूध में की जाती है। दीपावली के त्योहार पर मिठाइयों की खपत बढ़ जाती है, जिसकी वजह से मिठाइयों में दुकानदार मिलावट करने लगते हैं।

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**

फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 13000-14000, मीडियम बोल्ड 15000-16000, फाइन 17000-17500, एकस्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7400-7600 चना दाल मार्का 7600-7800, मसूर दाल एवरेज 7800-8000, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 11000-12000, फाइन 12500-13000, उड़द धुली 11500-12500, फाइन 13000-13500, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 10000-10200, मूंगदाल धुली 10500-10800, फाइन 10800-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3400, बीपीटी चालू 3200-3400, फाइन 4000-4200,एचएमटी-5000-5300 फाइन-5500-5800 दुबराज भाटापारा 5000-5200, जेजेएल चालू 5500-6000, फाइन 6000-6500, बासमती कनकी चालू 3000-3500, बासमती कनकी मीडियम 4000-4500, बेस्ट 4500-5500, मोगरा- 4000-4500, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 10000-11000, बेस्ट 12000-12500 पोहा- 4000-4200, फाइन 4200-4400, मुरमुरा- 5800-6500, फाइन- 7000-7500, रु.- लाई- 6000-6500 रु., फाइन- 8000-8500 रु.।

**सोहन लाल एण्ड संस**

रसल चौक फोन- 9425156095

सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 62300 चांदी टंच-73000 चांदी रिफाइन -74000

**दुल्हन श्री आभूषण**

कमानिया गेट, सराफा बाजार-

मो. 9425860998,9826307100

सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 62300 चांदी टंच-73000 चांदी रिफाइन -74000

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83.25 |
| एक यूरो | 88. 37 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 101 . 20 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 52. 81 |
| एक जापानी येन | 00. 55 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 90 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 100 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-110 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -75 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070

भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6700, 6 एम एम 6700, 8 एम एम 6200, 10 एम एम 6050,12 एम एम, 6000 एवं 16 एम 6000 रु.। तार- 75 रु. किलो।

**देशबन्धु**

**ग्राहक सेवा**



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596

मो.-9424392281, 9425152707

देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

**बिना ऑपरेशन**

**डॉ. विश्वास**

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे

मो: 9827042596

देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार )
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

## सीओडी में विस्फोट...

# ठेका कर्मी के हाथ के चिथड़े उड़े, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती



**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर के केंद्रीय आयुध निर्माणियों में घटना होना शुरू से ही जांच का विषय रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को आयुध डिपो(सीओडी) में काम के दौरान एक ठेका कर्मचारी विस्फोट होने के कारण गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सूत्रों के अनुसार उक्त कर्मचारी का एक हाथ आधा उड़ गया तथा दूसरे हाथ की उंगलियों में गंभीर चोटें आयी हैं।

घायल ठेका कर्मी को मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना एएसडी क्षेत्र में हुई है। सामान्य तौर से उक्त क्षेत्र में सीओडी के कर्मचारियों को ही अनुमति के बाद प्रवेश करने की पात्रता है। उक्त ठेका कर्मी वहां कैसे पहुंचा स्पष्ट नहीं हो पाया है। सूत्रों ने बताया कि उक्त ठेका कर्मचारी से वहां घास काटने का काम कराया जा रहा था। लेकिन उस जगह पर विस्फोट कैसे हो गया यह जांच का विषय बना हुआ है।

बताया जा रहा है कि एएसडी में विभिन्न प्रकार के गोला बारूद का भंडारण किया जाता है। घटना के संबंध में कोई अधिकारी जानकारी देने के लिये उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। सीओडी के कर्मचारी भी इस घटना के संबंध में कुछ भी बताने से बच रहे हैं। फिलहाल घटना के संबंध में आधिकारिक तौर पर जांच कमेटी का गठन किया गया है। जो जल्द ही इस घटना की जांच शुरू करेगी।

# कटंगा माइनिंग कार्यालय में लोकायुक्त का छापा, होम गार्ड सैनिक और ड्राइवर 12 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर में क्षेत्रीय प्रमुख संचालनालय भौमिकी व खनिकर्म क्षेत्रीय कार्यालय में होमगार्ड सैनिक व निजी वाहन चालक को लोकायुक्त टीम ने 12 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा है। दोनों कर्मचारी गिरधारी सिंह पटैल नामक युवक से जुर्माना राशि कम कराने व केस को हल्का बनवाने के लिए उक्त रिश्वत ले रहे थे। लोकायुक्त टीम की कार्रवाई से हड़कम्प मच गया।

इस संबंध में लोकायुक्त एसपी संजय साहू ने बताया कि गिरधारी सिंह पिता स्वर्गीय प्यारेलाल पटेल उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम भडरी तहसील गोटेगांव जिला नरसिंहपुर ने 26 अक्टूबर को स्वयं के ट्रेक्टर से मानेगांव क्रेशर से 2500 रुपए की रसीद कटवाकर गिट्टी मंगवाई। इसके बाद जब ट्रेक्टर लेकर गांव के लिए रवाना हुआ। सिवनी टोला के पास ट्रैक्टर को पकड़ लिया गया। इस मामले में होमगार्ड सैनिक क्रमांक 260 नंदलाल झारिया उम्र 55 वर्ष व खनिज विभाग के निजी वाहन चालक विनोद कुमार सेन 55 वर्ष ने गिरधारी सिंह पटेल से केस हल्का बनवाने व जुर्माना राशि कम कराने के लिए 15 हजार रुपए रिश्वत की मांग की। गिरधारी सिंह ने इस बात की शिकायत सिविक सेन्टर स्थित लोकायुक्त कार्यालय पहुंचकर एसपी संजय साहू से की। इसके बाद मंगलवार को पीड़ित गिरधारी सिंह पटेल क्षेत्रीय प्रमुख संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म क्षेत्रीय कार्यालय के सामने रोड कटंगा टीवी टावर के पास पहुंच गया।

जहां पर होमगार्ड सैनिक नंदलाल झारिया व ड्राइवर विनोद कुमार सेन पहले से खड़े रहे। गिरधारी सिंह पटेल ने जैसे ही रिश्वत के 12 हजार रुपए दिए तभी लोकायुक्त डीएसपी दिलीप झरवड़े, इंस्पेक्टर रेखा प्रजापति, कमल सिंह उईके एवं 5 सदस्यीय दल ने दबिश देकर दोनों को रंगे हाथ पकड़ लिया।

# पश्चिमी विक्षोभ का असर पारा 15.2 डिग्री पर रूका



**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिमी विक्षोभ के असर से ठंड अभी जोर नहीं पकड़ पा रही है। इनकी सक्रियता में कमी आने पर पारा नीचे की तरफ खिसकेगा। फिलहाल रात का न्यूनतम तापमान 15 डिग्री के आसपास चल रहा है।

रविवार की रात यह इस सीजन में अब तक का सबसे कम 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। तो सोमवार की रात 15.2 डिग्री सेल्सियस पर थम गया। दिन का अधिकतम तापमान 31.3 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विदों की मानें तो पश्चिमी विक्षोभ के चलते अभी रात का पारा तेजी से नीचे नहीं जा पा रहा है। पश्चिमी विक्षोभ का असर कम होने के साथ ही रात का तापमान और नीचे जाएगा।

स्थानीय मौसम वेधशाला प्रवक्ता के अनुसार वर्तमान में सक्रिय डब्ल्यूडी कमजोर पड़ चुका है।

इसके असर से एक-दो दिन पारा नीचे जाएगा, फिर 1 से 3 नवंबर के बीच दूसरा डब्ल्यूडी डी सक्रिय होगा। इसके असर से छाए बादलों के कारण रात का पारा थोड़ा ऊपर चढ़ेगा, लेकिन आसमान साफ होते ही रात का पारा एक दम से गोता लगाएगा। इस वर्ष इन दिनों पड़ रही ठंड गए साल 2022 के मुकाबिले कम है।

## कोयंबटूर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की संचालन अवधि बढ़ाई



**जबलपुर, देशबन्धु।** यात्रियों की सुविधा के लिये गाड़ी संख्या 02198/02197 जबलपुर-कोयंबटूर-जबलपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन के चलने की अवधि को पुन: बढ़ाया गया है। जिसमें गाड़ी संख्या 02198 जबलपुर-कोयंबटूर साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 24 नवम्बर 2023 तक तथा गाड़ी संख्या 02197 कोयंबटूर-जबलपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 27 नवम्बर 2023 तक 04-04 ट्रिप और चलती रहेगी।

इस बढ़ी हुई अवधि के स्पेशल ट्रेन का रेलयात्री किसी भी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाइट से आरक्षण करवा सकते हैं। इस स्पेशल ट्रेन की संचालन अवधि बढ़ने से पमरे के जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी एवं हरदा स्टेशन के यात्रियों को सुविधा होगी।

# वन विभाग के ऑफिस में अहम सरकारी दस्तावेजों की चोरी

## साल 2016 से 2022 तक का राजस्व रिकॉर्ड हुआ गायब



**ग्वालियर, देशबन्धु।** ग्वालियर के डीएफओ ऑफिस में सरकारी दस्तावेजों की चोरी का मामला सामने आया है। जिले के वन मंडल अधिकारी दफ्तर के व्यय शाखा से जो दस्तावेज चोरी हुए हैं, वह वन विभाग के अहम दस्तावेज हैं। हैरानी की बात तो यह है कि ग्वालियर का डीएफओ ऑफिस शहर के सबसे पॉश इलाके सिटी सेंटर में है।

यह चोरी दफ्तर के पीछे वाले हिस्से से खिड़की काटकर की गई है, जिससे दस्तावेजों से भरे हुए करीब 25 से 30 बंडल चोरी किए गए हैं। हालांकि वन विभाग की ओर से यह भी बताया गया है कि यह सभी दस्तावेज पहले से ही ऑडिट एंट्री कर लिए गए थे। फिर भी घटना की जांच कराई जा रही है। जानकारी ऐसी भी मिली है कि जो दस्तावेज चोरी हुए हैं, उनमें जांच से जुड़ी कई अहम फाइल हैं। उनकी चोरी में विभाग के किसी कर्मचारी के शामिल होने की शंका जताई जा रही है। पुलिस ने घटना को लेकर मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। वहीं, डीएफओ अंकित पांडे ने बताया कि जो रिकॉर्ड गायब हुए वह साल 2016 से लेकर 2022 तक के हैं। सरकारी रिकॉर्ड में वन विभाग द्वारा कराए गए कामों के बदले हुए भुगतान के वाउचर हैं। इन्हीं वाउचर के माध्यम से समय-समय पर गड़बड़ी के मामले भी सामने आते रहे हैं।

चोरी की घटना के बाद दिन भर वन विभाग के अधिकारी अपने स्तर पर जांच में जुटे हैं। वहीं, अधिकारियों का मानना है कि इस पूरी चोरी की घटना में विभाग का कोई कर्मचारी शामिल हो सकता है। इसको लेकर भी विभागीय स्तर की जांच चल रही है। इस मामले में जो भी दोषी होगा उसपर कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी।

# नशा मुक्ति केंद्र में युवक के साथ दरिंदगी, प्राइवेट पार्ट में डाला लाइटर, आंते फटी

**रीवा, देशबन्धु।** रीवा के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में संचालित संकल्प नशा मुक्ति केंद्र से दिल दहला देने वाली एक घटना समाने आई है। जहां नशा मुक्ति केन्द्र में भर्ती नशे के आदि एक युवक के साथ नशा मुक्ति केंद्र के लोगों ने मानवता की सारी हदें पार कर दी। केंद्र के संचालक और कर्मचारियों ने पीड़ित के गुप्तांग में गैस चूल्हे का लाइटर डालकर उसे बुरी तरह से घायल कर दिया। जिससे पीड़ित की आंत तक फट गई। पीड़ित के शरीर से काफी मात्रा में जब खून निकला तो नशा मुक्त केंद्र के संचालक और कर्मचारियों के हाथ पैर फूल गए। नशा मुक्ति केन्द्र के कर्मचारियों ने आनन-फानन में पीड़ित को संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया, तब इस बात की जानकारी परिजनों को लगी, तो पूरे मामले का खुलासा हुआ।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत गढ़वा निवासी मुकेश मिश्रा नशे का आदि था। उसकी लत छुड़वाने के लिए परिजनों ने उसे संकल्प नशा मुक्ति केंद्र में 25 जुलाई 2021 को भर्ती कराया था, जिसको लेकर संचालक पीड़ित के परीजनों से प्रतिमाह 15 से 18 हजार रुपए तक की राशि वसूलते थे। लेकिन जब पीड़ित मुकेश की पत्नी उससे मिलने जाए तो उसे मिलने नहीं दिया जाता था और यह कह कर वापस लौटा दिया जाता था कि यहां पर सब पुरुष रहते हैं और नशा करने की वजह से उनका मानसिक संतुलन नहीं रहता। इस वजह से आप नहीं मिल सकती और ये बात कहकर परिजनों को पीड़ित से नहीं मिलने दिया जाता था। 28 अक्टूबर के दिन मुकेश मिश्रा को संजय गांधी अस्पताल में भर्ती करने के बाद नशा मुक्ति केंद्र के कर्मचारियों ने मुकेश की पत्नी को फोन करके सूचित किया कि आपके पति के पेट में दर्द है, जिस कारण हम लोगों ने उसे संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कर दिया है।

परिजनों ने जब अस्पताल पहुंच कर देखा कि मुकेश के पेट में बड़ा सा घाव है। डॉक्टर से पूछने पर डॉक्टर ने यह बताया कि मुकेश की आंते फटी हुई है, इसके गुप्तांग में किसी ने नुकीली चीज से चोट पहुंचाई है। खुद पीड़ित मुकेश मिश्रा ने नशा मुक्ति केंद्र में उसके साथ हुई बर्बरता की कहानी बताई। पीड़ित ने बताया कि नशा मुक्ति केन्द्र के संचालक विवेंद्र अवस्थी व उसका भतीजा शिवाकांत अवस्थी और कर्मचारी कैलाश तिवारी सहित अमित चतुर्वेदी ने उसके साथ काफी ज्यादती की। बीते दिनों उसकी इतनी पिटाई की गई की उसके पैरों में बुरी तरह से सूजन आ गई। उनके द्वारा की गई बर्बरता का सिलसिला यही नहीं थमा। पीड़ित के गुप्तांग में गैस जलाने वाला एक बड़ा लाइटर डाला गया, जिससे उसकी आंतें फट गई और उसके शरीर से खून बहने लगा।

पीड़ित के चचेरे भाई प्रभाकर मिश्रा ने आरोप लगाते हुए कहा कि लगभग ढाई वर्षों से हमें अपने भाई से मिलने नहीं दिया गया। हमारी भाभी भी जाती थी लेकिन उनसे मिलवाया नहीं जाता था। पीड़ित के भाई ने डॉक्टरों पर भी बड़ा गंभीर आरोप लगाया और बताया कि डॉक्टर ने पहले मुझे पाइल्स का ऑपरेशन होना बताया था, लेकिन जब हमने दबाव डालकर पूछताछ तो उन्होंने सच्चाई बता दी और कहा कि इसकी आंत का ऑपरेशन हुआ है।

पीड़ित के भाई ने पुलिस पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि हम थाने में तीन घंटे तक शिकायत लेकर खड़े रहे, लेकिन पुलिस ने हमारी एक नहीं सुनी। मैं थाना विश्वविद्यालय में बैठा रहा सब इंस्पेक्टर दिनेश यादव ने कहा कि मैं विवेचना करने के बाद मामला पंजीबद्ध करूंगा। पूरे मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह ने कहा कि एक परिजन शिकायत करने हमारे पास आए हुए थे। उन्होंने अपने भाई को 2021 के दौरान नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती किया था, उनको कल जानकारी मिली थी कि पीड़ित को अस्पताल में एडमिट किया गया है, उनके परिजनों ने नशा मुक्ति केंद्र पर कुछ गंभीर आरोप लगाए हैं। आप्रकृतिक कृत्य करने का भी आरोप लगाया है, जिसको हमने जांच में लिया है।

# जेडीए सीईओ को हाईकोर्ट का अवमानना नोटिस

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाई कोर्ट ने पूर्व आदेश का पालन न होने के मामले को सख्ती से लिया। जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने मामले में जबलपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

यह अवमानना का मामला जबलपुर निवासी भगवती भारद्वाज की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि उन्हें जेडीए की योजना क्रमांक 26 के तहत 24 सौ वर्ग फुट का भूखंड आवंटित हुआ था। कुछ लोगों ने उक्त भूखंड पर अवैधानिक रूप से कब्जा कर लिया और निर्माण भी कर लिया है। आरोप है कि कब्जाधारियों ने जेडीए के अधिकारियों से मिलीभगत कर दस्तावेजों में भी छेड़छाड़ की है। याचिकाकर्ता वयोवृद्ध महिला है और उसने इस संबंध में कई बार जेडीए के अधिकारियों को शिकायतें कीं, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई, जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई थी। न्यायालय ने पूर्व में जेडीए को निर्देशित किया था कि वे 30 दिन के भीतर याचिकाकर्ता की शिकायत नियमानुसार निराकरण करे, लेकिन निर्धारित समयावधि में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिस पर यह अवमानना याचिका दायर की गई है।

# काउंसिलिंग में चयनित मेडिकल छात्र का प्रवेश क्यों किया निरस्त

## चिकित्सा शिक्षा आयुक्त सहित अन्य से मांगा जवाब

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने नीट पीजी काउंसलिंग में चयनित मेडिकल छात्र का प्रवेश निरस्त किये जाने के मामले में जवाब तलब किया है।

चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमथ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने मामले में नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंस के डायरेक्टर, चिकित्सा शिक्षा आयुक्त और बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर के डीन को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

यह मामला भोपाल के डॉ. सिद्धांत ब्रहाने की ओर से दायर किया गया है। जिसमें



कहा गया है कि वे नीट पीजी की दूसरे राउंड की काउंसलिंग में शामिल हुए थे।

याचिकाकर्ता को बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में ईएनटी की सीट आवंटित की गई। जिसके बाद उन्होंने दो लाख रुपये की फीस जमा कर प्रवेश लिया। प्रवेश देने के एक माह बाद याचिकाकर्ता को ई-मेल पर सूचना दी गई कि वेकेन्सी चार्ट की त्रुटि के कारण उसका दाखिला अतिरिक्त सीट पर कर दिया गया था, विभाग ने उसका प्रवेश निरस्त कर दिया। जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई है।

सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

# मां ने बेटी का गला काटकर अपने गले पर चलाया चाकू, दोनों अस्पताल में भर्ती




**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा शहर के इंदिरा नगर में मंगलवार को एक दिल दहलाने वाली वारदात सामने आई है। यहां एक महिला ने अपना और अपनी बेटी का गला काटकर खुदकुशी करने की कोशिश की। घटना के बाद दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पर उनका इलाज जारी है। मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। वहीं, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार जब महिला ने अपनी बेटी का गला रेता तो उसके शोर करने पर पड़ोसी घर के अंदर आए। फिर घायल महिला और बेटी को गंभीर हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। महिला ने यह कदम क्यों उठाया, इसकी जानकारी अब तक नहीं लग पाई है। हालांकि पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार, इंदिरा नगर निवासी सुषमा पति रामु डेहरिया रविवार की सुबह अपनी 14 वर्षीय बेटी के साथ घर पर थी। पति भी किसी कार्य से बाहर गया हुआ था। इसी दौरान महिला ने एक चाकू से अपना और अपनी बेटी का गला काट लिया। बेटी ने जब शोर मचाया तो आवाज सुनकर पड़ोसी घर के अंदर आए और उन्होंने यह सारा नजारा देखा। तभी उन्होंने यह जानकारी महिला के पति को दी। उसके बाद पड़ोसियों और पति ने मिलकर दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाकर भर्ती करवाया। जहां दोनों का उपचार किया जा रहा है। सारे मामले को लेकर पुलिस का कहना है कि इस घटना को लेकर उसके परिजनों से पूछताछ जारी है। मामले की सच्चाई क्या है, इसको लेकर परिजनों के बयान लिए जा रहे हैं।

14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल/क्रीम
कमर, पीठ, गर्दन,
जोड़ों एवं घुटने का दर्द,
कंधे एवं कूल्हों का दर्द,
अंदरूनी चोट,
मोच-सूजन,
माँसपेशियों में
खिंचाव-लचकना
पिंडलियों, पंजों,
हड्डियों एवं
पसलियों में दर्द,
हाथ-पैर में झुनझुनी,
कम्पन्न, कमजोरी, जाँघों में दर्द हेतु अत्यंत
प्रभावशाली एवं गहराई तक असरकारक
५० मिली. मामजेसिक लिनिमेन्ट
लकवा रोगियों हेतु अत्यंत आवश्यक
चिपचिपाहट रहित
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल/क्रीम
सभी मेडीकल स्टोर्स में उपलब्ध
व्यवसायिक पूछताछ
9826035091

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
J.B.F.A.
मुर्गा छोटा - रु. 110
मुर्गा मीडियम - रु. 100
मुर्गा बड़ा - रु. 90
मुर्गा जम्बो - रु. 82
मो.-9039925000, 9425800409

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 86
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 96
छोटा ब्रॉयलर - रु. 106
मोबाइल नं. 9300692405

FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888
FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS
समदड़िया सिनेमा
WEDNESDAY SHOW OFFER
RS. @ 90/- (VALID WITH PURCHASE OF FOOD COUPONS)
12Th Fail 10:30 AM 01:30 PM 04:30 PM 07:30 PM 10:30 PM
Mujib The Making of Nation 10:45 PM
Mandali 11:00 AM
Tejas 10:15 AM 03:00 PM 05:30 PM 08:00 PM 10:30 PM
Ganapath 12:30 PM 06:00 PM
Leo IN HINDI 10:00 AM 01:00 PM 04:00 PM 10:15 PM
Jawan 07:00 PM
Sajini Shinde ka Viral Video 03:45 PM 08:30 PM
Yaariyan 01:15 PM

आसान किस्तों में उपलब्ध
मिश्रा इन्टरप्राइजेज
सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।
एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड
पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496